Barcode : 99999990293893
Title - Ath Vedangprakash Bhag-III
Author - Saraswati,Dayanand
Language - sanskrit
Pages - 285
Publication Year - 1961
Barcode EAN.UCC-13



॥ ओ३म् ॥

अथ वेदांगप्रकाशः

नामिकः

BOMBAY

प्रकाशक—
आर्य साहित्य मण्डल लि०, अजमेर.

ओ३म्

अथ वेदाङ्गप्रकाशः

तत्रत्यः तृतीयो भागः

नामिकः

पाणिनीयाष्टाध्यायां द्वितीयो भागः

श्रीमत्स्वामिदयानन्दसरस्वतीकृतव्याख्यासहितः

श्री पण्डित युधिष्ठिर मीमांसकेन संशोध्य टिप्पणीभिरलङ्कृतः

पठनपाठनव्यवस्थायां पंचमं पुस्तकम्


प्रकाशक—

आर्य साहित्य मण्डल लि०, अजमेर

प्रथमावृत्ति
१०००

संवत् २०१० वि०

प्रकाशक:—
आर्य साहित्य मण्डल लिमिटेड,
अजमेर.



मुद्रक:—
ओ३म् प्रसाद शिवहरे
दि पाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, अजमेर

प्रकाशकीय वक्तव्य

हमने वेदाङ्गप्रकाश के शुद्ध संस्करण प्रकाशित करने का जो उपक्रम प्रारम्भ किया है, उसके अनुसार हम सन्धिविषय आख्यातिक वर्णोच्चारण शिक्षा और धातुपाठ ये चार भाग प्रकाशित कर चुके हैं। यह नामिक* नामक पाचवां भाग भी आज पाठकों के सम्मुख उपस्थित कर रहे हैं।

हमारे इस संशोधित संस्करण में क्या विशेषताएँ हैं, यह हम सन्धि-विषय के वक्तव्य में दर्शा चुके हैं।

नामिक में नीचे दो प्रकार की टिप्पणियाँ छपी हैं, उन में कुछ ग्रन्थ-कार की हैं और कुछ श्री पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक (जिन्होंने इस का संशोधन किया है) की। दोनों में स्पष्टतया भेद झलकाने के लिये दोनों टिप्पणियों में निम्न विशेषता जाती गई है।

इस संस्कार में ग्रन्थकार की सब टिप्पणियों पर एक, दो आदि संख्या का निर्देश किया है और संशोधक की टिप्पणियों पर * † आदि चिन्ह दिया गया है। जिस पृष्ठ में दोनों प्रकार की टिप्पणियां हैं उन में पहले ग्रन्थकार की दी हैं और उसके नीचे संशोधक की। इस प्रकार दोनों की टिप्पणियों का भेद कर देने से पाठकों को किसी प्रकार का भ्रम न होगा।

इस ग्रन्थ में जितने शब्दों के रूप दिखलाये गये हैं, उन शब्दों की सूची भी इस संस्करण में दे दी है। इससे प्रत्येक शब्द की रूपसिद्धि देखने में अत्यन्त सरलता हो गई है।

आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि इस संस्करण से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अत्यन्त लाभ होगा।

प्रकाशक—

---

* नामिक ग्रन्थ के इतिहास के लिये देखो पं० युधिष्ठिरजी मीमांसक कृत 'ऋषि दयानन्द के ग्रन्थों का इतिहास' पृष्ठ १६०।


नामिक

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
नाम की व्याख्या	१	जकारान्त	५२
यौगिक योगरूढ , रूढ	२	टकारान्त	५५
जाति, गुण, क्रिया, यदृच्छा-शब्द, लिङ्ग भेद और उसकी व्याख्या	३	तकारान्त	५५
		दकारान्त	५७
		नकारान्त	५७
अकारान्त	७	पकारान्त	६६
आकारान्त	१९	भकारान्त	६७
इकारान्त	२३	रेफान्त	६७
ईकारान्त	२१	षकारान्त	६९
उकारान्त	२६	शकारान्त	७०
ऊकारान्त	२९	षकारान्त	७१
ऋकारान्त	४१	सकारान्त	७२
एकारान्त	४६	हकारान्त	७७
ओकारान्त	४७	शब्दनामसंग्रह	८१
ककारान्त	४८	वेद विषयक सामान्य नियम	१०१
ऋकारान्त	५१	लिङ्ग-व्यवस्था	१०१

नामिकान्तर्गतप्रदर्शितरूपनाम्नाम्

अकारादिक्रमेण सूचीपत्रम्



नाम	पृ०	पं०
अक्षि	२८	७
अग्नि	२३	१०
अग्रणी	३२	३
आङ्गिरस्	७२	१४
अजा	२३	४
अतिरि	२८	५
अथर्वन्	५८	१८
अदस्	९१	३
अधर	८४	१३
अनड्वह्	७८	१७
अनुष्टुभ्	६७	१२
अन्तर	८५	१
अन्य	८३	३
अन्यतर	८३	३
अप्	६६	१५,१७
अपर	८४	१३
अप्सरस्	७५	६
अभ्रस्	७५	१४
अरस्	७६	५
अर्चिस्	७६	६
अर्य	१६	५
अर्क	८१	२३
अर्यमन्	५८	१९
अर्वाच्	४८	१५
अल्प	८३	२२
अल्पीयस्	७४	२२
अवयाज्	५३	९,१८
अवर	८४	१२
अवी	३५	७
अश्मन्	५८	१७
अश्रु	३८	७
अश्ववत्	५६	१४
अष्टन्	६३	२०
असृज्	७९	१३
अस्थि	२८	६
अस्मद्	९३	८
अहन्	६२	१३
आज्यपा	२१	६
आत्मन्	५८	८
आपद्	५७	५
आयुस्	७६	५
आशिष्	७१	९
आसुरी	३४	११
आस्य	७९	१२
इतर	८३	३
इदम्	८८	४
इध्म	७०	१२
इरावत्स्	७४	१२
उत्तर	८९	१३
उदस्रुह्	७७	२२
उदक्	७९	१२
उदच् ४८	१५, ५०	९
उन्मुह्	७७	२२
उपानह्	७८	७
उपोयिवस्	७४	१९
उभ	८२	१९
उभय	८३	२
उशनस्	७२	१८
उषस्	७५	६
उष्णभोजिन्	६३	१४
ऊषिवस्	७१	१३
ऋत्विज्	५२	६
ऋभुक्षन्	५९	१०

नाम	पृ०	पं०
ऋक्षुक्षिन्	६५	९
एक	९२	१४
एकतर	८३	१६
एतद्	८७	८
एतादृश्	७०	१२
एन	७५	१४
कक्कुभ्	६७	६
कतम	८३	३
कतर	८३	३
कतिपय	८३	२३
कनीयस्	७४	२२
कन्या	२१	८
कप्	६६	१५
कमण्डलु	४१	२
कर्तृ	४५	७
कर्तृ	४४	९
कर्त्री	३४	१२
कर्मन्	६१	१२
कर्तृ	४०	९
काम	१६	१५
कारम्	३९	७
काष्ठमिद्	५७	५
किशोरी	३७	१२
कीदृश्	७०	११
कीलालपा	२१	६

नाम	पृ०	पं०
कुमारघातिन्	६३	१३
कुमारी	३३	९
कुवंत्	५६	५
कुहु	३८	१६
कूपखा	२१	५
कृष्ण	१६	१४
कृच्छ्र	४८ १६, ५०	१५
क्रोष्टु	३७	३
क्लेदन्	५८	३
क्षत्तृ	४४	७
गच्छत्	५६	५
गिर्	६७	१५
गुग्गुल्	४१	२
गुडलिह्	७७	२०
गुद	३७	२
गृह	१९	१
गो	४७	१
गोजा	२१	५
गोदृह्	७७	६
गोमत्	५६	१४
गोपा	२१	१५
ग्रन्थ	१६	१५
ग्रामणी	१२	३
घट	१६	१५
घृतपाचन्	५८	५

नाम	पृ०	पं०
घृतस्निह्	७७	२२
घृतस्पृश्	७०	११
चतस्र	४५	४,९
चतुर्	६८	१०
चन्द्रमस्	७२	५
चमू	४१	१
चरम	८३	२२
चर्मन्	६१	१२
चिरण्टी	३४	१२
छदिस्	७६	१०
छाया	२३	३
जक्षु	३८	७
जनिमन्	५८	४
जन्मन्	६१	१२
जरा	२३	५
जल	१८	१८
जातवेदस्	७२	११
जानु	३८	७
जामातृ	४३	८
जाया	२३	३
जूर	६८	७
ज्योतिस्	७६	५
तक्षन्	५८	२
	५९	१०
तत्	८६	१४

नाम	पृ०	पं०
सनु	३८	१६
सन्त्री	३५	७
सरी	३५	७
सस्थिवस्	७१	१९
साप्त	७०	१२
सिप्	६६	१५
सिस्	४५	४,९
सालु	३८	७
सूर्	६८	७
सृपस्	५५	१८
स्यद्	८५	१९
स्यात्त	७०	१२
स्रप्तु	३८	७
स्रि	३०	१
स्रितय	८४	५
स्रिष्टुभ	६७	१२
स्वच्	४८	१३
स्वष्टृ	५४	७
स्विप्	७१	७
दक्षिण	८४	१३
दक्षिन्	६३	७
दधि	२८	६
दधिक्रा	२१	५
दध्यच्	४८	१५
दन्त	७९	१२

नाम	पृ०	पं०
दद्मं	४१	२
दशन्	६४	२३
दिव्	६९	१४
दिश्	७०	६
दुहितृ	४५	३,५
दम्पू	३९	७
दृश्	७०	१२
द्यद्	५७	४
द्योष्	७९	१४
द्रविणोदस्	७२	१३
द्वि	९३	१
द्वितय	८४	५
धन	१७	१
धनवत्	५६	१४
धनिन्	६३	१३
धनुस्	७६	५
धरिमन्	५८	४
धर्म	१६	१५
	१९	५
धुर्	६८	७
धेनु	३८	९
ध्वाक्षरावित्	६३	१४
नखच्छिद्	५७	५
नदी	३४	११
नवान्त	४५	३

नाम	पृ०	पं०
नतृ	४४	७
नवन्	६४	२३
नामन्	६१	१०
नासिका	७९	१३
निशा	७९	१३
नृ	४३	९
नृचक्षस्	७२	१४
नेम	८३	१९
नेम	७३	२३
नेष्टृ	४४	७
नोधस्	७२	१४
नौ	४७	१७
न्याय	१६	१५
पचत्	५६	५
पञ्चन्	६३	२०
पट	१६	१५
पठत्	५६	१
पण्डितमानिन्	६३	१५
पति	२५	१४
पथिन्	६५	९
पविस्	७४	१९
पयी	३५	८
पयस्	७५	७
पर	८४	१२
परार्ध	१६	१६

नाम	पृ०	पं०
परमेश्वर	१६	१४
परिप्लु	३९	१
परीणह्	७८	१५
पर्णध्वस्	७४	६
पात्र	१८	१८
पाथस्	७५	१३
पाद	७९	१२
पापीयस्	७४	२२
पामन्	६१	११
पितृ	४१	५
पुनर्भू	३९	७
पुर्	६८	७
पुरुष	७	१३
पुरोधस्	७२	१४
पूर्व	८४	१२
पूषन्	५८	१९
पृषत्	५६	५
पोतृ	४४	७
प्रजा	२३	३
प्रतिदिवन्	६४	२४
प्रतिपद्	५७	५
प्राच्य	४८	१५
प्रथम	६१	२२
प्रथमजा	२१	५
प्रथिमन्	५८	४

नाम	पृ०	पं०
प्रभु	३७	२
परिज्मन्	५८	१७
प्रशास्तृ	४४	८
प्राच्	४८	१५
प्राछ्	५१	६
प्रावृस्	७१	१
प्रियचतुर्	६९	६
प्लीहन्	५८	३
बर्हिस्	७६	६
बल	१८	१८
बहुपूषन्	५८	२१
बह्वर्यमन्	५८	२१
बृहत्	५६	५
ब्रह्मन्	६२	११
ब्रह्मबन्धू	४०	११
ब्रह्मवादिन्	६३	१४
ब्राह्मणी	३४	११
भवत्	१००	८
भसद्	५७	४
भस्मन्	६१	१२
भानु	३७	२
भुर्	६८	७
भूयस्	७५	१३
भूरिदावन्	५८	५
भ्रातृ	४३	७

नाम	पृ०	पं०
भ्रूणहन्	६२	१२
मघवन्	५९	१६
मज्मन्	५८	३
मथिन्	६५	९
मध्वच्	४८	१५
मनस्	७५	१३
मरुत्	५५	१३
महत्	५६	६
महिमन्	५८	५
मातरिश्वन्	५८	१८
मातृ	४५	४
माया	२३	३
मास	७९	१२
मित्रद्रुह्	७७	२२
मिष्	६६	१५
मूर्धन्	५८	३
मेधा	२३	३
मोक्ष	१६	१५
यदिमन्	५८	४
यकृत्	७९	१४
यजुस्	७६	५
यज्ञनी	३२	४
यज्वन्	५८	१८
यद्	८७	१
यथी	३५	८

नाम	पृ०	पं०
अवभृज्	५३	८
अवमत्	५६	१४
अवीयस्	७४	१२
आतृ	४५	४
आदृश्	७०	१२
आयुज्	५३	९
आयुवन्	५९	१६
आयुष्मद्	९३	८
आयूप्	७९	१४
ऋज्रु	३८	१६
ऋवि	२५	१३
ऋाजन्	५७	९
ऋष्	७१	७
ऋेणु	३८	१७
ऐ	४६	११
ऐोमन्	६१	११
ऐोहित्	५५	१७
ऋक्ष्मी	३५	८
ऋघट	५५	१०
ऋिश्	७०	११
ऌोमन्	६१	११
वचस्	७५	१४
वधू	४१	१
वधूटी	३१	१२
वन	१८	१८

नाम	पृ०	पं०
वपुस्	७६	५
वयोधस्	७२	१४
वर्षाभू	३९	७
वस्तु	३७	१५
वस्त्र	१८	१८
वह्नि	२५	१३
वाच्	४८	१
वामोरू	४१	१
वायु	३६	९
वारि	२७	३
विद्यावत्	५६	१४
विद्वस्	७३	९
विपद्	५७	४
विष्णु	७१	६
विभु	३७	२
विराज्	५३	८
विश्	७०	११
विश्व	८२	१८
विश्वप्सन्	५८	३
विश्वभोजस्	७२	१३
विश्वम्राज्	५३	८
विश्वयशस्	७२	१३
विश्वराज्	५३	८
विश्वेदस्	७२	१३
वृक्ष	१६	१५

नाम	पृ०	पं०
वृत्रहन्	६१	१६
वृषन्	५८	१
वेद	१६	१५
वेदविद्	५७	५
वेदि	३०	१०
वेधस्	७२	१४
वेहत्	५५	१८
व्यवहार	१६	१६
व्योमन्	६१	१०
शकृत्	७९	१४
शकमन्	५८	१७
शत्रु	३७	२
शप्	६६	१५
शरद्	७७	४
शरिमन्	५८	४
शर्मन्	६१	१२
शास्त्र	१८	१८
शिव	१६	१४
शीर्षघातिन्	६३	१३
शुच्	४८	१३
सुश्रवस्	७४	१९
शोविस्	७६	६
श्मश्रु	३८	७
श्मश्रू	४१	१
श्री	३५	८

नाम	पृ०	पं०
श्रेयस्	७४	२२
श्वन्	५९	१६
षष्	७१	१३
संश्चत्	५५	१८
सहितोरू	४१	१
सक्थि	२८	६
सक्थि	२६	७
सदस्	७४	१२,२०
सप्तन्	६३	२०
सप्तन्	६५	२३
सम्पद्	५७	१
सम्राज्	५३	८
सरट्	५५	४
सरयु	३८	१६
सरस्वती	३४	११
सर्पिस्	७६	६
सर्व	८१	११

नाम	पृ०	पं०
सलिल	१८	१८
साधुकारिन्	६३	१४
सामन्	६१	१
सीमन्	६१	१०
सुग्रामन्	५८	४
सुदामन्	५८	५
सुधर्मन्	५८	१७
सुधी	३२	४
सुधीवन्	५८	५
सुप्	६६	१०
सुपर्वन्	५८	१८
सुमनस्	७५	६
सेदिवस्	७४	१९
सेनानी	३१	८
सोमपा	१९	११
सोमयाजिन	६३	१५

नाम	पृ०	पं०
स्तरी	३५	७
स्त्री	३४	१२
स्थाण्डिलशायिन्	६३	१५
स्थामन्	५८	३
स्नेहन्	५८	३
स्व	८४	२२
स्वतवस्	७५	१५
स्वधस्	७१	१५
स्वसृ	४५	३
स्वादु	२८	७
स्वृच्	४८	१३
हरित	५५	१७
हर्तृ	४४	७
हविस्	७६	६
हृदय	७९	१२
होतृ	४३	१५

ओ३म्

अथ नामिकः

यह पढ़ने पढ़ाने की व्यवस्था में पांचवां † पुस्तक है। प्रथम, सन्धिविषय को पढ़कर पश्चात् इसको पढ़ना चाहिये। नामिक इसलिए इसको कहते हैं कि इसमें सुप् के साथ नाम अर्थात् संज्ञा आदि शब्दों का विधान है, और इसी हेतु से 'नाम्नां व्याख्यानो ग्रन्थो नामिकः' यह तद्धितार्थ संगत होता है, क्योंकि यहां नामशब्द से व्याख्यान अर्थ में 'ठक्' प्रत्यय हुआ है ‡। नामवाचकों का प्रयोगसिद्धि के लिये मुनिवर पाणिनिजी ने प्रातिपदिकसंज्ञा से विधान किया है।

(प्र०) प्रातिपदिकसंज्ञा का क्या फल है ?

(उ०) सुप्, स्त्री और तद्धित प्रत्ययों का विधान होना।

(प्र०) सुप् किसका नाम है ?

(उ०) प्रथमा के एक वचन से लेके सप्तमी के बहुवचन पर्यन्त इक्कीस (२१) प्रत्ययों के संघात का।

(प्र०) सुप् के कितने अर्थ हैं ?

---

† क्रमशः वर्णोच्चारणशिक्षा, संस्कृतवाक्यबोध, व्यवहारभानु और सन्धिविषय के अनन्तर नामिक का स्थान है।

‡ द्रव्यवद्ब्राह्मणैरूपमाप्यैरुपस्थानमाख्यातार्हम्। स्वैर० १९० ॥

(उ०) सुपां कर्मादयोऽप्यर्थाः संख्या चैव तथा तिङाम् ॥ महाभाष्य अध्याय १ । पाद ४ । सू० २१ । आह्निक २ ॥

ये ग्यारह अर्थ सुप् के हैं—कर्म, कर्ता, करण, संप्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण और हेतु तथा एकत्व, द्वित्व और बहुत्व ।

(प्र०) शब्द कै प्रकार के होते हैं ?

(उ०) नाम च धातुजमाह निरुक्ते व्याकरणे शकटस्य च तोकम् । नैगमरूढिभवं हि सुसाधु ॥ महा० अ० ३ । पा० ३ । सू० १ । आ० १ ॥

तीन प्रकार के अर्थात् यौगिक, रूढ और यौगरूढ, [होते हैं] परन्तु यास्कमुनि आदि निरुक्तकार और वैयाकरणों में शाकटायनमुनि सब शब्दों को धातु से निष्पन्न अर्थात् यौगिक और यौगरूढ ही मानते [हैं] और पाणिनि आदि रूढ भी मानते हैं । परन्तु सब ऋषि मुनि वैदिक शब्दों को यौगिक और योगरूढ तथा [कई] लौकिक शब्दों में रूढ भी मानते हैं ।

(प्र०) उक्त यौगिक, रूढ और योगरूढ इन तीन प्रकार के शब्दों के क्या २ लक्षण हैं ?

(उ०) 'यौगिक' उनको कहते हैं कि जो प्रकृति और प्रत्ययार्थ तथा अवयवार्थ का प्रकाश करते हैं । जैसे—कर्ता, हर्ता, दाता, अध्येता, अध्यापक, लम्यकर्ण, शास्त्रज्ञान, कालज्ञान इत्यादि । 'रूढ' उनको कहते हैं कि जिनमें प्रकृति और प्रत्यय का अर्थ न घटता हो, किन्तु वे संज्ञाबोधक हों । जैसे—खट्वा, माला, शाला इत्यादि । 'योगरूढ' उनको कहते हैं कि जो अवयवार्थ का प्रकाश करते हुए अपने योग से किसी अर्थ में नियत हों । जैसे—दामोदर, सहोदर, पङ्कज इत्यादि ।

उक्त तीन प्रकार के शब्द नामान्तर से भी प्रसिद्ध हैं अर्थात् जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा शब्द। जातिवाचक उनको कहते हैं कि जिनका योग आकृति और बहुत व्यक्तियों के साथ हो। जाति के दो भेद हैं सामान्यजाति और सामान्यविशेषजाति। 'सामान्यजाति' उसको कहते हैं कि जिसका योग तुल्य आकृति और बहुत समान व्यक्तियों में रहता हो। जैसे—मनुष्य, पशु, पक्षी इत्यादि। 'सामान्यविशेषजाति' उसको कहते हैं कि जो पदार्थ किसी में सामान्य और किसी से विशेष हो जैसे मनुष्यादि सामान्यजातियों में स्त्री पुरुष इत्यादि, पशुओं में गौ, हस्ती, अश्व इत्यादि और पक्षियों में हंस, काक इत्यादि। गुणवाची शब्द वे हैं जो द्रव्य के आश्रित [वर्तमान गुणों के वाचक] हों। जैसे—धर्म, अधर्म, संस्कार, शुक्ल, हरित, नील, पीत, रूप, गन्ध, स्पर्श, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुःख, ज्ञान इत्यादि। क्रियाशब्द उनको कहते हैं कि जो चेष्टा अर्थात् व्यापार आदि के वाचक हों। जैसे—भवति, करोति, पचति, आस्ते, शेते इत्यादि। और यदृच्छाशब्द उनको कहते हैं कि कोई मनुष्य यथावत् बोलने में असमर्थ होकर जिनका अन्यथा उच्चारण करे। जैसे—'ऋतक' के बोलने में [असमर्थ] "लृतक" का उच्चारण करते हैं।

(प्र०) इन शब्दों के प्रयोग कितने भेदों से होते हैं?

(उ०) स्त्रीलिङ्ग, पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग इन तीनों भेदों से।

(प्र०) इन भेदों के लक्षण और प्रमाण क्या हैं?

(उ०) स्तनकेशवती स्त्री स्याल्लोमशः पुरुषः स्मृतः। उभयोरन्तरं यच्च तदभावे नपुंसकम्॥

महा० अ० ४। पा० १। सू० ३॥

जिसके बड़े बड़े लोम हों वह पुरुष, जिसके स्तन और शिर के बाल बड़े २ हों वह स्त्री और जो इन दोनों के मध्यस्थ चिह्न वाला

हो वह नपुंसक कहाता है। पुँल्लिंग के उदाहरण जैसे—पुरुषः, पुरुषौ, पुरुषा', इत्यादि। स्त्रीलिङ्ग के—अम्बा, अम्बे, अम्बाः, इत्यादि। नपुंसकलिङ्ग के—नपुंसक, नपुंसके, नपुंसकानि, इत्यादि।

(प्र०) इस प्रमाण और लक्षण से मनुष्य आदि चेतनव्यक्तियों में तो लिंगज्ञान होता है परन्तु जड पदार्थों में नहीं, क्योंकि उनमें पुरुष, स्त्री और नपुंसक के चिह्न कुछ भी नहीं देख पड़ते हैं।

(उ०) उनमें भी क्वचित् २ कुछ २ लिंगों के चिह्न देख पड़ते हैं। जैसे—भागः, भागौ, भागा, इत्यादि, यहां पुंलिंग का चिह्न 'घञ्'† खट्वा, खट्वे, खट्वा, नदी, नद्यौ, नद्यः, इत्यादि यहां स्त्रीलिंग के चिह्न 'टाप्' और 'ङीप्' ‡ ज्ञानं, ज्ञाने, ज्ञानानि, यहां 'ल्युट्' ‡ प्रत्यय नपुंसक का चिह्न है। जैसे इन शब्दों में व्याकरण की रीति से प्रत्यय लिंग के द्योतक दिखलाई देते हैं वैसे सर्वत्र वेद, निरुक्त और निघण्टु आदि में निर्देश देखकर शब्दों के लिंगों की व्याख्या यथावत् जाननी उचित है, क्योंकि:—

लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्य ॥ महा० अ० २ । पा० १ । सू० १ । आ० १ ॥

लिंगों का [पूर्ण] अनुशासन एक विशेष पुस्तक में नहीं किया जा सकता, अतः लिंगज्ञान के अर्थ वेदादि शास्त्रों [और लोक-व्यवहार] का जानना सबको आवश्यक है।

(प्र०) शब्दविषय कितना है ?

---

† 'घञपन्तः' (लिङ्गा० १६) इस सूत्र से घञन्त पुँल्लिङ्ग होता है।

‡ 'अजाद्यतष्टाप्' (सूत्रे० २) 'टिड्ढाणञ्०' (सूत्रे० १५) इन सूत्रों से स्त्रीलिङ्ग में टाप् और ङीप् होते हैं।

‡ 'भावे ल्युडन्त.' (लिङ्गा० ११९) इस सूत्र से नपुंसक होता है।

(ङ०) ससद्वीपा वसुमती, त्रयो लोकाश्चत्वारो वेदाः साङ्गाः सरहस्या बहुधाभिन्नाः। एकशतमध्वर्युशाखाः, सहस्रवर्त्मा सामवेदः, एकविंशतिधा बाह्वृच्यम्, नवधा आथर्वणो वेदः। वाकोवाक्यमितिहासः पुराणं वैद्यकमित्येतावाञ्छब्दस्य प्रयोगविषयः। एतावन्तं शब्दस्य प्रयोगविषयमनुनिशम्य सन्त्यप्रयुक्ता इति वचनं केवलं साहसमात्रमेव। यस्मिंश्चातिमहति शब्दस्य प्रयोगविषये ते ते शब्दास्तत्र तत्र नियतविषया दृश्यन्ते ॥ महा० अ० १। पा० १। पस्पशाह्निके ॥

जो मनुष्य सातद्वीपयुक्त पृथिवी, तीन लोक अर्थात् नाम जन्म और स्थान † सांगोपांग वेद अर्थात् एकसौ एक व्याख्यानयुक्त ‡ यजुः, हजार व्याख्यानयुक्त ❀ साम, इक्कीस व्याख्यानयुक्त ऋक्,

† धामानि त्रयाणि भवन्ति। स्थानानि, नामानि, जन्मानि इति। निरुक्त १। २८। धाम और लोक शब्द पर्याय हैं।

‡ (क) यहां एकसौ एक संख्या में शाखाएं और मूल संहिता दोनों सम्मिलित हैं। इसी प्रकार अगली संख्याओं में भी समझना चाहिये।

(ख) शाखाएं वेद के व्याख्यान ग्रन्थ हैं। देखो सत्यार्थप्रकाश सप्तम समुल्लास, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका वेदसंज्ञाविचारप्रकरण।

❀ पं० सत्यव्रत सामश्रमी ने ऐतरेयालोचन पृष्ठ १२७ में इस अर्थ को अशुद्ध बताया है और सामवेद की केवल १३ शाखाएं लिखी हैं। वस्तुतः पं० सत्यव्रत सामश्रमी का ही लेख अशुद्ध है। महाभारत शांतिपर्व में सामवेद की एक सहस्र शाखाएं लिखी हैं—सहस्रशाखं यत्साम। विशेष देखो, संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास पृ० ८ टि० १।

नव व्याख्यानयुक्त अथर्ववेद, वाकोवाक्य अर्थात् दर्शनशास्त्र, इतिहास, पुराणम् = साम गोपथ ब्राह्मण और वैद्यक अर्थात् चरक सुश्रुत आदि इस बहुत बड़े शब्द के विषय को देखे सुने विना कोई कहे कि [पाणिनि ने अप्रयुक्त शब्दों का निर्देश किया [है] उसका यह कहना केवल हठ और अज्ञान का भरा हुआ है, क्योंकि जिनका साधारणता से प्रयोग-विषय देखने में नहीं आता वह विद्वानों के देखने में विस्तीर्ण शब्द-विषय मे आता है।

१—अथ शब्दानुशासनम् ॥ अ० १ । १ । १ ॥

यहां 'अथ' शब्द अधिकार के लिए है। शब्दों का अनुशासन अर्थात् उनकी शिक्षा का अधिकार किया जाता है। यहां से आगे क्रम से शब्दों का विषय दिखाया जायगा।

(प्र०) शब्द का लक्षण क्या है ?

(उ०) **श्रोत्रोपलब्धिर्बुद्धिनिर्ग्राह्यः प्रयोगेणाऽभिज्वलित आकाशदेशः शब्दः ॥ २ ॥ महा० अ० १ । पा० १ । आ० २ ॥**

जिसका कानों में सुनकर बोध हो, जो बुद्धि से निरन्तर ग्रहण करने के योग्य, उच्चारण से प्रकाशित और आकाश जिसके रहने का स्थान है, वह शब्द कहाता है।

(प्र०) शब्द के कै भेद हैं ?

(उ०) चार अर्थात् नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात, इन चारों में से नाम शब्दों का व्याख्यान इस ग्रन्थ मे किया जायगा।

(प्र०) नामवाचक कौन शब्द है ?

(उ०) **सत्त्वप्रधानानि नामानि ॥**

निरु० १ । १ ॥

जो मुख्यता से सत्त्वप्रधान अर्थात् द्रव्य और गुणों के वाचक शब्द हैं, उनको नाम कहते हैं। जैसे—गौः, अश्वः, पुरुषः, इत्यादि।

(प्र०) व्याकरण में कैसे २ शब्दों का विधान किया जाता है ?

२—(उ०) समर्थः पदविधिः ॥ अ० २।१।१॥

पदविधि समर्थ के आश्रित होती है। समर्थ अर्थात् जिसके साथ जिसकी योग्यता हो उसी के साथ उसका पदकार्य होता है। जैसे—'भू-तव्यत्' यहां धातु संज्ञा के विना 'भू' शब्द प्रत्ययविधान में असमर्थ तथा 'तव्यत्' यह कृत् और प्रत्ययसंज्ञा के विना विधान होने ही में असमर्थ है। इसी प्रकार सर्वत्र समझना चाहिये। तथा जिस पद के साथ जिसकी योग्यता हो उसी से उसका समास होता है। व्याकरण में सब सूत्रों से प्रथम इस सूत्र की प्रवृत्ति होती है † तत्पश्चात् सुबन्त विषय में प्रातिपदिकसंज्ञा होती है।

[आकारान्त पुंल्लिंग पुरुष शब्द]

प्रातिपदिकसंज्ञाविधायक सूत्र।

३—अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् ॥

अ० १ । २ । ४५ ॥

यहां 'अर्थवत्' शब्द में 'मतुप्' प्रत्यय नित्ययोग में किया है, क्योंकि शब्द और अर्थ का सनातन संबन्ध है। केवल धातु [प्रत्यय] और प्रत्यय [न्त] से पृथक् [जो] अर्थवान् शब्द [है] वह प्रातिपदिक संज्ञक हो। जैसे—धन, वन इत्यादि।

४—कृत्तद्धितसमासाश्च ॥ अ० १ । २ । ४६ ॥

† सिद्धान्तकौमुदी के पढ़नेवाले 'समर्थः पदविधिः' सूत्र का सम्बन्ध केवल समासप्रकरण में मानते हैं। यह उनकी भूल है। इसी सूत्र के महाभाष्य में लिखा है—यावान् व्याकरणे पदसञ्ज्ञो नाम स समर्थः संगृहीतो भवति।

कृदन्त, तद्धितान्त और समास भी प्रातिपदिक संज्ञक हों। जैसे कृदन्त में 'अधीङ्—तृच्', तद्धित में—'उपगु—अण्', समास में—'राजन्—ङस्' पुरुष—सु' इत्यादि। अव्युत्पन्न व्युत्पन्न दोनों पक्ष में उक्त सूत्रों से प्रातिपदिक संज्ञा होती है ‡।

५—ङ्याप्प्रातिपदिकात् ॥ अ० ४। १। १ ॥

यह अधिकारसूत्र है। ङ्यन्त, आबन्त और प्रातिपादिक से स्वादिक, स्त्रीवाचक और तद्धितप्रत्यय होते हैं। उनमें से (स्वादिक) प्रत्यय यथा—

६—स्वौजसमौट्छष्टाभ्यांभिस्ङेभ्यांभ्यस्ङसिभ्यांभ्यस्ङसोसांङ्योस्सुप् ॥ अ० ४। १। २ ॥

ङ्यन्त, आबन्त और प्रातिपदिक से 'सु' आदि (१) इक्कीस २१ प्रत्यय हों।

७—सुपः ॥ अ० १। ४। १०२ ॥

सुप् प्रत्ययाहार के जो तीन २ वचन हैं वे क्रमशः एकवचन, द्विवचन और बहुवचन हों।

८—विभक्तिश्च ॥ अ० १। ४। १०३ ॥

तिङ् और सुप् के जो तीन २ वचन हैं, वे विभक्ति संज्ञक हों। अब यथाक्रम से विभक्तियों के रूप लिखते हैं—

---

१ इन्हीं प्रत्ययों के आदि 'सु' से लेकर अन्त्य 'प्' पर्यन्त का नाम 'सुप्' प्रत्याहार है।

---

‡ व्युत्पत्ति पक्ष सूत्र में संख्या १ से और अव्युत्पत्तिपक्ष में संख्या ५ से प्रातिपदिक संज्ञा होती है।

विभक्ति	एक-वचन	द्विवचन	बहु-वचन	विभक्ति	एक-वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सु	औ	जस्	पञ्चमी	ङसि	भ्याम्	भ्यस्
द्वितीया	अम्	औट्	शस्	षष्ठी	ङस्	ओस्	आम्
तृतीया	टा	भ्याम्	भिस्	सप्तमी	ङि	ओस्	सुप्
चतुर्थी	ङे	भ्याम्	भ्यस्				

इस प्रकार सातों विभक्तियों के अलग २ रूप जान लेना चाहिये ॥

६—द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने ॥अ० २।४।२२॥

दो पदार्थों के कहने की इच्छा हो तो द्विवचन और एक पदार्थ के कहने की इच्छा हो तो एकवचन हो। जैसे—पुरुष—सु, पुरुष—अ।

१०—बहुषु बहुवचनम् ॥ अ० १।४।२१ ॥

बहुत पदार्थों के कहने की इच्छा हो तो बहुवचन हो। जैसे—पुरुष-जस्। इनमें से प्रथम 'पुरुष—सु' इसका साधन, जैसे—

११—उपदेशेऽजनुनासिक इत् ॥ अ० १।३।२॥

जो उपदेश में अनुनासिक अच् है वह इत्संज्ञक हो। उपदेश यहां उसको कहते हैं जो धातु, सूत्र और गणों में पाणिन्यादि मुनियों का प्रत्यक्ष कथन है। इस सूत्र से 'सु' इसके उकार की इत्संज्ञा होकर—

१२—तस्य लोपः ॥ अ० १।३।९ ॥

जिसकी इत्संज्ञा हुई हो उसका लोप हो। लोप होकर 'पुरुष—स्' इस अवस्था में—

१३-सुप्तिङन्तं पदम् ॥ अ० १ । ४ । १४ ॥

जिसके अन्त में सुप् वा तिङ् हो उस समुदाय की पदसंज्ञा हो। इससे सु और तिप् आदि प्रत्ययान्त शब्दों की पदसंज्ञा होती है। तिङन्तों की व्याख्या आख्यातिक में लिखी जायगी। 'पुरुष-स्' इसकी पदसंज्ञा होकर पश्चात्—

१४-ससजुषोरुः ॥ अ० ८ । २ । ६६ ॥

सकारान्त पद और सजुष् शब्द के स् और ष् को रु आदेश हो। 'पुरुष-रु' इस अवस्था में रु के उकार की इत्संज्ञा (१) होकर लोप हो गया—'पुरुष—र्'।

१५-विरामोऽवसानम् ॥ अ० १ । ४ । १०९ ॥

वक्ता की उक्ति का जो विराम अर्थात् ठहरना है उसको अवसानसंज्ञा हो। जैसे—'पुरुष—र्' इससे रेफ की अवसानसंज्ञा हुई। अवसानसंज्ञा का फल—

१६-खरवसानयोर्विसर्जनीयः ॥अ० ८।३।१५॥

रेफ से परे खर् प्रत्याहार हो तो [और] अवसान में रेफ को विसर्जनीय आदेश हो। इससे रेफ के स्थान में विसर्जनीय हो के—पुरुषः। अब प्रथमा विभक्ति का द्विवचन-'पुरुष—औ'। इस अवस्था में † पूर्व पर को वृद्धि एकादेश (१) होकर-पुरुषौ सिद्ध हुआ। प्रथमा विभक्ति का बहुवचन—'पुरुष—जस्' इस अवस्था में—

---

(१) (हलन्त्या) उपदेशेऽजनुनासिक इत् [ना० ११] (लोप) तस्य लोपः [ना० १२]।

(२) (वृद्धयेकादेश) वृद्धिरेचि। सन्धि० १३४।

---

† 'पुरुष-औ' इस अवस्था में 'प्रथमयो पूर्वसवर्णः' [ना० १९] इस वक्ष्यमाण सूत्र से पूर्वसवर्ण प्राप्त होता है। इसका 'नादिचि' (अष्टा० ६ । १ । १०२) सूत्र से निषेध होने पर वृद्धि एकादेश होता है।

१७–चुटू ॥ अ० १ । ३ । ७ ॥

जो प्रत्यय के आदि में चवर्ग और टवर्ग हों तो उनकी इत्संज्ञा हो। इससे जकार की इत्संज्ञा होकर लोप हो गया। 'पुरुष—अस्' इस अवस्था में—

१८–न विभक्तौ तुस्माः ॥ अ० १ । ३ । ४ ॥

जो विभक्तियों के अन्त में तवर्ग, स् और म् हैं उनकी इत्संज्ञा न हो। इससे 'पुरुष—अस्' यहां अन्त के सकार की इत्संज्ञा न हुई अब इस अवस्था में ‡—

१९–प्रथमयोः पूर्वसवर्णः ॥ अ० ६।१।१०१॥

जो अक् प्रत्याहार से परे प्रथमा और द्वितीया का अच् हो तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश हो। जैसे—पुरुषास्। रुत्व, विसर्जनीय होकर—पुरुषाः। अब द्वितीया विभक्ति का एक वचन—'पुरुष—अम्' इस अवस्था में—

२०–अमि पूर्वः ॥ अ० ६ । १ । १०६ ॥

अक् प्रत्याहार से अम् का अच् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वसवर्णरूप एकादेश हो। जैसे—पुरुषम्। द्वितीया का द्विवचन—'पुरुष–औट्'यहां (१)टकार की इत्संज्ञा और लोप तथा अकार औकार को वृद्धि एकादेश होकर—पुरुषौ हुआ। द्वितीया का बहुवचन—'पुरुष—शस्' इस अवस्था में—

---

(१) इस में टकार अनुबन्ध सुट् प्रत्याहार के लिये है।

---

‡ यहां 'अतो गुणे' (सन्धि० १५३) अपदान्त आकार से परे गुण परे रहने पर रूप एकादेश हो, इस नियम से गुणरूप एकादेश की प्राप्ति होती है। इसको बाधमाण (ना० १९) सूत्र परत्व के कारण बाध लेता है।

२१-लशक्वतद्धिते ॥ अ० १ । ३ । ८ ॥

तद्धित से अन्यत्र प्रत्यय के आदि जो लकार शकार और कवर्ग उनकी इत्संज्ञा हो। इत्संज्ञक शकार का लोप हो गया। जैसे—'पुरुष—अस्' इस अवस्था में पूर्व पर के स्थान में पूर्वसवर्ण दीर्घ हो के—पुरुषास्।

२२-तस्माच्छसो नः पुंसि ॥ अ० ६।१।१०२॥

[पुंल्लिंग विषय में] किये हुए पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश से परे शस् प्रत्यय के सकार को नकार आदेश हो। जैसे—पुरुषान् ‡। अब तृतीयाविभक्ति का एकवचन—'पुरुष—टा' इस अवस्था में—

२३-यस्मात् प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम् ॥ अ० १ । ४ । १३ ॥

जिस धातु वा प्रातिपदिक से परे प्रत्यय का विधान करें उस धातु वा प्रातिपदिक का आचार जिसके आदि में हो उस [समुदाय] की [प्रत्यय परे रहने पर] अंगसंज्ञा होती है †। [इससे] सु आदि सब प्रत्ययों के परे पूर्व की अंग संज्ञा होती है।

२४-टाङसिङसामिनात्स्याः ॥ अ० ७।१।१२॥

‡ यहां वक्ष्यमाण 'अट्कुप्वाङ्०' (सं० २५) सूत्र से णत्व की प्राप्ति होती है उस का 'पदान्तस्य' (अष्टा० ८ । ४ । ३७) 'पदान्त के अकार को णकार नहीं होगा' इस नियम से निषेध हो जाता है।

† सूत्र के 'तरादि' पद में इतरेतरद्वन्द्वी समास (तरप आदिः तरादिः, तरादि आदिर्यस्य स तरादिः) है। इसलिए 'वि+नु+नि' इस अवस्था में 'नि' परे रहने पर 'नु' विकरण की अङ्ग संज्ञा होने से (विनोति) में गुण हो जाता है।

अदन्त अंग से परे 'टा, ङसि, ङस्' के स्थान में क्रम से 'इन, आत्, स्य' ये तीन आदेश हों। जैसे—पुरुष—इन। अब पूर्व पर को (१) गुण एकादेश होकर—पुरुषेन।

२५–अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि ॥ अ० ८।४।२॥

एक पद में अट् प्रत्याहार, कवर्ग, पवर्ग, आङ् और नुम् इनके व्यवधान मे भी जो रेफ और षकार से परे नकार हो तो उसके स्थान में णकारादेश हो। जैसे—पुरुषेण। तृतीया विभक्ति का द्विवचन—'पुरुष—भ्याम्' इस अवस्था में—

२६–सुपि च ॥ अ० ७। ३। १०२ ॥

जो यञादि सुप् परे हो तो अकारान्त अंग को दीर्घ हो, जैसे—पुरुषाभ्याम्। तृतीया का बहुवचन—'पुरुष-भिस्' इस अवस्था में—

२७–अतो भिस ऐस् ॥ अ० ७। १। ९ ॥

जो अकारान्त अंग से परे भिस् हो तो उसको ऐस् आदेश हो। अनेकाल् होने से भिस् मात्र के स्थान में ऐस् हुआ। अब (२) वृद्धि, रुत्व और विसर्जनीय होकर—पुरुषैः।

२८–बहुलं छन्दसि ॥ अ० ७। १। १०॥

परन्तु वैदिक प्रयोगों में भिस् के स्थान में ऐस् आदेश बहुल करके होता है। जैसे—देवेभिः, देवैः। करणेभिः, करणैः इत्यादि। सब अकारान्त शब्दों में दो २ रूप होंगे। चतुर्थी का एकवचन—'पुरुष—ङे' इस अवस्था में—

२९–ङेर्यः ॥ अ० ७। १। १३ ॥

---

(१) (गुणः) आद् गुणः। सन्धि० १३३ ॥

(२) (वृद्धिः)—वृद्धिरेचि [सन्धि० १३४] (रुत्व) ससजुषो रुः [ना० १४]।

जो अकारान्त अंग से परे 'ङे' हो तो उसके स्थान मे 'य' आदेश हो। जैसे—पुरुष-य। यहां भी (१) दीर्घ होकर—पुरुषाय। द्विवचन—'पुरुष—भ्याम्' पुरुषाभ्याम्। बहुवचन—पुरुष—भ्यस्।

३०—बहुवचने झल्येत् ॥ अ० ७। ३। १०३ ॥

बहुवचन में झलादि सुप् परे हो तो अकारान्त अंग को एकार आदेश हो। जैसे—पुरुषे—भ्यस्। (२) रुत्व, विसर्जनीय होकर—पुरुषेभ्यः। पञ्चमी का एकवचन—पुरुष—ङसि। ङसि के स्थान में (३) 'आत्' और उससे (४) सवर्णदीर्घादेश होकर। पुरुषात्।† पञ्चमी का द्विवचन—पुरुष-भ्याम्। पूर्ववत् दीर्घ होके—पुरुषाभ्याम्। बहुवचन 'पुरुष-भ्यस्' = पुरुषेभ्यः। षष्ठी का एकवचन—पुरुष—ङस्। इसके स्थान में उक्त सूत्र से 'स्य' आदेश होकर पुरुषस्य। द्विवचन—पुरुष—ओस्।

३१—ओसि च ॥ अ० ७। ३। १०४ ॥

ओस् विभक्ति परे हो तो अकारान्त अंग को एकार आदेश हो। इससे पुरुष के अन्त्य अकार को एकार होकर—'पुरुषे—ओस्' हुआ। एकार को अय् और सकार को सत्व विसर्जनीय होकर—पुरुषयोः। बहुवचन पुरुष—आम्।

---

(१) (दीर्घः)—युवि च [ना० २६]।

(२) (रुत्व) ससजुषो रुः [ना० १४] (विसर्जनीयः) खरवसानयोर्विसर्जनीयः [ना० १६]।

(३) (आत्) टाङसिङसामिनात्स्याः [ना० २४]

(४) (सवर्णदीर्घादेशः) अकः सवर्णे दीर्घः। सन्धि० १२०।

† यहां 'ङाटो अवोऽशे' (सन्धि० १००) सूत्र से जसादेश होकर 'पुरुषास्' रूप होगा है, पुनः 'वावसाने' (सं० ११०) सूत्र से विकल्प से 'चर्' आदेश होकर 'पुरुषाश्, पुरुषाद्' दो रूप होते है।

३२-ह्रस्वनद्यापो नुट् ॥ अ० ७ । ३ । ५४ ॥

ह्रस्व, स्वर्, नदीसंज्ञक ईकारान्त, ऊकारान्त और आकारान्त से परे आम् को नुट् का आगम हो (१)। टित्त्व धर्म से आम् के आदि में नुट् हुआ। जैसे-'पुरुष-नुट्-आम्' इस अवस्था में (२) उकार और टकार की इत्संज्ञा और लोप होकर—'पुरुष—न्—आम्' नकार में आकार मिल के—पुरुषनाम्।

३३-नामि ॥ अ० ६ । ४ । ३ ॥

नाम् अर्थात् जो षष्ठी का बहुवचन नुट् सहित आम् परे हो तो अजन्त अंग को दीर्घादेश हो। जैसे-पुरुषानाम्। यहां नकार को (३) णकार होके—पुरुषाणाम्। सप्तमी का एकवचन-पुरुष—ङि। (४) ङ् की इत्संज्ञा और लोप होकर अकार और इकार के स्थान में गुण एकादेश एकार हुआ—पुरुषे। द्विवचन—पुरुष—ओस्। पूर्ववत् एकार (५) अय् और स् को रुत्व, विसर्जनीय हो के—पुरुषयोः। सप्तमी का बहुवचन—पुरुष—सुप्। अन्त्य हल् पकार की इत्संज्ञा और पूर्ववत् एकार होकर—'पुरुषेसु' इस अवस्था में—

३४-आदेशप्रत्यययोः ॥ अ० ८ । ४ । ५९ ॥

इण्प्रत्याहार और कवर्ग से परे आदेश और प्रत्यय के सकार को मूर्धन्य अर्थात् षकार आदेश हो। जैसे—पुरुषेषु।

३५-सम्बोधने च ॥ अ० २ । ३ । ४७ ॥

---

(१) (टित् आदि में) आद्यन्तौ टकितौ। सन्धि० ८० इससे हुआ।

(२) (उकारेत्संज्ञा) उपदेशेऽजनुनासिक इत् । [ना० ११]

(टकारेत्संज्ञा) हलन्त्यम् । सन्धि० १६ ।

(३) (णकार) अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि [ना० २५]।

(४) (ङ् की इत्संज्ञा) लशकतद्धिते [ना० ११]।

(५) (अय्) एचोऽयवायावः। सन्धि० १८०।

सम्बोधन (१) अर्थ में भी प्रथमा विभक्ति हो। प्रातिपदिकार्थ से संबोधन अर्थ अधिक होने से (२) प्रथमा विभक्ति प्राप्त न थी, इसलिए यह सूत्र कहा है।

३६–सामन्त्रितम् ॥ अ० २ । ३ । ४८ ॥

सम्बोधन में जो प्रथमा विभक्ति उसकी आमन्त्रित संज्ञा हो।

३७–एकवचनं सम्बुद्धिः ॥ अ० २ । ३ । ४९ ॥

आमन्त्रित प्रथमा विभक्ति के एकवचन की सम्बुद्धि संज्ञा हो। जैसे—पुरुष–सु। उकार की इत्संज्ञा होके–'पुरुष–स्' इस अवस्था में—

३८–एङ्ह्रस्वात् सम्बुद्धेः ॥ अ० ६ । १ । ६९ ॥

जो एङन्त और ह्रस्वान्त प्रातिपादिक से परे सम्बुद्धि का हल् हो तो उसका लोप हो। संबोधन अर्थ दिखलाने के लिए 'हे, हे, अंग, भोस्, अयि' इत्यादिक शब्द भी संबोधन प्रथमान्त शब्द के साथ रहते हैं। जैसे—हे पुरुष, हे पुरुषौ, हे पुरुषाः अथवा—पुरुषः, पुरुषौ, पुरुषाः (२)। इसी प्रकार परमेश्वर, शिव, कृष्ण, वृक्ष, घट, पट, ग्रन्थ, वेद, न्याय, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, व्यवहार, परमार्थ इत्यादि अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के रूप जानने चाहियें ॥

---

(१) (सम्बोधन) अन्यत्र पुकारने को कहते हैं।

(२) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा [कार० ४]।

(३) पुरुषः, पुरुषौ; पुरुषाः; पुरुषं, पुरुषौ, पुरुषान्; पुरुषेण, पुरुषाभ्याम्, पुरुषैः; पुरुषाय, पुरुषाभ्याम्, पुरुषेभ्यः; पुरुषात्, पुरुषाभ्याम्, पुरुषेभ्यः; पुरुषस्य, पुरुषयोः, पुरुषाणाम्, पुरुषे, पुरुषयोः, पुरुषेषु; हे पुरुष, हे पुरुषौ, हे पुरुषाः।

अथ नियतनपुंसकलिङ्ग धनशब्द ॥

धन शब्द को पूर्ववत् प्रातिपदिकसंज्ञा आदि कार्य होकर 'धन-सु' इस अवस्था में—

३६-अतोऽम् ॥ अ० ७ । १ । २४ ॥

अकारान्त अङ्ग से परे सु और अम् विभक्तियों के स्थान में अम् आदेश हो । इस अम् करने का यही प्रयोजन है कि सु(१)और अम् का लुक् पाता है सो न हो । धनम् । धन—औ—

४०-नपुंसकाच्च ॥ अ० ७ । १ । १६ ॥

जो अकारान्त नपुंसकलिङ्ग से परे (२)औङ् हो तो उसके स्थान में शी आदेश हो । जैसे—धन-शी । श् की इत्संज्ञा होके—धन-ई । इस अवस्था में † 'आद्गुणः' इस सूत्र से गुण होके—धने । धन—जस्—

४१-जश्शसोः शिः ॥ अ० ७ । १ । २० ॥

जो नपुंसकलिङ्ग प्रातिपदिक से परे जस् और शस् विभक्ति हो तो उनके स्थान में शि आदेश हो । जैसे—धन—शि ।

---

(१) 'स्वमोर्नपुंसकात्' [ना० ७०] इस सूत्र से लुक् प्राप्त था ।

(२) 'औङ्' यह प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के द्विवचन की प्राचीन आचार्यों की संज्ञा है ।

---

† इससे आगे सगति इस प्रकार समझनी चाहिये—नपुंसकलिंग में सुट् की सर्वनामस्थान संज्ञा न होने से 'यचि भम्' (ना० ४५) से भसंज्ञा होकर 'यस्येति' (सू० ८०६) से अकार लोप प्राप्त होता है, उसका 'औङः शसो प्रतिषेधः' (वा० ६।१।१४८) वार्तिक से निषेध होता है, उसके पश्चात्—

४२–शि सर्वनामस्थानम् ॥ अ० १।१।४२॥

शि सर्वनामस्थान संज्ञक हो। शकार की इत्संज्ञा होके—धन–इ। इस अवस्था में गुण (१) प्राप्त हुआ, उसको बाध के—

४३–नपुंसकस्य झलचः ॥ अ० ७।१।७२॥

जो सर्वनामस्थान परे हो तो झलन्त और अजन्त नपुंसकलिङ्ग को नुम् का आगम हो। धन—नुम्—इ। यहाँ मकार और उकार की इत्संज्ञा होके 'धनन्–इ' ऐसा हुआ, इस अवस्था मे—

४४–सर्वनामस्थाने चाऽसम्बुद्धौ ॥अ० ६।४।८॥

जो संबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो नकारान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ हो। इस धन शब्द के अन्त को दीर्घ हो के—धनानि। धन—अम्। यहां अम् विभक्ति का लुक् नहीं होता है, किन्तु उसके स्थान मे पूर्ववत् अम् आदेश होके प्रथमाविभक्ति के तुल्य—धनम्, धने, धनानि। तृतीयाविभक्ति से लेके सप्त विभक्तियों में पुरुष शब्द के समान प्रयोग समझना चाहिय। जैसे—धनेन, धनाभ्याम्, धनैः; धनाय, धनाभ्याम्, धनेभ्यः; धनात्, धनाभ्याम्, धनेभ्यः; धनस्य, धनयोः, धनानाम्; धन, धनयोः, धनेषु। संबोधन चेतन ही में घट सकता है इसलिए इसके संबोधन में प्रयोग नहीं बनते †। यन्त्र, शस्त्र, पात्र, बल, धन, जल, सलिल

(१) (गुणः) आद् गुणः। सन्धि० १३३॥

† संबोधन का प्रयोजन स्वामिगुरु करना है। अतः संबोधन का प्रयोग चेतन पदार्थों के लिए ही होता है। परन्तु महाभाष्य २।१।२१ के 'अचेतनेष्वपि चेतनवदुपचारः' अर्थात् अचेतन पदार्थों में भी चेतन के सदृश व्यवहार होता है, इस नियम के अनुसार अचेतन पदार्थों के लिए भी संबोधन का गौण प्रयोग होता है। इस अवस्था में धन शब्द के 'हे धन, हे धने, हे धनानि' प्रयोग बनाने चाहिये। प्रकरण में उपर्युक्त महाभाष्य के नियम को मानकर 'अग्नि' शब्द के संबोधन के रूप आगे कराये हैं, अतः स्पष्ट है कि यह नया प्रकरण क्यों आ गया है।

गृह, इत्यादि, नियत नपुंसकलिङ्गों के भी रूप धन शब्द के समान जानना चाहिये।

अकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द कोई भी नहीं है। क्योंकि स्त्रीलिङ्ग में अकारान्त से टाप् वा ङीप् आदि प्रत्यय हो जाते हैं।

जो अकारान्त धर्म शब्द पुँलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग में है। उसके रूप भी पुरुष और धन शब्द के समान जानना चाहिये। जैसे—धर्मः, धर्मौ, धर्माः; धर्मम्, धर्मौ, धर्मान्; धर्मेण, धर्माभ्याम्, धर्मैः, धर्माय, धर्माभ्याम्, धर्मेभ्यः; धर्मात्, धर्माभ्याम्, धर्मेभ्यः; धर्मस्य, धर्मयोः, धर्माणाम्; धर्मे, धर्मयोः धर्मेषु। नपुंसकलिङ्ग में—धर्मम्, धर्मे, धर्माणि; धर्मम्, धर्मे, धर्माणि इत्यादि।

॥ इत्यकारान्ताः ॥

अथ आकारान्तः सोमपाशब्दः।

सोम ओषधियों के रस को कहते हैं उसको जो पिये वा उसकी रक्षा करे उसका नाम 'सोमपा' है। यह 'सोमपा' शब्द विशेष्य के अनुसार तीनों लिङ्गों में होता है, जैसे—सोमपाः पण्डितः, सोमपाः स्त्री, सोमपं कुलम्। उनमें से प्रथम पुंलिङ्ग जैसे—सोमपा—सु। इत्संज्ञा और विसर्जनीय होके—सोमपाः। सोमपा—औ ‡। वृद्धि एकादेश होके—सोमपौ। सोमपा—जस्। जकार की इत्संज्ञा और लोप तथा सकार को विसर्जनीय और दीर्घ एकादेश होके—सोमपाः। यहां एकवचन और बहुवचन में भेद सभी [प्रतीत] होता

‡ यहाँ 'प्रथमयोः पूर्वसवर्णः' (सू० १९) से पूर्वसवर्ण दीर्घादेश की प्राप्ति होती है, उसका 'दीर्घाज्जसि च' (सू० ८३) से निषेध होता है, तत्पश्चात् वृद्धि एकादेश होता है।

जब कि इसके साथ विशेष्यवाची का निर्देश किया जायगा। जैसे—सोमपाः पण्डितः, सोमपाः पण्डिताः। सोमपा—अम्। पूर्वसवर्ण एकादेश होके—सोमपाम्। सोमपौ पूर्ववत्। सोमपा—शस्, इस अवस्था मे—

४५—यचि भम् ॥ अ० १। ४। १८ ॥

यकारादि अजादि सर्वनामस्थान भिन्न कप्[1] (१) प्रत्ययावधि स्वादि प्रत्यय परे हों तो पूर्व की भसञ्ज्ञा हो।

४६—आतो धातोः ॥ अ० ६। ४। १४० ॥

भसंज्ञक आकारान्त धातु का लोप हो। जो आदेश सामान्य से विधान किया जाता है वह 'अलोऽन्त्यस्य'† इस परिभाषाबल से अन्त्य वर्ण के स्थान में समझना चाहिए। सोमपा शब्द में 'पा' आकारान्त धातु है, इसके अन्त्य आकार का लोप होके—सोमपः, सोमपा, सोमपाभ्याम्, सोमपाभिः; सोमपे, सोमपाभ्याम्, सोमपाभ्यः, सोमपः, सोमपाभ्याम्, सोमपाभ्य., सोमपः, सोमपोः, सोमपाम्, सोमपि, सोमपोः, सोमपासु। सम्बोधन में कुछ विशेष नहीं। हे सोमपाः, हे सोमपौ, हे सोमपा।

स्त्रीलिङ्ग में भी सोमपा शब्द के प्रयोग ऐसे ही होते हैं परन्तु नपुंसकलिङ्ग में कुछ विशेषता है। सोमपा—सु, इस अवस्था में—

४७—ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य ॥ अ० १।२।४७॥

जो नपुंसकलिङ्ग में वर्तमान अजन्त प्रातिपादिक है उसको ह्रस्वादेश हो। जैसे—सोमप। अब सब विभक्तियों में धन

---

१. कप्-मरपप्रभृतिभ्यः कप् [नामा० २१६] इस सूत्र तक प्रत्यय लेना चाहिये।

† सन्धि० ८६।

शब्द के समान सब कार्य समझना चाहिये। जैसे—सोमपम्,सोमपे, सोमपानि; सोमपम्, सोमपे, सोमपानि; सोमपेन, सोमपाभ्याम्, सोमपैः; सोमपाय, सोमपाभ्याम, सोमपेभ्यः; सोमपात्, सोमपाभ्याम्, सोमपेभ्यः; सोमपस्य, सोमपयोः, सोमपानाम्; सोमपे, सोमपयोः, सोमपेषु। इसी प्रकार--गोजा, प्रथमजा, गोपा, कूपखा, दधिक्रा, आज्यपा, कौलालपा इत्यादि शब्दों के भी प्रयोग तीनों लिङ्गों में समझने चाहिये।

आकारान्त कन्या शब्द।

कन्या—सु, इस अवस्था में—

४८-हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुतिस्यपृक्तं हल्॥ अ० ६। १। ६८॥

हलन्त और दीर्घ ङीप्, ङीष्, ङीन्, टाप्, डाप्, चाप् ये जिनके अन्त में हों उन से परे सु, ति, सि इनका जो अपृक्त † हल् उसका लोप हो। जैसे—कन्या। कन्या—औ, इस अवस्था में—

४९-औङ आपः॥ अ० ७। १। १८॥

जो आबन्त अङ्ग से परे (१) औङ् हो तो उसको शी आदेश हो। शकार की इत्संज्ञा और गुण होके—कन्ये। कन्या—जस्। जकार की इत्संज्ञा, पूर्वसवर्ण दीर्घ‡ एकादेश, ह्रत्व, विसर्जनीय होके—कन्याः। कन्या—अम्। पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश होके—

---

१. औङ् यह प्रथमा और द्वितीया के द्विवचन की पूर्वाचार्यों की संज्ञा है।

---

† 'अपृक्त एकाल् प्रत्ययः' (अष्टा० १। २। ४१) सूत्र से एकवर्ण प्रत्यय की अपृक्त संज्ञा होती है।

‡ प्रक्रियानुसार यहां 'दीर्घाज्जसि च' (अष्टा०६।१।१०५) से पूर्व सवर्णदीर्घ का प्रतिषेध होकर 'अकः सवर्णे दीर्घः' (अष्टा०६।१।१०१) से सवर्णदीर्घादेश होता है।

कन्याम् । कन्या—औट् । पूर्ववत्—कन्ये । कन्या—शस् । शकार की इत्संज्ञा पूर्वसवर्णदीर्घ रुत्व और विसर्जनीय होके—कन्या । कन्या—टा, इस अवस्था में—

५०—आङि चाऽऽपः ॥ अ० ७ । ३ । १०५ ॥

आबन्त अङ्ग से परे टा [और ओस्] विभक्ति हो तो उसको एकार हो । जैसे—कन्ये—टा । टकार की इत्संज्ञा होके—'कन्ये-आ' इस अवस्था में अय् आदेश होकर—कन्यया । कन्याभ्याम्, कन्याभिः । कन्या—ङे, इस अवस्था में—

५१—याडापः ॥ अ० ७ । ३ । ११३ ॥

'आबन्त अङ्ग से परे ङित् प्रत्यय को याट् का आगम हो । जैसे—कन्या—याट्—ङे । टकार, ङकार की इत्संज्ञा और लोप, तथा वृद्धि एकादेश होके—कन्यायै, कन्याभ्याम्, कन्याभ्यः, कन्यायाः, कन्याभ्याम्, कन्याभ्यः, कन्यायाः' । कन्या—ओस्, यहा णकार आदेश, अय्, रुत्व और विसर्जनीय होके—कन्ययोः' । कन्या—आम्, (१) कन्यानाम् । कन्या—याट्—ङि, इस अवस्था में—

५२—ङेराम्नद्याम्नीभ्यः ॥ अ० ७ । ३ । ११६ ।

आबन्त, नदीसंज्ञक और नी इन अङ्गों से परे ङि के स्थान में आम् आदेश हो । जैसे—कन्याया—आम् । यहा एकादेश होके—कन्यायाम्, कन्ययोः, कन्यासु । संबोधन में इतना विशेष है कि कन्या—सु ।

५३—सम्बुद्धौ च ॥ अ० ७ । ३ । १०६ ॥

---

१ 'ह्रस्वनद्यापो सुट्' [सा० ३२] इससे सुट् होगया ।

सम्बुद्धि परे हो तो आबन्त अङ्ग को एकार आदेश हो। जैसे-[कन्ये—सु] पूर्ववत् सकार का लोप होके ‡ हे कन्ये, हे कन्ये, हे कन्याः (१)। इसी प्रकार प्रजा, जाया, छाया, माया, मेधा, अजा इत्यादि आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के प्रयोग जानने चाहिये; परन्तु जरा शब्द में कुछ विशेष है—

५४-जराया जरसन्यतरस्याम् ॥ अ० ७।२।१०१॥

अजादि विभक्तियों से परे जरा शब्द को जरस् आदेश हो विकल्प करके जरा, जरसौ, जरे, जरसः जराः इत्यादि।

॥ इत्याकारान्ताः ॥

इकारान्त नियतपुंल्लिङ्ग अग्निशब्द ॥

पूर्ववत् सब कार्य होकर—अग्निः। अग्नि—औ, यहाँ (२) पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश ईकार होके—अग्नी। अग्नि—जस्, इस अवस्था में जकार की इत्संज्ञा होके—

५५—जसि च ॥ अ० ७। ३। १०१ ॥

जो जस् प्रत्यय के परे पूर्व ह्रस्वान्त अङ्ग हो तो उसको गुण हो। इससे इकार को एकार गुण और एकार को अय् आदेश होकर—अग्नयः।

५६-वा०—जस्शसादिषु छन्दसि वा वचनं प्राङ् णौ चङ्युपधायाः ॥ ५८ ॥

---

१. कन्या, कन्ये, कन्याः; कन्याम्, कन्ये, कन्याः; कन्यया, कन्याभ्याम्, कन्याभिः; कन्यायै, कन्याभ्याम्, कन्याभ्यः; कन्यायाः, कन्ययोः, कन्यानाम्, कन्यायाम्, कन्ययोः, कन्यासु; हे कन्ये, हे कन्ये, हे कन्याः।

२. (पूर्वसवर्णः) प्रथमयोः पूर्वसवर्णः [सा० १९]।

---

‡ अर्थात् 'षड्भ्यो लुक्' (सा० ३८) सूत्र से।

- जस् आदि विभक्तियों में इस प्रकरण मे जो कार्य कहे हैं वे वेद में विकल्प करके हों। जैसे—गुण का विकल्प—अग्नयः, (१) अग्न्यः, शतक्रतव , शतक्रत्वः; पशवे, पशवे। अग्नि—अम्, यहां 'अमि पूर्वः' [ना० २०] इस सूत्र से पूर्वरूप हो के—अग्निम्। अग्नि—औ, पूर्ववत्—अग्नी। अग्नि—शस्। पूर्वसवर्ण दीर्घ और सकार को नकारादेश हो के अग्नीन्। अग्नि—टा।

५७-शेषो घ्यसखि ॥ अ० १। ४। ७॥

शेष अर्थात् जिनकी नदी संज्ञा न हो ऐसे जो ह्रस्व इकारान्त उकारान्त शब्द हैं उनकी घिसंज्ञा हो। इससे अग्नि शब्द की घिसंज्ञा होके—

५८-आङो नास्त्रियाम् ॥ अ० ७। ३। १२०॥

जो घिसंज्ञक अङ्ग से परे आङ् अर्थात् टा विभक्ति हो तो उसके स्थान मे ना आदेश हो, स्त्रीलिङ्ग में न हो। अग्निना, अग्निभ्याम्, अग्निभिः। अग्नि—ङे।

५९-घेर्ङिति ॥ अ० ७। ३। १११ ॥

ङित्प्रत्यय परे हो तो घ्यन्त अङ्ग को गुणादेश हो। उसको अय् आदेश होके—अग्नये, अग्निभ्याम्, अग्निभ्यः। अग्नि—ङसि। ङकार की इत्संज्ञा और इकार को गुण होके—'अग्ने-अस्' इस अवस्था में—

६०-ङसिङसोश्च ॥ अ० ६। १। १०९ ॥

जो पदान्त एङ् से परे [ङसि और] ङस् सम्बन्धी अकार हो तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वरूप एकादेश हो। जैसे—अग्नेः, अग्निभ्याम्, अग्निभ्यः, अग्नेः। अग्नि—ओस्। यहां य् आदेश हो

— १. जहाँ गुण नहीं होता है वहाँ "इको यणचि" (सन्धि १७९) इससे यण् आदेश हो जाता है।

गया—अग्न्यो॰ । अग्नि—आम् । यहाँ (१) नुट् और दीर्घ होकर—'अग्नीनाम्' सिद्ध हुआ । अग्नि—ङि, इस अवस्था में—

६१—अच्च घेः ॥ अ० ७ । ३ । ११९ ॥

जो घिसंज्ञक इकारान्त उकारान्त शब्द से परे ङि विभक्ति हो तो उसके स्थान में औकार और घिसंज्ञक शब्द के इकार उकार को अकारादेश हो । जैसे—अग्नि-औ । वृद्धि एकादेश होके—अग्नौ, अग्न्योः, अग्निषु । संबोधन—अग्नि—सु । यहां सबुद्धिसंज्ञा होके—

६२—ह्रस्वस्य गुणः ॥ अ० ७ । ३ । १०८ ॥

संबुद्धि परे हो तो ह्रस्वान्त अङ्ग को गुण हो । इससे गुण हो के "एङ्ह्रस्वात् सम्बुद्धेः" [ना०३८] इस सूत्र से सकार का लोप हुआ-हे अग्ने, हे अग्नी, हे अग्नयः । यहां संहिता नहीं होती क्योंकि 'हैहेप्रयोगे हैहयोः(२)इस सूत्र से हे की प्लुतसंज्ञा हो के उसको (३)प्रकृतिभाव हो जाता है। इसी प्रकार वह्नि, रवि इत्यादि इकारान्त पुँल्लिङ्गशब्दों का साधुत्व जानना चाहिये । परन्तु पति शब्द में इतना विशेष है—

६३—पतिः समास एव ॥ अ० १ । ४ । ८ ॥

पति शब्द समास ही में घिसंज्ञक हो । इससे समास से अन्यत्र पति शब्द को घिसंज्ञा के कार्य नहीं होते। पत्या, पत्ये । पति—ङसि, यहां 'पत्यस्' इस अवस्था में—

६४—ङयत्याद्यव्यस्य ॥ अ० ६ । १ । ११२ ॥

---

१. (नुट्) ह्रस्वनद्यापो नुट् [ना० ३२], (दीर्घ) नामि [ना० ३३]।

२ यह सूत्र अष्टमाध्याय [पा० २, सू० ८५] में प्लुतप्रकरण में कहा है [देखो सन्धि० ३०]।

३ प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम् (सन्धि० १७१)

जो ख्य और त्य इनमें परे [ङसि और] ङस् सम्बन्धी अकार हो तो उसको उकार आदेश हो। पत्यु । पति—ङि। ङि को (१) औकार आदेश हो गया—पत्यौ। पतिशब्द का वेद में कुछ विशेष है।

६५–षष्ठीयुक्तश्छन्दसि वा ॥ अ० १।४।९ ॥

षष्ठीयुक्त जो पति शब्द उसकी घिसंज्ञा वेद में विकल्प करके हो, जैसे—भूताना पतये नम , भूताना पत्ये नम ।

सखि शब्द में यह विशेष है कि—सखि—सु ।

६६–अनङ् सौ ।[1] अ० ७ । १ । ९३ ॥

जो सर्वनामभिन्न सु विभक्ति परे हो तो सखि शब्द को अनङ् आदेश हो। अनङ् आदेश के (अ, ङ्) इनकी इत्संज्ञा और लोप तथा (२)दीर्घ होकर—सखान्—सु । 'हल्ङ्या०भ्यो दीर्घात०' [ना० ४८] इस सूत्र से स् का लोप और—

६७–नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य ॥ अ० ८।२।७॥

प्रातिपदिकान्त पद के नकार का लोप हो इस सूत्र से नकार का लोप होके—सखा। सखि—औ, इस अवस्था में—

६८–सर्वनामस्थाने चासंबुद्धौ ॥ अ० ७ । १ । ९२ ॥

असंबुद्धि में जो सखि शब्द, उसमें परे जो सर्वनामस्थान सो णित् हो। इससे णित् होकर —

६९–अचोऽञ्णिति ॥ अ० ७ । २ । ११५ ॥

णित् और णित् प्रत्यय परे हों तो अञ्जन्त अङ्ग को वृद्धि हो। जैसे—सखे—औ। अच एकार को आय् आदेश होके—सखायौ,

---

१. (ङि को औकार) 'ङेर्य्वामीत्' [अष्टा० ७।३।११७,११८] इससे हुआ।

२. (लोप) सर्वनामस्थाने चासंबुद्धौ [ना० ४४]।

सखायः, सखायम्, सखायौ । आगे पति शब्द के समान—सख्यीन्, सख्या, सख्ये, सख्युः, सख्युः, सख्यौ इत्यादि † ।

ह्रस्व इकारान्त नियतनपुंसकलिङ्ग वारि शब्द ।

वारि—सु, इस अवस्था में—

७०—स्वमोर्नपुंसकात् ॥ अ० ७ । १ । २३ ॥

जो नपुंसलिङ्ग से परे सु और अम् हों तो उनका लोप हो । वारि । वारि—औ । यहां "नपुंसकाच्च" [ना० ४०] इस सूत्र से औकार के स्थान में शी आदेश और शकार की इत्संज्ञा होके—'वारि—ई' इस अवस्था में—

७१—इकोऽचि विभक्तौ ॥ अ० ७ । १ । ७३ ॥

जो अजादि विभक्ति परे हो तो इगन्त नपुंसक अङ्ग को नुम् का आगम हो । नुम् होके—वारिणी । वारि—जस् । यहां शि (१) आदेश और दीर्घ (२) हो के । वारीणि । फिर भी द्वितीयाविभक्ति में—वारि, वारिणी, वारीणि, वारिणा, वारिभ्याम्, वारिभिः, वारिणे ‡, वारिभ्याम्, वारिभ्यः; वारिणः, वारिभ्याम, वारिभ्यः; वारिणः, वारिणोः । वारि—आम् । यहां नुट् और नुम् दोनों की

१. (शि आदेश) जशशसोः शिः [ना० ४१] ।

२. (दीर्घ) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४४] ।

† जब सखी शब्द स्त्रीलिङ्ग में प्रयुक्त होता है तब 'प्रातिपदिकग्रहणे लिङ्गविशिष्टस्यापि ग्रहणं भवति' (परि० ६२) इस परिभाषा से सर्वनामस्थान को णिद्वत् प्राप्त होता है, परन्तु 'विभक्तौ लिङ्गविशिष्टग्रहणं न' (परि० ६३) इस परिभाषा से उसका निषेध होकर—'सखी, सख्यौ, सख्यः, इत्यादि नदी शब्द के समान रूप होते हैं ।

‡ यहां नुम् को बाधकर परत्वात् 'घेडिति' (ना० ५६) से गुण प्राप्त था, उसे 'गुणवृद्धदीर्घसृज्यग्द्यावेभ्यो नुम् पूर्वविप्रतिषेधेन' [महा० ७।१।९५] इस वार्तिक से बाधकर नुम् होता है ।

प्राप्ति में पूर्वविप्रतिषेध से नुट् (१) होता है। यदि नुम् हो तो पूर्वान्त होने से दीर्घ न हो, वारीणाम्। वारिणि, वारिणो., वारिषु(२) इसके संबोधन में प्रयोग नहीं बनते, क्योंकि वारि शब्द से जल का ग्रहण होता है। उसके जड़ होने से संबोधन नहीं बन सकता। इसी प्रकार और भी सब नियत नपुंसकलिङ्ग इकारान्त अतिरि आदि शब्दों का साधुत्व जानना चाहिये। परन्तु अस्थि, दधि, सक्थि, अक्षि इन चार नपुंसकलिङ्ग इकारान्त शब्दों के प्रयोग कुछ विशेष होते हैं, उनको लिखते हैं—अस्थि, अस्थिनी, अस्थीनि। फिर भी अस्थि, अस्थिनी, अस्थीनि। अस्थि—टा, इस अवस्था मे—

७२—अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङुदात्तः ॥

अ० ७। १। ७५ ॥

तृतीयादि अजादि विभक्तियों के परे अस्थि, दधि, सक्थि, अक्षि शब्दों को अनङ् आदेश हो [और वह उदात्त हो]। जैसे—अस्थनङ्—टा। इस अवस्था में अ, ङ्, ट्, इनकी इत्संज्ञा हो के

---

१ (नुम्) 'इकोऽचि विभक्तौ' [ना० ७१] इससे प्राप्त हुआ तथा 'ह्रस्वनद्यापो नुट्' [ना० ३२] इससे नुट् प्राप्त हुआ, इन दोनों की युगपत् प्राप्ति में 'विप्रतिषेधे पर कार्यम्' (सन्धि० ११५) इस परिभाषा से पर कार्य नुम् ही पाया, उस नुम् को 'नुमचिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट् पूर्वविप्रतिषेधेन' [महा०७।१।९५] इस वार्तिक बल से नुम् [को] बाध के पूर्व कार्य नुट् होता है।

२. वारि, वारिणी, वारीणि, वारि, वारिणी, वारीणि, वरिणा, वारिभ्याम्, वारिभिः, वारिणे, वारिभ्याम्, वारिभ्यः, वारिणः वारिणी, वारीणाम्, वारिणि, वारिणोः, वारिषु।

लोप होगया। उक्त (१) अजादि विभक्तियों में "अस्थन्" इसकी भसंज्ञा होके—

७३–अल्लोपोऽनः ॥ अ० ६। ४। १३४॥

अजादि विभक्तियों के परे अनन्त भसंज्ञक अङ्ग क अकार का लोप हो। इस से थकारोत्तर अकार का लोप हो गया। जैसे—अस्थन्—आ। स्थ्, न्, टा के आकार में मिल के—अस्थ्ना। अस्थने, अस्थ्नः, अस्थ्नः, अस्थ्नोः, अस्थ्नाम्। अस्थन्—ङि—

७४–विभाषा ङिश्योः ॥ अ० ६। ४। १३६॥

ङि और शी विभक्ति के परे भसंज्ञक अन्नन्त अङ्ग के अकार का लोप विकल्प करके हो—अस्थ्नि, अस्थनि, अस्थ्नोः। हलादि विभक्तियों के परे वारि शब्द के समान जानना चाहिये। अस्थि आदि शब्दों की व्यवस्था कुछ वेद में विशेष है—

७५–छन्दस्यपि दृश्यते ॥ अ० ७। १। ७६॥

वेद में भी अस्थि आदि शब्दों में उदात्त अनङ् आदेश देखने में आता है। यहाँ प्रयोजन यह है कि अनङ् आदेश [जिस] नियम से कहा है। उससे अन्यत्र भी देखने में आता है। जैसे—इन्द्रो दधीचो अस्थभिः, भद्र पश्येमाक्षभिः, अस्थान्युत्कृत्य जुहोति इत्यादि।

७६–ई च द्विवचने ॥ अ० ७। १। ७७॥

द्विवचन विभक्ति के परे अस्थि आदि शब्दों को उदात्त ईकार आदेश वेद मे होता है। अक्षी ते इन्द्र पिङ्गले, अस्थीभ्याम्, दधीभ्याम्, सक्थीभ्याम्, अक्षीभ्याम् ते नासिकाभ्याम् (२) इत्यादि।

---

१. अजादि विभक्ति टा, ङे, ङसि, ङस्, ओस्, आम्, ङि, ओस्।

२. अस्थि, अस्थिनी, अस्थीनि, अस्थि, अस्थिनी, अस्थीनि, अस्थ्ना, अस्थिभ्याम्, अस्थिभिः, अस्थ्ने, अस्थिभ्याम्, अस्थिभ्यः, अस्थ्नः, अस्थिभ्याम्, अस्थिभ्यः, अस्थ्नः, अस्थ्नोः, अस्थ्नाम्, अस्थ्नि अस्थनि, अस्थ्नोः, अस्थिषु। वेदे—अस्थी, अस्थानि, अस्थीभ्याम्, अस्थाभिः, ईदाद्यपि॥

इकारान्त संख्यावाची नियत बहुवचनान्त त्रिशब्द।

त्रि—जस्। बहुवचन मे 'जसि च' इससे गुण होके—त्रयः। [शस् में—त्रीन्] नपुंसकलिङ्ग में जस् और शस् विभक्ति को शि आदेश, नुम का आगम और दीर्घ होके—त्रीणि,त्रीणि। त्रिभिः त्रिभ्यः, त्रिभ्यः। त्रि—आम्। आम् विभक्ति के परे नुट् का आगम होके—त्रि—नाम्, यहां—

७७—त्रेस्त्रयः ॥ अ० ७। १। ५३ ॥

नुट् सहित आम् विभक्ति परे हो तो त्रि शब्द को त्रय आदेश हो। त्रयाणाम्। त्रिषु।

इकारान्त नियतस्त्रीलिङ्ग वेदिशब्द।

वेदिः, वेदी, वेदयः, वेदिम्, वेदी, वेदीः; वेद्या, वेदिभ्याम्, वेदिभिः। 'वेदि—ङे' इस अवस्था में—

७८—ङिति ह्रस्वश्च ॥ अ० १। ४। ६ ॥

स्त्रीलिङ्ग के वाचक ह्रस्व इकारान्त उकारान्त शब्द और जिनके स्थान में इयङ् उवङ् होते हैं ऐसे जो [स्त्री शब्द भिन्न] दीर्घ ईकारान्त ऊकारान्त शब्द हैं उनकी नदी संज्ञा विकल्प करके हो। दूसरे पक्ष में ह्रस्व इकारान्त उकारान्त शब्दों की घिसंज्ञा भी होती है। इस कारण वेदिशब्द की नदी और घि दोनों संज्ञाएं होती है। प्रथम नदी संज्ञा होकर—

७९—आण्नद्याः ॥ अ० ७। ३। ११२ ॥

नदयन्त अङ्ग से परे ङित् विभक्ति को आट् का आगम हो। वेदि—आट्—ङे। यण् और वृद्धि एकादेश होके—वेद्यै। जिस पक्ष में नदी संज्ञा न हुई वहां घि संज्ञा होके—वेदि—ङे, यहाँ अग्नि शब्द के समान गुण और अय् आदेश होके—वेदये, वेदिभ्याम्, वेदिभ्यः। वेदि—आट् ङसि, 'ट, ड्, इ' इनकी इत्संज्ञा हो के—

वेद्याः । घि संज्ञा पक्ष में—वेदेः, वेदिभ्याम्, वेदिभ्यः । वेदि—आट्—ङस्, पूर्ववत् वेद्याः, वेदेः; वेद्योः । वेदि—आम्, यहां (१) नुट् हो के—वेदीनाम् । वेदि—ङि—नदी संज्ञा में—वेदि—आट्—आम् । वेद्याम् । घिसंज्ञा में, वेदौ । वेद्योः, वेदिषु (२) । इसी प्रकार श्रुति, स्मृति, बुद्धि, धृति, कृति, वापि, हानि, रुचि, भूमि और धूलि आदि शब्दों का साधुत्व जानना चाहिये ।

॥ इति इकारान्ताः ॥

ईकारान्त पुंल्लिङ्ग सेनानी शब्द ।

सेनानी—सु । उकार का लोप, रुत्व और विसर्जनीय होके—सेनानीः । सेनानी—औ—

८०—एरनेकाचोऽसंयोगपूर्वस्य ॥ अ० ६।४।८२॥

जिससे धातु का अवयव संयोग पूर्व न हो ऐसा जो इवर्ण है तदन्त अनेकाच् अङ्ग को अच् परे हो तो यणादेश हो । सेनान्यौ, सेनान्यः, सेनान्यम्, सेनान्यौ, सेनान्यः; सेनान्या, सेनानीभ्याम्, सेनानीभिः; सेनान्ये, सेनानीभ्याम्, सेनानीभ्यः; सेनान्याः सेनानीभ्याम्, सेनानीभ्यः, सेनान्यः, सेनान्योः, सेनान्याम् । सेनानी—ङि,

१. नदीसंज्ञा मान के 'ह्रस्वनद्यापो नुट्' [ना० ३५] इससे नुट् हुआ ॥

२. वेदिः, वेदी, वेदयः; वेदिम्, वेदी, वेदीः; वेद्या, वेदिभ्याम्, वेदिभिः; वेद्यै वेदये, वेदिभ्याम्, वेदिभ्यः; वेद्याः वेदेः, वेदिभ्याम्, वेदिभ्यः; वेद्याः वेदेः, वेद्योः, वेदीनाम्, वेद्याम्, वेदौ, वेद्योः, वेदिषु ।

† यहाँ 'इदुद्भ्याम्' (अष्टा० ७।३।११७) से नदीसंज्ञक इकारान्त उकारान्त शब्द से परे ङि को आम् होता है, इस नियम से आम् आदेश समझना चाहिये ।

यहाँ नी से परे ङि को आम् (१) आदेश होके—सेनान्याम्। सेनान्योः, सेनानीषु। संबोधन में यहां कुछ विशेष नहीं है। हे सेनानीः, हे सेनान्यौ, हे सेनान्यः। इसी प्रकार ग्रामणी, अग्रणी यज्ञनी, सधी इत्यादि शब्दों के रूप भी जानना, परन्तु ग्रामणी शब्द में यह विशेष है कि—

८१-श्रीग्रामण्योश्छन्दसि ॥ अ० ७। १। ५६ ॥

वेद में श्री और ग्रामणी शब्द से परे आम् हो तो उसको नुट् आगम होता है। जैसे—(२) श्रीणाम्, ग्रामणीनाम्। और सुधी शब्द में यह विशेष है कि—सुधी—सु—सुधीः। (३) सुधी—औ—

८२-न भूसुधियोः ॥ अ० ६। ४। ८५ ॥

अजादि विभक्ति के परे भू और सुधी शब्द को यणादेश न हो। यणादेश के निषेध होने से इयङ् उवङ् आदेश होते हैं। सुधियौ, सुधियः; सुधियम्, सुधियौ, सुधियः; सुधिया, सुधिये, सुधियः, सुधियः, सुधियाम्, सुधियि, सुधियोः, सुधीषु। संबोधन में यहाँ भी कुछ विशेष नहीं। भू शब्द का साधुत्व आगे आवेगा। सुधी और भू शब्द का वेद में यह विशेष है कि—

८३-छन्दस्युभयथा ॥ अ० । ६ । ४ । ८६ ॥

---

१. (आम्) ङेराम्नद्यामीभ्यः [ना० ५२]।

२. श्रीणामुदारो धरुणो रयीणाम्। अध्यत्र सूनृतानाम्। ग्रामणीः, ग्रामण्यौ, ग्रामण्यः, ग्रामण्यम्, ग्रामण्यौ, ग्रामण्यः; ग्रामण्या, ग्रामणीभ्याम्, ग्रामणीभिः; ग्रामण्ये, ग्रामणीभ्याम्, ग्रामणीभ्यः, ग्रामण्यः, ग्रामणीभ्याम्, ग्रामणीभ्यः; ग्रामण्यः, ग्रामण्योः, ग्रामण्याम्, ग्रामण्याम्, ग्रामण्योः, ग्रामणीषु, हे ग्रामणीः, हे ग्रामण्यौ, हे ग्रामण्यः।

३. शुष्ठु ध्यायतीति सुधीः पण्डितः। सुष्ठु ध्यायति या, सुष्ठु ध्यायतेऽनया वेति विग्रहे श्रीपद्।

वैदिकप्रयोग विषय में अजादि विभक्तियों के परे भू और सुधी शब्द को यणादेश विकल्प करके हो। सुध्यौ, सुधियौ; सुध्यः, सुधियः इत्यादि। सेनानी आदि शब्द यदि स्त्रीलिङ्ग के विशेषण हों तो इनके प्रयोगों में कुछ विशेषता नहीं है, और नपुंसकलिङ्ग हों तो इनके प्रयोग वारि शब्द के समान होत हैं, क्योंकि नपुंसकलिङ्ग में सब ह्रस्व इकारान्त हो जाते हैं।

अब जो शब्द नियतस्त्रीलिङ्ग ईकारान्त हैं उनके विषय में लिखते हैं—

अथ नियत ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग कुमारी शब्द।

कुमारी—सु, यहाँ सकार की इत्संज्ञा और लोप तथा ङीबन्त से अपृक्त हल् सु का (१) लोप होकर—कुमारी। कुमारी—औ—

८४—दीर्घाज्जसि च ॥ अ० ६। १। १०४ ॥

दीर्घ से परे जस् वा इजादि विभक्ति हों तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वसवर्णदीर्घ एकादेश न हो। यहाँ कुमारी दीर्घ ईकारान्त शब्द है, इससे पूर्वसवर्ण दीर्घ का निषेध होकर यणादेश होता है। जैसे—कुमार्यौ, कुमार्यः। दीर्घ ईकारान्त तथा ऊकारान्त शब्दों का जस् विभक्ति के परे वेद में यह विशेष है—

८५—चा—छन्दसि ॥ अ० ६। १। १०५ ॥

जो दीर्घ से परे जस् हो तो उसको पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश विकल्प करके हो। जैसे—कुमारी:, कुमार्यः, वधू:, वध्वः इत्यादि। कुमारीम्, कुमार्यौ, कुमारी; कुमार्या, कुमारीभ्याम्, कुमारीभिः। कुमारी—ङे, यहाँ—

---

१. हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात् सुतिस्यपृक्तं हल् [ना० ४८]।

८६—यू स्त्र्याख्यौ नदी ॥ अ० १ । ४ । ३ ॥

जो [नियत] स्त्रीलिङ्ग के वाचक इकारान्त [ऊकारान्त] शब्द हैं उनकी नदी संज्ञा हो । (१) कुमार्यै, कुमारीभ्याम्, कुमारीभ्यः; कुमार्याः, कुमारीभ्याम्, कुमारीभ्यः, कुमार्याः, कुमार्योः । कुमारी—आम् । (२) नुट् होके—कुमारीणाम् । कुमार्याम्, कुमार्योः, कुमारीषु । संबोधन में अपृक्त हल सु का लोप होकर—

८७—अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः ॥ अ० ७ । ३ । १०७ ॥

सम्बुद्धि परे हो तो अम्बार्थ और नदीसंज्ञकों को ह्रस्वाऽऽदेश हो । हे (३) कुमारि, हे कुमार्यौ, हे कुमार्यः । जो ईकारान्त ङीप्, ङीष्, ङीन् प्रत्ययान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द हैं उनको कुमारी शब्द के तुल्य समझना चाहिये । जैसे—नदी, सरस्वती, ब्राह्मणी, आसुरी, किशोरी, वधूटी, चिरण्टी, कर्त्री इत्यादि । परन्तु ईकारान्त स्त्री शब्द के प्रयोग कुछ विशेष होते हैं । जैसे—स्त्री—सु । पूर्ववत् काये होकर—स्त्री । स्त्री—औ, इस अवस्था में—

८८—स्त्रियाः ॥ अ० ६ । ४ । ७९ ॥

जो अजादि प्रत्यय परे हो तो स्त्री शब्द को इयङ् आदेश हो । स्त्रियौ, स्त्रियः । स्त्री—अम्, इस अवस्था में—

८९—वाऽम्शसोः ॥ अ० ६ । ४ । ८० ॥

अम् और शस् प्रत्यय परे हो तो स्त्री शब्द को इयङ् आदेश विकल्प करके हो । स्त्रियम् । जिस पक्ष में इयङ् न हुआ वहाँ पूर्वरूप एकादेश होकर—स्त्रीम्, स्त्रियौ, स्त्रियः, स्त्रीः; स्त्रिया । स्त्री—टे—

---

(१) नद्यन्त मानकर 'आण्नद्याः' [ना० ७९] इससे [आट् का] आगम हो गया ।

(२) 'ह्रस्वनद्यापो नुट्' [ना० ३५] इससे नुट् होगया ॥

(३) 'प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम्' सन्धि ९४ । इस परिभाषा से प्रत्ययलक्षण मानकर ह्रस्व हुआ ।

६० —नेयङुवङ्स्थानावस्त्रियाम् ॥ अ० १।४।६॥

जिन स्त्रीलिङ्ग इकारान्त ऊकारान्त शब्दों के स्थान में इयङ्, उवङ् आदेश होते हैं वे नदीसंज्ञक न हों, परन्तु स्त्री शब्द तो नदीसंज्ञक हो। स्त्री—आट्—डे—स्त्रियै। स्त्रियाः, स्त्रियाः, स्त्रियोः, स्त्रीणाम्, स्त्रियाम्, स्त्रियोः, स्त्रीषु। सम्बोधन में नदीसंज्ञा के होने से ह्रस्व (१) होगया—हे स्त्रि, हे स्त्रियौ, हे स्त्रियः। और जो ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग दूसरे प्रकार के हैं—"अक्षी, तरी, स्तरी, तन्त्री, यवी, पयी, लक्ष्मी, श्री" ये भी कुमारी शब्द के समान हैं परन्तु इनसे परे सु अपृक्त हल् लोप नहीं होता क्योंकि ये ङीप्, ङीष् वा ङीन् प्रत्ययान्त शब्द नहीं हैं। और इन दूसरे प्रकार के शब्दों में एक श्री शब्द में कुछ विशेष है। जैसे—श्री—सु—श्रीः। श्री—औ—

६१ अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ ॥ अ० ६।४।७७॥

जो अजादि प्रत्यय परे हों तो श्नुप्रत्ययान्त धातु और भ्रू शब्द इनके इवर्ण उवर्णको इयङ् और ऊकार को उवङ् आदेश हों। जैसे—(२) श्रियौ, श्रिय., श्रियम्; श्रियौ, श्रियः, श्रिया। श्री—ङे—(३) श्रियै; श्रिये; श्रियाः श्रियः; श्रिया, श्रियः; श्रियोः। श्री—आम्, इस अवस्था में—

---

(१) (ह्रस्व) अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः [ना० ८७]।

(२) क्विप्-प्रत्ययान्त शब्द प्रातिपदिकसंज्ञक होके भी धातुसंज्ञा का त्याग नहीं करते हैं।

(३) 'ङिति ह्रस्वश्च' [ना० ७७] इस सूत्र से विकल्प करके नदीसंज्ञा होगई।

६२ याऽऽमि ॥ अ० १ । ४ । ५ ॥

[स्त्री शब्द को छोड़कर] इयङ् उवङ् स्थानी स्त्रीवाचक ईकारान्त ऊकारान्त शब्द आम् विभक्ति के परे विकल्प करके नदीसंज्ञक हों। नदी संज्ञापक्ष में—श्रीणाम्। अन्यत्र—श्रियाम्। वेद मे (१) 'श्रीणाम्' यह एक ही प्रयोग [विशेष] होता है। श्री—ङि। नदी-संज्ञापक्ष में—श्रियाम्। अन्यत्र—श्रियि। श्रियोः, श्रीषु। हे श्रीः, हे श्रियौ, हे श्रियः।

॥ इति ईकारान्ताः ॥

अथ ऊकारान्त पुँल्लिङ्ग वायु शब्द ॥

वायुः। वायु—औ, पूर्वसवर्णदीर्घ होकर—वायू। वायु—जस्, घिसंज्ञा होने से गुण और "एचोऽयवायावः" † इस सूत्र से अवादेश होके—वायवः। वायु—अम्, (२) पूर्वरूप एकादेश—वायुम्। वायू। वायु—शस्, पूर्वसवर्ण दीर्घ (३) और सकार को नकार आदेश होकर—वायून्। वायुना, वायुभ्याम्, वायुभिः; वायवे, वायुभ्याम्, वायुभ्यः। वायु—ङसि, गुण और पूर्व (४) रूप एकादेश होके—वायोः। वायुभ्याम, वायुभ्यः; वायोः। वायु—ओस्, यणादेश होके—वाय्वोः। वायूनाम्। वायु—ङि, ङि को (५) औकार तथा उकार को अकार होकर वृद्धि एकादेश हुआ—वायौ। वाय्वोः, वायुषु। सम्बोधन में—वायु—स्, गुण और

(१) 'श्रीमामण्योरच्छन्दसि' [ना० ८१] इससे नित्य नुट् होगया।
(२) अमि पूर्वः [ना० २०]।
(३) (सकार को नकारादेश) तस्माच्छसो नः पुसि [ना० २२]।
(४) 'ङसिङ्योश्च' [ना० ६०] इससे पूर्वरूप हुआ।
(५) (ङि—औ, उ—अ) अच घे [ना० ६१]।

† सन्धि० १८०।

अवृक्त हल् लोप होकर (१) हे वायो, हे वायू, हे वायवः । इसी प्रकार "विभु, प्रभु, भानु, गुरु, शत्रु" इत्यादि उकारान्त, पुँलिङ्ग शब्दों का साधुत्व समझना । परन्तु उकारान्त, क्रोष्टु शब्द में कुछ विशेष है—

६३—तृज्वत्क्रोष्टुः ॥ अ० ७ । १ । ६५ ॥

जो संबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो क्रोष्टु शब्द तृच् प्रत्ययान्तवत् (२) हो । क्रोष्टु ऋकारान्त क्रोष्ट्र शब्द के समान हो जाता है : क्रोष्टा, † क्रोष्टारौ, क्रोष्टारः, क्रोष्टारम्, क्रोष्टारौ । यहां संबुद्धिभिन्न इसलिये है कि—हे क्रोष्टो । सर्वनामस्थान इसलिए है कि—क्रोष्टून्, यहां तृज्वद्भाव न हुआ ।

६४—विभाषा तृतीयादिष्वचि ॥ अ० ७।१।६७॥

तृतीयादि अजादि विभक्तियों के परे क्रोष्टु शब्द को तृज्वद्भाव विकल्प करके हो । क्रोष्ट्रा, क्रोष्टुना । क्रोष्टु—आम् । यहाँ (२) नुट् और तृज्वद्भाव दोनो प्राप्त हुए ता नुट् हुआ ।

अथ उकारान्त नपुंसकलिङ्ग वस्तु शब्द ॥

वस्तु—सु, सु का लुक् होके—वस्तु । द्विवचन में शी आदेश, शकार की इत्सञ्ज्ञा और "नपुंसकस्य झलचः" ‡ इससे नुमागम

---

(१) (गुण) ह्रस्वस्य गुण [ना० ६२] (सलोप) पूर्व ह्रस्वात् संबुद्धे [ना० ३८]।

(२) यह तृज्वत् अतिदेश रूपातिदेश है अर्थात् तृच् प्रत्ययान्त कृश् धातु का जो रूप है उसका अतिदेश किया है ।

(३) तृज्वद्भाव परत्व से प्राप्त था, उसको बाध के पूर्व विप्रतिषेध अर्थात् "नुमचिर०" इस वार्तिक [पृष्ठ १८, टि० ३] बल से नुट् हुआ ।

---

† इनकी साधनिका ऋकारान्त प्रकरण में लिखी जायगी ।

‡ ना० ४३ ।

होके—वस्तुनी । वस्तु—जस्, [जस्] के स्थान में शि आदेश और पूर्व का नुमागम—वस्तु—नुम्—इ = वस्तूनि । ऐसे ही द्वितीया में—वस्तु—टा, घिसंज्ञा (१) और उससे परे टा के स्थान में ना आदेश होकर—वस्तुना । वस्तुभ्याम्, वस्तुभिः; वस्तुने, वस्तुभ्याम्, वस्तुभ्यः; वस्तुनः, वस्तुभ्याम्, वस्तुभ्यः; वस्तुनः, वस्तुनोः, वस्तूनाम्; वस्तुनि; वस्तुनोः, वस्तुषु । जड़भाव से संबोधन नहीं होता । इसी प्रकार 'श्मश्रु, जानु, स्वादु, अश्रु, जतु, त्रपु, तालु' इत्यादि नियत नपुंसकलिङ्ग शब्दों के प्रयोग भी जानना ।

अथ ऊकारान्त नियतस्त्रीलिङ्ग धेनुशब्द ।।

धेनुः, धेनू, धेनवः; धेनुम्; धेनू, धेनूः, धेनु—टा, टकार की इत्संज्ञा और यण् होके—धेन्वा, धेनुभ्याम्, धेनुभिः; धेनु—ङे—यहाँ विकल्प करके (२) नदी संज्ञा और द्वितीया पक्ष में घिसंज्ञा होने से दो दो प्रयोग होते हैं, अर्थात् धेन्वै (२) धेनवे, धेनुभ्याम्, धेनुभ्यः, धेन्वाः, धेनोः, धेनुभ्याम्, धेनुभ्यः; धेन्वाः । धेनोः, धेन्वोः, धेनूनाम्; धेन्वाम्, धेनौ, धेन्वोः, धेनुषु । संबोधन में गुण होके—हे धेनो, हे धेनू, हे धेनवः । इसी प्रकार—'रज्जु, सरयु, कुहु, तनु, वेणु' इत्यादि शब्दों के प्रयोग भी जानने चाहियें ।

॥ इदुकारान्ताः ॥

दीर्घ ऊकारान्त शब्द तीन प्रकार के होते हैं—धात्वन्त, उणादिप्रत्ययान्त और नियत स्त्रीवाचक [ऊङ्] प्रत्ययान्त । जैसे—धात्वन्त परिभूः, उणादि प्रत्ययान्त—कर्पूः, नियत स्त्रीवाचक [ऊङ्]

---

(१) घिसंज्ञा, टा—ना—शेषोध्यसखिभ [ना० ५७], आङोनास्त्रियाम् [ना० ५८] ।

(२) (नदीसंज्ञा विकल्प) ङिति ह्रस्वश्च [ना० ७९]

(३) 'घेर्ङिति' [ना० ६२] इससे गुणादेश होजाता है ।

प्रत्ययान्त—ब्रह्मबन्धूः इत्यादि। उनमें से धात्वन्त 'परिभू' शब्द के प्रयोग पुँल्लिङ्ग में दिखलाते हैं। परिभू—सु—परिभूः। परिभू—औ, यहां (३) उवङ् आदेश होके—परिभुवौ। परिभुवः, परिभुवम्, परिभुवौ, परिभुव*; परिभुवा, परिभूभ्याम्, परिभूभिः; परिभुवे, परिभूभ्याम्, परिभूभ्यः, परिभुवः, परिभुभ्याम्, परिभूभ्यः, परिभुवः, परिभुवोः, परिभुवाम्, परिभुवि, परिभुवोः, परिभूषु। यहाँ संबोधन में कुछ विशेष नहीं। वर्षाभू, दन्भू, कारभू, पुनर्भू, इन चार शब्दों के प्रयोग कुछ विशेष होते हैं। वर्षाभूः। वर्षाभू—औ—

६५—वर्षाभ्वश्च ॥ अ० ६। ४। ८४ ॥

अजादि सुप् विभक्तियों के परे वर्षाभू शब्द के ऊकार को यणादेश हो। वर्षाभ्वौ, वर्षाभ्व, वर्षाभ्वम्, वर्षाभ्वौ, वर्षाभ्व; वर्षाभ्वा, वर्षाभूभ्याम्, वर्षाभूभिः; वर्षाभ्वे, वर्षाभूभ्याम्, वर्षाभूभ्यः, वर्षाभ्व, वर्षाभूभ्याम्, वर्षाभूभ्यः, वर्षाभ्वः, वर्षाभ्वौ, वर्षाभ्वाम्; वर्षाभ्वि, वर्षाभ्वोः, वर्षाभूषु, हे वर्षाभूः †, हे वर्षाभ्वौ, हे वर्षाभ्व। दन्भू। दन्भू—औ, इस अवस्था में—

६६—वा०—दन्कारपुनःपूर्वस्य भुवो यण् वक्तव्यः ॥ ६। ४॥

अजादि सुप् विभक्तियों के परे दन्, कार‡ पुनर् ये हैं पूर्व जिसके ऐसे भूशब्द के ऊकार का यणादेश हो। जैसे—दन्भ्वौ,

(३) (उवङ्) अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ [ना० ९२]।

* वर्षाभू शब्द मेंढक जाति और पुनर्नवा (गदारनी, इटसिट) अर्थ में स्त्रीलिङ्ग होता है तथा मेंढक व्यक्ति अर्थ में पुँल्लिङ्ग। मेंढक जाति अर्थ में नियत स्त्रीलिङ्ग होने से सबुद्धि में 'हे वर्षाभू' प्रयोग होता है, और अन्यत्र 'हे वर्षाभु'।

‡ कई वैयाकरण वार्त्तिक में 'कार' के स्थान में 'कर' पढ़ते हैं। उन के मत में 'करभू' शब्द में उक्त कार्य समझना चाहिये।

द्नभ्वः । कारभूः, कारभ्वौ, कारभ्वः । पुनर्भूः, पुनर्भ्वौ, पुनर्भ्वः इत्यादि । वेद में पुनर्भू आदि शब्दों के प्रयोगों में उवङ् और यण् (१) दोनों आदेश होते हैं, जैसे—पुनर्भुवौ, पुनर्भ्वौ; पुनर्भुवः, पुनर्भ्वः; पुनर्भुवम्, पुनर्भ्वम् इत्यादि । उक्त ऊकारान्त शब्द विशेष्य लिङ्ग के आश्रय से तीनो लिङ्गों में हो सकते हैं । ऊकारान्त अनियत स्त्रीवाचकों को स्त्रीलिङ्ग में कुछ विशेष कार्य नहीं होते हैं । यदि वे नपुंसकलिङ्ग में आवें तो उनको (२) ह्रस्वादेश होकर वे प्रयोग विषय में वस्तु शब्द के समान हो जाते हैं । और उणादिप्रत्ययान्त कर्पू, इत्यादिकों में यदि कोई पुँल्लिङ्ग (३) समझा जावे तो उसके प्रयोग 'परिभू' शब्द के समान समझने चाहियें ।

और नियत स्त्रीलिङ्ग ऊङ्—प्रत्ययान्त-ब्रह्मबन्धू । ब्रह्मबन्धू—औ, यहाँ यण् होके—ब्रह्मबन्ध्वौ, ब्रह्मबन्ध्वः । ब्रह्मबन्धू—अम्, यहाँ (४) पूर्वरूप एकादेश होके—ब्रह्मबन्धूम् । ब्रह्मबन्ध्वौ, ब्रह्मबन्धू; ब्रह्मबन्ध्वा, ब्रह्मबन्धूभ्याम्, ब्रह्मबन्धूभिः । ङित् वचनों में नदी संज्ञादि (५) कार्य होकर—ब्रह्मबन्ध्वै, ब्रह्मबन्धूभ्याम्, ब्रह्मबन्धूभ्यः; ब्रह्मबन्ध्वाः, ब्रह्मबन्धूभ्याम्, ब्रह्मबन्धूभ्यः, ब्रह्मबन्ध्वाः, ब्रह्मबन्ध्वोः, ब्रह्मबन्धूनाम्, ब्रह्मबन्ध्वाम्, ब्रह्मबन्ध्वोः, ब्रह्मबन्धूषु । सम्बुद्धि में (६) ह्रस्व होकर—हे ब्रह्मबन्धु, हे ब्रह्मबन्ध्वौ, हे ब्रह्म-

---

(१) (यण्, ढयच्) छन्दस्युभयथा [ना० ८३] ।

(२) (ह्रस्व) ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य [ना० ४७] ।

(३) (कर्पूः) यह करीषाग्नि में पुँल्लिङ्ग और नदी अर्थ में स्त्रीलिङ्ग है ।

(४) (पूर्वरूप) अग्नि पूर्वः [ना० २०] ।

(५) (नदीसंज्ञा) यू स्त्र्याख्यौ नदी [ना० ८६] तथा नदन्त को मान कर आट् ह्रस्वादि कार्य होते हैं ।

(६) (ह्रस्व) अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः [ना० ८७] ।

बन्धवः। इसी प्रकार—वधू, चमू, श्मश्रू, संहितोरू, वामोरू, कमण्डलू, गुग्गुलू, दृष्टू[1] इत्यादि ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें।

॥ इत्यूकारान्ताः ॥

ऋकारान्त नियतपुल्लिङ्ग पितृशब्द ॥

ऋकारान्त शब्द दो (१) प्रकार के होते हैं। अर्थात् एक वे र्जनको सर्वनामस्थान में दीर्घ होता है, और दूसरे [वे जिन] को नहीं होता। ये दोनों प्रकार के शब्द लिङ्गभेद से तीनों लिङ्गों में आते हैं। पितृ आदि शब्दों को सर्वनामस्थान के परे दीर्घादेश नहीं होता। जैसे—पिता = पितृ—सु—

६७—ऋदुशनस्पुरुदंशोऽनेहसां च॥ अ० ७।१।९४॥

ऋकारान्त, उशनस्, पुरुदंशस् और अनेहस् शब्दों को संबुद्धिभिन्न सु विभक्ति के परे अनङ् आदेश हो। अनङ् होके—पितर्—अनङ्—सु। [नकारस्य] अकार तथा ङकार की इत्संज्ञा और तकार अकार में मिल के—पितन्—सु। यहाँ नान्त (२) अङ्ग को दीर्घ

(१) दीर्घादेशप्रकरणे के—अप्-तृन्-तृच्-स्वसृ-नप्तृ-नेष्टृ-त्वष्टृ-क्षत्तृ-होतृ-पोतृ-प्रशास्तॄणाम् ॥ अ० ६। ४। ११॥

इस सूत्र में नप्तृ आदि शब्दों का ग्रहण अव्युत्पत्तिपक्ष में दीर्घादेश विधान के लिये [है] और व्युत्पत्ति पक्ष में नियम के लिये है। जो उणादि तृन्तृच्नन्त शब्दों को दीर्घादेश हो तो नप्त्रादिकों को ही हो। इससे पितृ, भ्रातृ, जामातृ इत्यादि शब्दों को सर्वनामस्थान के परे दीर्घादेश नहीं होता † और [अष्टाध्यायीस्थ] कर्तृ, स्तोतृ आदि शब्दों को होता है। जैसे—कर्त्ता, कर्त्तारौ; स्तोता, स्तोतारौ इत्यादि।

(२) (नान्त अङ्ग को दीर्घ) सर्वनामस्थाने चासंबुद्धौ [ना० ४७] (नलोप) नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य [ना० ६६]।

† ङित् होने से अनङ् अन्त्य ऋ के स्थान में होता है।

और नकार का लोप होके—पिता। पितृ—औ—॥

६८—ऋतो ङिसर्वनामस्थानयोः॥ अ० ७।३।११०॥

ङि और सर्वनामस्थान परे हो तो ऋकारान्त अङ्ग को गुणादेश हो। ऋकार के स्थान मे 'अर्' गुण होके—पितरौ, पितर, पितरम्, पितरौ। पितृ—शस्। यहा शकार की इत्सज्ञा, पूर्व सवर्ण (१) दीर्घ एकादेश, और सकार को नकारादेश होके—पितॄन्। पितृ—टा। टकार की इत्सज्ञा ऋ के स्थान मे (२) र् आदेश होके—पित्रा। पितृभ्याम्, पितृभिः, पित्रे, पितृभ्याम्, पितृभ्य.। पितृ—ङसि, यहाँ—

६९—ऋत उत्॥ अ० ६।१।१११०॥

जो ऋकारान्त से परे ङसि, ङस् सम्बन्धी अकार हो तो पूर्व पर के स्थान में उकार एकादेश हो। फिर उकार (३) रपर हुआ। जैसे—पितुर्स्—

१००—रात्सस्य॥ अ० ८।२।२४॥

रेफ से परे सयोगान्त सकार का ही लोप हो। सकार का लोप और रेफ को विसर्जनीय होके—पितुः। पितृभ्याम्, पितृभ्यः, पितुः, पित्रोः.। पितृ—आम्। यहां (४) नुट् और दीर्घ होके—

---

(१) (पूर्वसवर्णदीर्घः) प्रथमयो पूर्वसवर्णः [ना० १९]।

(२) (१) हलो घञि। सन्धि० १७९।

(३) (रपर) उरण् रपरः। सन्धि० ८५।

(४) (नुट्) ह्रस्वनद्यापो नुट् [ना० ३२] (दीर्घः) नामि [ना०३१]।

---

† इस नियम से 'उद्गातृ' शब्द को भी दीर्घादेश प्राप्त नहीं होता, परन्तु 'रामयं पदयिधि' (अष्टा० २।१।१) के महाभाष्य में 'उद्गातार' प्रयोग दीर्घादेश का ज्ञापक है।

१०१=वा०=रषाभ्यां णत्वे ऋकारग्रहणम् ॥ ८ । ४ । १ ॥

र, ष से परे णत्व विधान में ऋकार ग्रहण करना चाहिये, अर्थात् एकपद में ऋकार से परे भी नकार के स्थान में णकारादेश हो। जैसे—पितॄणाम्। पितृ—ङि। गुण (१) और रपर होके—पितरि। पित्रोः, पितृषु। संबोधन में—संबुद्धि (२) गुण होके—हे पितः, हे पितरौ, हे पितरः। इसी (३) प्रकार 'भ्रातृ, जामातृ' इत्यादि संज्ञा शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें। परन्तु 'नृ' शब्द को आम् विभक्ति के परे जो कुछ विशेष होता है सो लिखते हैं—

१०२—नृ च ॥ अ० ६ । ४ । ६ ॥

नुट्सहित आम् विभक्ति के परे नृ शब्द के ऋकार को विकल्प करके दीर्घ हो। जैसे—नॄणाम्, नृणाम्। संबोधन में—हे नः, हे नरौ, हे नरः। दूसरे (४) प्रकार के ऋकारान्त शब्दों में—ऋकारान्तपुंल्लिङ्ग 'होतृ' शब्द। होतृ—सु, पूर्ववत् प्रातिपदिकसंज्ञादि तथा अनङादेशादि कार्य्य होकर—होता। होतृ—औ, यहाँ गुण होके—होतर—औ।

---

(१) (गुण) ऋतो ङिसर्वनामस्थानयोः [ना० ९८]।

(२) (संबुद्धिगुण) ह्रस्वस्य गुणः [ना० ५९]।

(३) पिता, पितरौ, पितरः; पितरम्, पितरौ, पितॄन्; पित्रा, पितृभ्याम्, पितृभिः; पित्रे, पितृभ्याम्, पितृभ्यः; पितुः, पितृभ्याम्, पितृभ्यः; पितुः, पित्रोः, पितॄणाम्; पितरि, पित्रोः, पितृषु; हे पितः, हे पितरौ, हे पितरः।

(४) दूसरे अर्थात् जिनको सर्वनामस्थान परेके दीर्घादेश होता है।

१०३—अप्तृनृच्स्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षत्तृहोतृ-पोतृप्रशास्तॄणाम् ॥ अ० ६।४।११ ॥

जो संबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो अप् शब्द, तृन्, तृच् प्रत्ययान्त और स्वसृ, नप्तृ, नेष्टृ, त्वष्टृ, क्षत्तृ, होतृ, पोतृ [और] प्रशास्तृ इन शब्दों को दीर्घादेश हो। जैसे—होतारौ, होतारः, होतारम्, होतारौ। शेष प्रयोग पितृशब्द के समान समझना। इसी प्रकार—'कर्तृ, हर्तृ' आदि तथा 'नप्तृ, नेष्टृ, त्वष्टृ, क्षत्तृ, पोतृ, प्रशास्तृ' शब्दों के प्रयोग भी समझने चाहियें।

ऋकारान्त नपुंसकलिङ्ग कर्तृशब्द।

कर्तृ—सु, यहाँ सु विभक्ति का (१) लुक् होके—कर्तृ। कर्तृ—औ। औकार के स्थान में (२) शी आदेश और पूर्व को नुम् होके—कर्तॄणी। कर्तृ—जस्। यहाँ शि (३) आदेश नुम् और दीर्घ होके—कर्तॄणि। द्वितीया विभक्ति में भी—कर्तृ, कर्तॄणी, कर्तॄणि। कर्तृ—टा, यहाँ से लेकर अजादि (४) विभक्तियों में नुम् होवेगा। कर्तॄणा, कर्तृभ्याम्, कर्तृभि; कर्तॄणे, कर्तृभ्याम्, कर्तृभ्यः; कर्तॄणः, कर्तृभ्याम्, कर्तृभ्यः; कर्तॄणः, कर्तॄणोः, कर्तॄणाम्। कर्तृ—ङि। यहां गुण (५) होके—कर्तरि, कर्तॄणोः, कर्तृषु। संबोधन

---

(१) (सु—लुक्) स्यमोर्नपुंसकात् [६०]।

(२) (औ—शी) नपुंसकाच्च [ना० ४०]। (पूर्वं—नुम्) नपुंसकस्य झलचः [ना० ४१]।

(३) (जस्—शि) जश्शसो शिः [ना० ४१] । (पूर्वं—दीर्घं) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४४]।

(४) (अजादि विभक्ति—नुम्) इकोयचि विभक्तौ [ना० ७१]।

(५) (गुण) क्ङिति च सर्वनामस्थानयोः [ना० ९८]।

में—हे (१) कर्तः, हे कर्तृ, हे कर्तृणी, हे कर्तृणि । इसी प्रकार और भी ऋकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द के प्रयोग समझने चाहियें । परन्तु ऋकारान्तस्त्रीलिङ्ग में केवल 'स्वसृ, दुहितृ, ननान्दृ, यातृ, मातृ, तिसृ, चतसृ' ये सात शब्द हैं इनके रूप कुछ भिन्न होते हैं † । नियत ऋकारान्त स्त्रीलिङ्ग दुहितृ शब्द—दुहितृ—सु—दुहितारौ, दुहितरौ, दुहितरः; दुहितरम्, दुहितरौ, दुहितॄ । यहाँ पुँल्लिङ्ग के न होने से शस् के सकार को नकार न हुआ । दुहित्रा, दुहितृभ्याम्, दुहितृभिः । आगे पितृ शब्द के समान समझना चाहिये । तिसृ, चतसृ शब्द में विशेष यह है कि—

१०४—त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृ ॥ अ० ७।२।९९॥

जो स्त्रीलिङ्ग में वर्तमान त्रि और चतुर् शब्द हों तो उनको तिसृ और चतसृ आदेश हो ।

१०५—अचि र ऋतः ॥ अ० ७ । २ । १० ॥

जो अजादि विभक्ति परे हों तो तिसृ और चतसृ शब्द के ऋकार को रेफ आदेश हो । तिसृ—जस्—तिस्र, [चतसृ—जस्—चतस्रः] । शस् में भी ऐसा ही होता है ।

१०६—न तिसृचतसृ ॥ अ० ६ । ४ । ४ ॥

---

(१) यहाँ 'नलुमताङ्गस्य' [सन्धि ९८] इस परिभाषा के अनित्य पक्ष में 'हृस्वस्य गुणः' [ना० ६२] इससे गुण हो जाता है । उक्त परिभाषा का अनित्य पक्ष 'हृकोऽचि विभक्तौ' [ना० ७१] इसकी व्याख्या में महाभाष्याकार [अ० ७ । १ । ७३] ने कहा है ।

---

† अन्य ऋकारान्त 'कर्तृ' आदि शब्दों में स्त्रीलिङ्ग में 'ऋतोऽम्योऽङीप्' (स्त्रै० २२) से ङीप् होकर 'कर्त्री', इसप्रकार ईकारान्त बन जाते हैं । 'स्वसृ' आदि में 'न षट्स्वस्रादिभ्यः' [स्त्रै० ३०] से ङीप् का निषेध हो जाता है ।

तिसृ और चतसृ शब्दों को नुट् सहित आम् विभक्ति परे हो तो दीर्घ न हो। तिसृणाम्, चतसृणाम्।

१०७—छन्दस्युभयथा ॥ अ० ६। ४। ५ ॥

वैदिक प्रयोग में नुट्सहित आम् विभक्ति के परे तिसृ, चतसृ शब्दों का विकल्प करके दीर्घ होवे। तिसृणाम्, तिसृणाम्, चतसृणाम्, चतसृणाम्। इसी प्रकार इन छ शब्दों के अन्य प्रयोग ऋकारान्तवत् समझने चाहियें परन्तु 'स्वसृ' शब्द का सर्वनामस्थान में हॉतृ शब्द के समान दीर्घ होता है। स्वसा, स्वसारौ, स्वसारः, स्वसारम्, स्वसारौ।

॥ इत्यृकारान्ताः ॥

ऐकारान्त पुल्लिङ्ग रैशब्द।

रै—सु—

१०८—रायो हलि ॥ अ० ७। २। ८५ ॥

हलादि विभक्तियों के परे रै शब्द को आकारादेश हो। जैसे—रा—सु, सकार को इत्संज्ञा और लोप तथा सकार को रुत्व विसर्जनीय होके—राः, रै—औ, अजादि विभक्तियों के परे सर्वत्र और ऐकार के स्थान में (१) आय् आदेश हो जाता है। रायौ, रायः; रायम्, रायौ, रायः, रायः। रै—भ्याम्, इत्यादि में भी हलादि विभक्तियों के होने से आकारादेश हो जाता है। राभ्याम्, राभिः, राये, राभ्याम्, राभ्यः; रायः राभ्याम्, राभ्यः, रायः रायोः, रायाम्; रायि, रायोः, रासु। यहाँ रै शब्द धन का वाचक है इसलिए सम्बोधन नहीं होता, जो अन्य कोई ऐकारान्त शब्द आवे तो उसके भी प्रयोग इसी प्रकार समझने चाहियें।

॥ इत्यैकारान्तः ॥

---

(१) एचोऽयवायावः [सन्धि० १८०]। इस सूत्र से।

ओकारान्त पुँल्लिङ्ग वा स्त्रीलिङ्ग गोशब्द ।

[परन्तु इसके दोनों लिङ्गों में एक से दो प्रयोग होते हैं । यथा—

१०६—गोतो णित् ॥ अ० ७ । १ । ९० ॥

गो शब्द से परे जो सर्वनामस्थान विभक्ति हो वे णित् के समान हो जावें । सर्वनामस्थान को णिद्वत् होने से वृद्धि हो जाती है । यहाँ भी गो शब्द को वृद्धि (१) होके—गौ, गावौ, गावः ॥

गो—अम्—

११०—औतोऽम्शसोः ॥ अ० ६ । १ । ९३ ॥

जो अम् और शस् विभक्ति परे हों तो ओकारान्त शब्द के ओकार को आकारादेश हो । जैसे—गो—अम् । पूर्वरूप एकादेश होकर—गाम्, गावौ, गाः । टा विभक्ति के परे अवादेश होके—गवा । गोभ्याम्, गोभिः; गवे, गोभ्याम्, गोभ्यः । गो—ङसि, यहां पूर्वरूप (२) एकादेश होके—गोः । गोभ्याम्, गोभ्यः; गोः, गवोः, गवाम्, गवि, गवौ, गोषु । जो किसी अर्थ में इस शब्द का संबोधन आवे तो कुछ विशेष न होगा * ।

॥ इत्योकारान्ताः ॥

औकारान्त स्त्रीलिङ्ग नौ-शब्द ।

नौ—सु = नौः, नौ—औ = नावौ, नावः; नावम्, नावौ, नावः, नावा, नौभ्याम्, नौभिः; नावे, नौभ्याम्, नौभ्यः; नावः; नौभ्याम्, नौभ्यः; नावः, नावोः, नावाम्; नावि, नावोः, नौषु । इसी प्रकार औकारान्त पुँल्लिङ्ग ग्लौ; शब्द समझना । ग्लौः, ग्लावौ, ग्लावः इत्यादि ।

॥ इत्यौकारान्ता ॥

अब जो जो प्रसिद्ध हलन्त शब्द वेदादि ग्रंथों में आते हैं उनकी प्रयोगव्यवस्था दिखाई जाती है—

---

(१) अवोऽग्नित [ना० ९९] ।
(२) (पूर्वरूप) ङसिङ्योश्च [ना० ६०] ।

* औकारान्त घौ शब्द के रूप भी गो के समान होते हैं ।

चकारान्त स्त्रीलिङ्ग वाच् (१) शब्द ।

वाच्—सु । यहाँ चकार के स्थान में (२) ककार [और (३) गकार] होके—

१११—वावसाने ॥ अ० ८ । ४ । ५५ ॥

जो अवसान में वर्तमान झल् हों तो उनको विकल्प करके चर् हो । जैसे—वाक्, वाग्, वाचौ, वाचः; वाचम्, वाचौ, वाचः; वाचा, वाग्—भ्याम्—यहाँ भी चकार को ककारादेश होके—'वाक्—भ्याम्' इस अवस्था (३) में; जश् आदेश होकर—वाग्भ्याम् । वाग्भिः; वाचे, वाग्भ्याम्, वाग्भ्यः; वाचः, वाग्भ्याम्, वाग्भ्यः; वाचः, वाचोः, वाचाम्; वाचि, वाचोः । वाक्—सु, यहा ककार से परे सु के सकार को आदेश होके—वाक्—पु । संकेत †में कह चुके हैं कि 'वाच्' शब्द वाणी का वाची है इसलिए जड़भाव होने से यह संबोधन में नहीं आता । इसी प्रकार 'शुच्, त्यच्, घुच्' इत्यादि शब्दों के रूप भी समझने चाहियें । जो चकारान्त शब्दों में निम्नलिखित चकारान्त शब्द हैं जैसे—प्राच् ‡, प्रत्यच्, उदच्, अर्वाच, दध्यच्, मध्वच् भ्रुञ्च् इत्यादि क्विन् प्रत्ययान्त शब्दों को पदान्त में सर्वत्र क्रुत्व हो जाता है । प्राच्—सु, यहाँ—

---

(१) यह वाणी का नाम है ।

(२) (च—क्) चोः कुः [सन्धि० १८९] ।

(३) यहाँ 'झलां जशोऽन्ते' [सन्धि० १९०] इस सूत्र से जश् आदेश होता है ।

---

† देखो इसी पृष्ठ पर टि० न० १ । तथा पृष्ठ १८ टि० ।

‡ जब पूजा अर्थ में 'नाञ्चेः पूजायाम्' [अष्टा० ६ । ४ । ३०] सूत्र से उपधा के नकार का लोप नहीं होता तब 'प्राञ्च्' शब्द के रूप आगे निर्दिश्यमान 'भ्रुञ्च्' शब्द के समान समझने चाहिये ।

११२—उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः ॥ अ० ७ । १ । ७० ॥

जो सर्वनामस्थान परे हो तो धातुरहित उगित् प्रतिपादिक और अञ्चु को नुम् का आगम हो। प्रान्च्—सु। इस अवस्था में 'हल्ङ्या०' [ना० ४८] इससे लोप होकर—

११३—संयोगान्तस्य लोपः ॥ अ० ८।२।२३॥

संयोगान्त पद के अन्त्य वर्ण का लोप हो। इससे चकार का लोप होके—

११४—क्विन्प्रत्ययस्य कुः ॥ अ० ८।२।६२॥

क्विन् प्रत्यय जिससे कहा हो उसको पदान्त म कवर्गादेश (१) हो। इससे नकार को अनुनासिक 'ङ' आदेश हो जाता है। जैसे—प्राङ्, प्रत्यङ् इत्यादि। प्रान्च्—औ। यहा नकार (२) को अनुस्वार और अनुस्वार को परसवर्ण होके। प्राञ्चौ, प्राञ्च, प्राञ्चम्, प्राञ्चौ। प्र—अच्—शस् इत्यादि सर्वनामस्थान भिन्न विभक्तियों के परे असञ्ज्ञा होकर—

११५—अचः ॥ अ० ६ । ४ । १३८ ॥

असञ्ज्ञक अञ्चु धातु के अकार का लोप हो। जैसे—प्र—च—शस्, यहा—

---

(१) क्विन कुरिति सिध्यत प्रत्ययग्रहण कृतम्। क्विन्प्रत्ययस्य सर्वत्र पदान्ते कुत्वमिष्यत। महाभाष्य ८ । २ । ६२ ॥ इसी सूत्र पर है। यहा प्रत्यय ग्रहण का यही प्रयोजन है कि जिस जिस धातु से क्विन् प्रत्यय का विधान किया हो उस-उस को पदान्त में कवर्गादेश हो जाय।

(२) (न—अनुस्वार) नश्चापदान्तस्य झलि। सन्धि' १५२। (अनुस्वार—परसवर्ण) अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः [सन्धि १५७]।'

११६—चौ ॥ अ० ६ । ३ । १३८ ॥

चु शब्दमात्र अञ्चु (१) धातु परे हो तो पूर्व को दीर्घ हो । इससे प्र शब्द को दीर्घ हो के—प्राचः । प्राचा, प्राच्—भ्याम्, यहां (२) चकार को क् और ककार को ग् होके—प्राग्भ्याम्, प्राग्भिः; प्राचे, प्राग्भ्याम्, प्राग्भ्यः; प्राचः, प्राग्भ्याम्, प्राग्भ्यः; प्राचः, प्राचोः, प्राचाम्; प्राचि, प्राचोः, प्राक्षु । इसी प्रकार—प्रत्यङ्, प्रत्यञ्चौ, प्रत्यञ्चः; प्रत्यञ्चम्, प्रत्यञ्चौ, प्रतीचः । यहाँ 'चौ' इससे दीर्घादेश होता है । इत्यादि सब चकारान्त शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें । परन्तु उक्त शब्दों में में 'उदच्' और 'कुञ्च्' (३) के रूप सर्वनामस्थान भिन्न अजादि विभक्तियों में कुछ विशेष होते हैं—

११७—उद ईत् ॥ अ० ६ । ४ । १३९ ॥

उद् उपसर्ग से परे असंज्ञक अञ्चु धातु के आकार को ईकार आदेश हो । उदीचः, उदीचा, उदीचे, उदीचः, उदीचः, उदीचोः, उदीचां, उदीचि, उदीचोः, उदक्षु ।

"ऋत्विग्दधृक्०" इस सूत्र में निपातन होने से क्रुञ्च् शब्द की उपधा के नकार का लोप नहीं होता । सर्वनामस्थान में क्रुञ्च शब्द प्राच् शब्द के तुल्य है—क्रुङ् क्रुञ्चौ, क्रुञ्चः; क्रुञ्चम्, क्रुञ्चौ । क्रुञ्च्—शस्, यहाँ भी कुछ विशेष नहीं—क्रुञ्चः; क्रुञ्चा ।

---

(१) (चु) इससे उस अञ्च् धातु का ग्रहण है कि जिसके अकार [और] नकार का लोप हो जाता है ।

(२) (च्—क्) चोः कुः । सन्धि० १८९ । (क—ग्) झलां जश् झशि । सन्धि० २१४ ।

(३) (क्रुञ्च्) यहां धात्ववयव अपदान्त नकार के अनुस्वार को परसवर्ण हो जाता है ।

क्रुञ्च्—भ्याम्, यहाँ च् को क् और अनुस्वार को परसवर्ण ङकार होके ककार का लोप (१) हो जाता है। क्रुङ्भ्याम्, क्रुङ्भिः; क्रुञ्चे क्रुङ्भ्याम्, क्रुङ्भ्यः; क्रुञ्च , क्रुङ्भ्याम्, क्रुङ्भ्यः; क्रुञ्चः, क्रुञ्चोः, क्रुञ्चाम्, क्रुञ्चि, क्रुञ्चोः, क्रुङ्क्षु ।

॥ इति चकारान्ताः ॥

छकारान्त स्त्रीलिङ्ग वा पुंलिङ्ग प्राच् (२) शब्द ।

प्राच्—सु, यहाँ—

२१८-व्रश्च-भ्रस्ज सृज-मृज-यज-राज-भ्राजच्छशां षः ॥ अ० ८ । २ । ३६ ॥

झल् परे वा पदान्त में व्रश्च, भ्रस्ज, सृज, मृज, यज, राज, भ्राज इन को तथा छकारान्त और शकारान्त शब्दों को षकारादेश हो। जैसे—प्राप्—सु। यहाँ (३) प् के स्थान में ड् होके प्राड्—सु। सु का लोप और ड् के स्थान में विकल्प से चर् होके 'प्राट्, प्राड्' दो प्रयोग होते हैं । प्राच्—औ, यहा दीर्घ से परे (४) छकार को तुगागम होकर तकार को चकार हो जाता है—प्राच्चौ, प्राच्चः; प्राच्छम्, प्राच्चौ, प्राच्च ; प्राच्चा । प्राच्—भ्याम्, यहाँ पूर्ववत् छकार को 'प्' और 'प्' के स्थान में 'ड्' होके—प्राड्भ्याम्, प्राड्भि , प्राच्चे, प्राड्भ्याम्, प्राड्भ्यः; प्राच्च , प्राड्भ्याम्, प्राड्भ्यः,

---

(१) (क्—लोप) संयोगान्तस्य लोप [ना० ११३]।

(२) यह पछने वाली वा वाले का नाम है ।

(३) (प्—ड्) झला जशोऽन्ते [सन्धि० १२०] (ड् को विकल्प चर्) खरवसाने [ना० १११]।

(४) (तुक्) दीर्घात् । सन्धि० २१० । (त्—च्) स्तोः श्चुना श्चुः । सन्धि० २१३ ॥

प्राच्छः, प्राच्छोः, प्राच्छाम्; प्रा च्छ, प्राच्छो. । प्राड्—सु । डकार से परे सकार को धुट् (१) का विकल्प करके आगम और डकार को (२) टकार भी होता है । जैसे--प्राट्त्सु, प्राट्सु ।, संबोधन में कुछ विशेष नहीं है ।

॥ इति डकारान्तः ॥

जकारान्त पुंल्लिङ्ग ऋत्विज् (३) शब्द ।

ऋत्विज्—सु । यह शब्द क्विन् प्रत्ययान्त है । इस कारण इसको पदान्त में (४) कवर्गादेश हो जाता है । इस कवर्ग को विकल्प करके चर् और दूसरे पक्ष में जश् होके—ऋत्विक्, ऋत्विग्, ऋत्विजौ, ऋत्विज , ऋत्विजम्, ऋत्विजौ, ऋत्विजः, ऋत्विजा, ऋत्विग्भ्याम्, ऋत्विग्भि , ऋत्विजे, ऋत्विग्भ्याम्, ऋत्विग्भ्य ; ऋत्विजः, ऋत्विग्भ्याम , ऋत्विग्भ्य , ऋत्विजः, ऋत्विजोः, ऋत्विजाम्; ऋत्विजि, ऋत्विजो , ऋत्विज्--सु, यहा क्षुत्व होने से जकार को 'ग' आदेश होकर 'ग्' (५) को 'क्' और सु के 'स्' को 'ष्' आदेश हो जाता है । जैसे—ऋत्विक्षु । संबोधन मे यहाँ कुछ विशेष नहीं है । इसी प्रकार—उष्णिज्, भुरिज्, (६) उशिज्,

(१) (धुट्) ङ. सि धुट् । सन्धि० २०१ ।

(२) (ड्—ट्) खरि च । सन्धि० २३५ ।

(३) (ऋत्विज्) इसको कहते हैं जो ऋतु ऋतु में यज्ञ करे वा करावे ।

(४) (पदान्त—क्षुत्व) क्विन्प्रत्यय कु० [ना० ११४] ।

(५) (ग्—क्) खरि च । सन्धि० २३५ । (स्—ष्) आदेशप्रत्यययो [ना० ३४] ।

(६) भुरिज् इत्यादि शब्दों को 'चौ कु' (सन्धि० १८९) [से क्षुत्व] ।

वणिज् इत्यादि शब्दों के प्रयोग भी समझने चाहियें। परन्तु किन्हीं किन्हीं जकारान्त शब्दों के प्रयोगों में कुछ विशेष कार्य भी होता है। जैसे—परिव्राज्। इस शब्द के पदान्त में सर्वत्र जकार को † पकारादेश होता है। पकार के स्थान में 'ट्, ड्' पूर्ववत् हो के—परिव्राट्, परिव्राड्। परिव्राड्भ्याम्, परिव्राड्भिः; परिव्राजे, परिव्राड्भ्याम्, परिव्राड्भ्यः इत्यादि पूर्ववत् जानो। परिव्राट्सु, परिव्राट्त्सु। यहां भी सम्बोधन में कुछ विशेष नहीं। इसी प्रकार—विश्वभ्राज्, सम्राज्, विश्वराज, विराज्, यज्ञभृत् इत्यादि शब्दों के प्रयोग भी जानने चाहियें, परन्तु युज् (१) और अवयाज् इन दो शब्दों में कुछ विशेष है। युज्—सु—

११६-युजेरसमासे ॥ अ० ७। १। ७१ ॥

सर्वनामस्थान विभक्तियों से परे युज् शब्द को नुम् का आगम हो। जैसे—युन्—ज्—सु। यहाँ अन्य कार्य प्राच् शब्द के तुल्य समझने चाहिये। युङ्, युञ्जौ, युञ्ज; युञ्जम्, युञ्जौ, युजः; युजा, युग्भ्याम्, युग्भिः; युजे, युग्भ्याम्, युग्भ्यः, युजः, युग्भ्याम्, युग्भ्यः; युजः, युजो, युजाम्, युजि, युजाः, युक्षु। इन उक्त शब्दों में जहाँ कहीं सम्बोधन की योग्यता हो वहाँ प्रथमा विभक्ति के तुल्य ही सम्बोधन में भी प्रयोग समझने चाहियें। अवयाज्—सु (२)। इसकी जहाँ पदसंज्ञा होती है वहाँ—

---

(१) (युज्) यह युक्त होनेवाले का नाम है।

(२) यहां अवपूर्वक यज धातु से 'अवे यजः' [आ० ३।१०८] इस सूत्र से क्विन् प्रत्यय होता है।

---

† यहां जकार को पकार 'परौ व्रजेः षश्च पदान्ते' इस उणादि (२।५९) सूत्र से होता है।

१२०-वा०-श्वेतवाहादीनाम् डस् पदस्य ॥

अ० ३ । २ । ७१ ॥

श्वेतवाहादि प्रातिपदिकों को पदान्त में डस् आदेश हो [१] श्वेतवाहादिकों में अवयाज् शब्द भी है। प्रथमा विभक्ति के एक-वचन में इस के 'आज्' मात्र को 'डस्' होकर—अवयस्, यहाँ—

१२१—अत्वसन्तस्य चाधातोः ॥ अ०६।४।१४॥

जो सम्बुद्धिभिन्न सु विभक्ति परे हो तो धातुरहित अत्वन्त और असन्त शब्द की उपधा को दीर्घादेश हो। अवयाः, अवयाजौ, अवयाजः; अवयाजम्, अवयाजौ, अवयाजः; अवयाजा। अवयाज् आदि शब्दों को हलादि विभक्तियों में डस् हो के—अवयस्—भ्याम् यहाँ "ससजुषोरु ः" इस सूत्र से पदान्त सकार को रु हो के—अवय—रु—भ्याम्। यहाँ रुकार के उकार की इत्सञ्ज्ञा, लोप, रेफ को (१) उकार और पूर्व पर को गुण एकादेश ओकार होके—अवयोभ्याम्, अवयोभिः; अवयाजे, अवयोभ्याम्, अवयोभ्यः; अवयाजः, अवयोभ्याम्, अवयोभ्यः, अवयाज, अवयाजोः, अवयाजाम्, अवयाजि, अवयाजोः, अवयस्सु अवयःसु। सबोधन में—

१२२—अवयाः (२) श्वेतवाः पुरोडाश्च ॥

अ० ८ । २ । ६७ ॥

---

(१) (र्—उ) हशि च। सन्धि २५४।

(२) हे (अवयस्) यहां उक्त सूत्र से दीर्घ नहीं पाता है। इस कारण दीर्घ सिद्ध करने के लिए यह सूत्र है।

---

† अन्य व्याख्याकार इस वार्तिक की व्याख्या इस प्रकार करते हैं—श्वेतवाहादिकों की जहां भावी-पदसञ्ज्ञा हो वहां ण्विन् के स्थान में डस् प्रत्यय होता है। परन्तु उपर्युक्त व्याख्या अधिक युक्त है।

[१] ना० १४।

अवयाः, श्वेतवा', पुरोडाः ये निपातन हैं। हे अवयाः, हे अवयाजौ, हे अवयाज. ।

॥ इति जकारान्ताः ॥

अथ टकारान्त स्त्रीलिङ्ग वा पुंस्लिङ्ग सरट् शब्द ।

सरट्—सु, यहाँ "हल्ङया० ‡" इस सूत्र से लोप और विकल्प से चर् होके—सरट, सरड्, सरटौ, सरट ; सरटम्, सरटौ, सरटः, सरटा, सरट्—भ्याम् । यहाँ जश् (१) होके—सरड्भ्याम्, सरड्भि.; सरटे, सरड्भ्याम्, सरड्भ्य , सरट , सरड्भ्याम्, सरड्भ्य ; सरटः, सरटो , सरटाम्, सरटि, सरटो , सरट्सु सरट्सु । सबोधन में कुछ विशेष नहीं । इसी प्रकार अन्य भी लघट् आदि टकारान्त शब्दों के रूप समझने चाहियें ।

॥ इति टकारान्ताः ॥

तकारान्त नियतपुँल्लिङ्ग मरुत् शब्द ।

मरुत्—सु । पूर्ववत् । मरुत्, मरुद्, मरुतौ, मरुतः, मरुतम्, मरुतौ, मरुत , मरुता, मरुद्भ्याम्, मरुद्भि , मरुते, मरुद्भ्याम्, मरुद्भ्य ; मरुत , मरुद्भ्याम, मरुद्भ्य , मरुत , मरुतो , मरुताम्, मरुति, मरुतोः, मरुत्सु। सबोधन में कुछ विशेष नहीं । इसी प्रकार—हरित्, रोहित्, संश्चत्, तृपत्, वेहत् इत्यादि तकारान्त स्त्रीलिङ्ग और पुल्लिङ्ग शब्दों के प्रयोग के समान ही जानने चाहिये ।

अब उन तकारान्तों को दिखलाते हैं कि जिनमें कुछ विशेष कार्य होते हैं—

(१) (जश्) झलां जशोन्ते । सन्धि० १२० ।

‡ ना० ४८ ।

तकारान्त पठत् शब्द पुंल्लिङ्ग ।

(१) पठत्—सु । यहाँ सर्वनामस्थान में (२) नुम् और सयोगान्तलाप हा के—पठन्, पठन्तौ, पठन्त , पठन्तम, पठन्तौ, पठत । आगे मरत् शब्द के समान प्रयाग जानन चाहियें । इसी प्रकार—पचत्, कुर्वत्, गच्छत्, पृषत्, बृहत् इत्यादि शब्दों के प्रयोग भी समझने चाहिय । महत् शब्दा म कुछ विशेष है । जैसे—महत्—सु । यहाँ पूर्ववत् नुम् का आगम होक—महन्त्—सु, इस अवस्था में—

१२३—सान्तमहतः संयोस्य ॥ अ० ६।४।१०॥

जो सबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो सकारान्तसयागी और महत् शब्द क नकार की उपधा को दीर्घ हो । यहाँ दीर्घ और पूर्ववत् तकार का लोप होके—महान्, महान्तौ, महान्त , महान्तम्, महान्तौ । आगे के प्रयोग मरुत् शब्द के समान समझने चाहियें । [गामत्, यशमत् धनवत्, अश्ववत्, विद्यावत् इत्यादि] मतुप् प्रत्ययान्त तकारान्त शब्दों को असन्त शब्दों के समान सबुद्धिभिन्न सु विभक्ति परे (३) दीर्घ हाता है । गोमान्, यशमान्, धनवान्, अश्ववान्, विद्यावान् इत्यादि । आगे सब विभक्तियों में रूप पठत् शब्द के समान समझना चाहिय । गोमता, गोमद्भ्याम् इत्यादि । सबोधन मे—हे गोमन्, हे यशमन्, हे धनवन् इत्यादि ।

॥ इति तकारान्ता ॥

---

(१) (पठत्) पढने वाले को कहत हैं । पठत् आदि शब्द स्त्रीलिङ्ग में ङीवन्त [पठन्ती] होकर प्रयोगविषय में कुमारी शब्द के समान हो जाते हैं ।

(२) (नुम्) शृगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातो [ना० ११२] ।

(३) (दीर्घः) अत्वसन्तस्य चाधातो [ना० १२१] ।

दकारान्त स्त्रीलिङ्ग सम्पद् (१) शब्द ।

सम्पद्—सु । यहाँ भी "हल्ङ्याट्०†" इस सूत्र से लोप और विकल्प से चर् होकर दो प्रयोग होते हैं—सम्पद्, सम्पत्, सम्पदौ, सम्पदः इत्यादि । इसी प्रकार—शरद्, भसद्, दृषद्, विपद्, आपद्, प्रतिपद्—स्त्रीलिङ्ग और विद्विद्, काष्ठभिद्, नखच्छिद् इत्यादि दकारान्त शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में समान समझने चाहियें । जैसे – शरत्, शरद्, शरदौ, शरदः इत्यादि । और वेदवित् वेदविद्, वेदविदौ, वेदाविदः इत्यादिवत् । *॥ इति दकारान्ताः ॥*

नकारान्त पुंल्लिङ्ग राजन् शब्द ।

राजन्—सु । यहाँ (२) दीर्घ और (३) न लोप होकर—राजा, राजानौ, राजानः; राजानम्, राजानौ, राजन्—शस्, यहाँ (४) अल्लोप होकर—राजन्—अस् । नकार को (५) अकारादेश होकर—राजः । राज्ञा, राजन्—भ्याम् । यहाँ भी नकार का लोप होकर—राज—भ्याम् । अब यहाँ नलोप के पश्चात् "सुपि च‡" इस सूत्र से दीर्घादेश प्राप्त है सो यह नलोप के असिद्ध (६) होने से नहीं होता । राजभिः, राज्ञे, राजभ्याम, राजभ्यः; राज्ञः, राजभ्याम्, राजभ्यः; राज्ञः, राज्ञोः, राज्ञाम् । राजन्—ङि, यहाँ "विभाषा ङिश्यो* " इससे आकार का लोप विकल्प से होकर

---

(१) (सम्पद्) यह धनादि ऐश्वर्य का द्योतक है ।
(२) (दीर्घ) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४४] ।
(३) (न—लोप) नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य [ना० ६७] ।
(४) (अल्लोप) अल्लोपोऽनः [ना० ७२] ।
(५) (न—अ) स्तोः श्चुना श्चुः । सन्धि० २१३ ।
(६) (नलोप असिद्ध) नलोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु कृति ।
सन्धि० ११९ । [† ना० ४८ । ‡ ना० २६ । * ना० ७४ ।]

दो प्रयोग बन जाते हैं—राज्ञि, राजनि। संबोधन में—हे राजन्, हे राजानौ, हे राजानः। इसी प्रकार—वृषन्, तक्षन्, प्लीहन्, क्लेदन्, स्नेहन्, मूर्धन्, मज्जन्, विश्वप्सन्, स्थामन्, सुत्रामन्, धरिमन्, शरिमन्, जनिमन्, प्रथिमन्, मृदिमन्, महिमन्, सुदामन्, सुधीवन्, घृतपावन्, भूरिदावन् इत्यादि शब्दों के रूप भी समझने चाहियें। और जिन नकारान्त शब्दों में कुछ विशेष कार्य होता है, उनको यहाँ लिखते हैं—

पुंल्लिङ्ग नकारान्त आत्मन् शब्द।

आत्मा, आत्मानौ, आत्मानः; आत्मानम्, आत्मानौ। इस शब्द में इतना विशेष है कि 'शस्, टा, ङे, ङसि, ङस्, ओस्, आम्, ङि, ओस्' इन विभक्तियों में भसंज्ञा के होने से [अकार लोप की प्राप्ति होती है, उसका]।

१२४—न संयोगाद्यमन्तात् ॥ अ० ६।४।१३७॥

जो वकारान्त और मकारान्त संयोग से परे अन् हो तो तदन्त भसंज्ञक आकार का लोप न हो। जैसे—आत्मनः, आत्मना, आत्मने, आत्मनः, आत्मनः, आत्मनोः आत्मनाम्, आत्मनि, आत्मनोः। इसी प्रकार—सुशर्मन्, सुधर्मन्, अश्मन्, शक्मन्, परिज्मन्, यज्वन्, सुपर्वन्, अथर्वन्, मातरिश्वन् इत्यादि शब्दों के रूप भी जानने चाहियें। परन्तु नकारान्त पुंल्लिङ्ग अर्यमन् और पूषन् शब्दों के रूप में इतना विशेष है कि जहाँ कहीं समास होकर ये दोनों नपुंसकलिङ्ग हो जावें, [जैसे—बहुपूषन्, बह्वर्यमन् ब्राह्मणकुलम्] वहाँ प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में—

१२५—इनहन्पूषार्यम्णां शौ ॥ अ० ६।४।१२॥

इन्, हन्, पूषन्, और अर्यमन् ये जिनके अन्त में हों उन अङ्गों की उपधा को 'शि' विभक्ति के परे दीर्घ हो जावे। यह सूत्र

नियमार्थ है। अर्थात् जो सर्वत्र सर्वनामस्थान में नकारान्त की उपधा को दीर्घादेश प्राप्त था सो न हो, किन्तु 'शि' के परे ही हो। जैसे—बहुपूषाणि, बह्वर्यमाणि।

१२६—सौ च ॥ अ० ६ । ४ । १३ ॥

और पुँल्लिङ्ग में भी सु विभक्ति के परे इन्, हन्, पूषन् और अर्यमन् इनकी उपधा को दीर्घ हो। जैसे—धनी, शत्रुहा, पूषा, अर्यमा। इनको अन्य विभक्तियों में नियम के होने से दीर्घ नहीं होता। जैसे—पूषणौ, अर्यमणौ, पूषण, अर्यमणः, पूषणम्, अर्यमणम्, पूषणौ, अर्यमणौ। आगे इनके रूप राजन् शब्द के समान समझने चाहियें। वेद में [नक्षन्, ऋभुक्षन् इत्यादि] पवूवे नान्त की उपधा मे कुछ विशेष है। जैसे—

१२७—वा घपूर्वस्य निगमे ॥ अ० ६ । ४ । ६ ॥

जो वेद में सबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो पकार पूर्व वाले नान्त की उपधा के अच् को विकल्प करके दीर्घ हो। स तक्षाणं तिष्ठन्तमब्रवीत्, स तक्षण तिष्ठन्तमब्रवीत्, ऋभुक्षाणमिन्द्रम्, ऋभुक्षणमिन्द्रम् इत्यादि। श्वन्, युवन् और मघवन् शब्दों के प्रयोग सर्वनामस्थान में राजन् शब्द के समान होते हैं, परन्तु सर्वनामस्थान भिन्न अजादि विभक्तियों में कुछ विशेष है। जैसे—श्वा, श्वानौ, श्वान ; श्वानम्, [श्वानौ,] श्वान—शस्—

१२८—श्वयुवमघोनामतद्धिते ॥ अ० ६ । ४ । १३३ ॥

जो भसञ्ज्ञक श्वन्, युवन् और मघवन् अङ्ग हैं उनको सम्प्रसारण हो। इससे वकार को उकार हुआ। जैसे—शुउ अन्—शस्।

१२९—सम्प्रसारणाच्च ॥ अ० ६ । १ । १०७ ॥

जो सम्प्रसारण सञ्ज्ञक वर्ण से परे अच् हो तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वरूप एकादेश हो। इससे उकार अकार को मिल के वकार

हुआ। जैसे—शुनः, शुना, श्वभ्याम्, श्वभि; शुने, श्वभ्याम्, श्वभ्य॰; शुनः, श्वभ्याम, श्वभ्यः; शुन॰, शुनो, शुनाम्; शुनि, शुनोः, श्वसु। युवा, युवानौ, युवानः; युवानम्, युवानौ, यूनः (१); यूना, युवभ्याम्, युवभि॰; यूने, युवभ्याम्, युवभ्यः; यूनः, युवभ्याम्, युवभ्य॰; यूनः, यूनो, यूनाम्; यूनि, यूनाः, युवसु। मघवा, मघवानौ, मघवान; मघवानम्, मघवानौ, मघोन, मघोना, मघवभ्याम्, मघवभिः; मघोने, मघवभ्याम्, मघवभ्यः, मघोन, मघवभ्याम्, मघवभ्यः; मघोनः, मघोनो॰, मघोनाम्; मघोनि, मघोनोः, मघवसु। सबोधन में—हे मघवन्, हे मघवानौ, मघवानः।

१३०—मघवा बहुलम् ॥ अ० ६। ४। १२८॥

मघवन् इस अङ्ग को तृ आदेश बहुल करके हो। जैसे—मघवतृ—स् यहां ऋकार की इत्सज्ञा, लोप, नुम् (२) और वपधादीर्घ काय होकर—मघवान्, मघवन्तौ, मघवन्त॰, मघवन्तम्, मघवन्तौ, मघवत; (३) मघवता। मघवत्—भ्याम्, यहाँ जश् होके—मघवद्भ्याम, मघवद्भि॰ इत्यादि।

---

(१) (यून) यहाँ संप्रसारण होकर 'यु—उ—न्' इस अवस्था में सवर्णदीर्घ एकादेश हो जाता है।

(२) (नुम्) उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातो [ना० ११२]। (दीर्घ) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४४]।

(३) 'अयुयमघोनामतद्धिते' इस सूत्र से मघवन् शब्द के नकारान्त निर्देश से इसके तृभाव अर्थात् मघवतृ शब्द को संप्रसारण नहीं होता। अथवा 'अयुय०' इस सूत्र में 'अल्लोपोऽन' इस उत्तरसूत्र से 'अनः' इस पद का आकर्षण करके, श्व, युव, मघव इत्यादि [अवन्त अर्थात्] नकारान्त शब्दों को ही संप्रसारण होता है।

नकारान्त नपुंसकलिङ्ग सामन् शब्द ।

सामन्—सु । यहाँ सुलोप (१) और नलोप होकर—साम । सामन्—औ । औकार के स्थान मे शी (२) आदेश [और] विकल्प करके आकार का लोप होकर—साम्नी, सामनी । सामन्—जस् । (२) शि आदेश और नान्त की उपधा को दीर्घ होके—सामानि । फिर भी—साम, साम्नी, सामनी, सामानि । आगे राजन् शब्द के समान इसके प्रयोग जानने चाहियें । संबोधन में इतना विशेष है कि—

१३१—वा०—वा नपुंसकानाम् ॥ अ० ८ । २ । ८ ॥

संबुद्धि में नपुंसकलिङ्ग शब्दो के नकार का लोप विकल्प करके होवे । हे साम, हे सामन् । इसी प्रकार—सीमन्, नामन्, व्योमन् रोमन्, लोमन्, पामन् इत्यादि शब्दों के रूप भी जानने चाहियें । और जो—कर्मन्, चर्मन्, भस्मन्, जन्मन्, शर्मन् इत्यादि मकारान्त सयोग वाले नकारान्त नपुंसक शब्द हैं उनके प्रयोग सर्वनामस्थान में सामन् शब्द के समान और अन्य विभक्तियों में आत्मन् शब्द के समान समझने चाहिये । जैसे—कर्मणा इत्यादि ।

नकारान्त पुंल्लिङ्ग वृत्रहन् शब्द ।

वृत्रहन्—सु । यहाँ "सौ च" [ना० १२५] इस सूत्र से दीर्घ होके—वृत्रहा । वृत्रहन्—औ ।

---

(१) (सु—लोप) स्वमोर्नपुंसकात् [ना० ७०] । (न—लोप) न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य [ना० ६७] ।

(२) (शी—आदेश) नपुंसकाच्च [ना० ४०] (अ—लोप विकल्प) विभाषा ङिश्योः [ना० ७४] ।

(३) (शि—आदेश) जश्शसो शि [ना० ४१] (नान्तोपधा दीर्घः) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४४] ।

१३२—एकाजुत्तरपदे णः ॥ अ० ८ । ४ । १२ ॥

जिस समास में एकाच् शब्द उत्तर पद हो, उसमें पूर्वपदस्थ रेफ षकार से परे प्रातिपदिकान्त, और विभक्तिस्थ नकार को णकारादेश हो । जैसे—वृत्रहणौ, वृत्रहणः; वृत्रहणम्, वृत्रहणौ । वृत्रहन्—शस्, यहाँ हन् के (१) अकार का लोप होकर—

१३३—हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु ॥ अ० ७ । ३ । ५४ ॥

ञित् णित् प्रत्यय वा नकार परे हो तो हन् धातु के हकार को घकारादेश हो । वृत्रघ्नः (२) । वृत्रघ्ना, वृत्रहभ्याम्, वृत्रहभिः; वृत्रघ्ने, वृत्रहभ्याम्, वृत्रहभ्यः; वृत्रघ्नः, वृत्रहभ्याम्, वृत्रहभ्यः; वृत्रघ्नः, वृत्रघ्नोः, वृत्रघ्नाम्; वृत्रघ्नि, वृत्रहणि, वृत्रघ्नोः, वृत्रहसु । हे वृत्रहन्, हे वृत्रहणौ, हे वृत्रहणः । इसी प्रकार—ब्रह्मन्, भ्रूणहन् इत्यादि शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें ।

नकारान्त नपुंसकलिङ्ग अहन् शब्द ।

अहन्—सु ।

१३४—अहन् ॥ अ० ८ । २ । ६८ ॥

पदान्त में अहन् शब्द को र आदेश हो । विसर्जनीय होके—अहः । अहन्—औ, सामन् शब्द के समान—अह्नी अह्नी, अहानि फिर भी—अहः, अह्नी अह्नी, अहानि; अह्ना । अहन्—भ्याम्,

---

(१) (अ—लोप) अल्लोपोऽनः [ना० ७३] ।

(२) (वृत्रहन्) इस अवस्था में 'अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि (सन्धि० ९१) इस परिभाषा से अल्लोप स्थानिवत् हो तो नकार के परे 'ह' न मिले । [अतः] हकार के कुप्वाङ्विधानसामर्थ्य से यहाँ अल्लोप स्थानिवत् नहीं होता ।

यहाँ भी नकार को ह, उसके रेफ को उकार और अकार उकार को गुण एकादेश हो के—अह्नोभ्याम्, अह्नोभिः; अह्ने, अह्नोभ्याम्, अह्नोभ्यः; अह्नः, अह्नोभ्याम्, अह्नोभ्यः; अह्न, अह्नोः, अह्नाम्; अह्नि अह्नि, अह्नोः, अह्नसु अह्न सु। यद्यपि णिनि तथा इनि प्रत्ययान्त अनेक नकारान्त शब्दों में कुछ विशेष नहीं, तथापि उनमें से एक के प्रयोग लिखते हैं।

इनन्त पुंलिङ्ग दण्डिन् शब्द।

दण्डिन्—यहाँ "सौ च" [ना० १२५] इस सूत्र से दीर्घ होके—दण्डी, दण्डिनौ, दण्डिनः; दण्डिनम्, दण्डिनौ, दण्डिनः; दण्डिना, दण्डिभ्याम, दण्डिभिः, दण्डिने, दण्डिभ्याम्, दण्डिभ्यः; दण्डिन, दण्डिभ्याम्, दण्डिभ्यः; दण्डिनः, दण्डिनोः, दण्डिनाम्; दण्डिनि, दण्डिनोः, दण्डिषु। सबोधन में—हे दण्डिन्, हे दण्डिनौ, हे दण्डिनः। इसी प्रकार—धनिन्, कुमारघातिन्, शीर्षघातिन्, उष्णभोजिन्, साधुकारिन्, ब्रह्मवादिन्, भ्राड्डराविन्, स्थण्डिलशायिन्, पण्डितमानिन्, सोमयाजिन् इत्यादि शब्दों के प्रयोग जानने चाहियें। दण्डिन् आदि शब्द यदि किसी प्रकार नपुंसकलिङ्ग में भी आवें तो उनके प्रयोग प्रायः वारि शब्द के समान समझने चाहियें। परन्तु षष्ठीविभक्ति के बहुवचन में दण्डिन् आदि नकारान्त शब्दों को दीर्घ नहीं होगा।

नकारान्त पञ्चन्, सप्तन् और अष्टन् इत्यादि बहुवचनान्त संख्यावाची शब्द तीनों लिङ्गों में समान ही होते हैं। अष्टन्—जस्—

१२५—अष्टन आ विभक्तौ ॥ अ० ७।२।८४॥

विभक्तिमात्र के परे अष्टन् शब्द को आकारादेश हो। यद्यपि सूत्र में विकल्प ग्रहण नहीं है, तथापि "अष्टाभ्य औश्" इस [वक्ष्यमाण] सूत्र में आकारान्त अष्टन् शब्द के ग्रहण से सूचित

होता है कि अष्टन् शब्द को आकारादेश विकल्प करके होता है [अन्यथा लाघव के लिए 'अष्टन आौश्' सूत्र बनाना युक्त था] जैसे—'अष्टा—जस्, अष्टन्—जस् इस अवस्था में—

१३६—अष्टाभ्य औश् ॥ अ० ७ । १ । २१ ॥

जिसको आकारादेश किया हो ऐसे अष्टन् शब्द से परे जस् और शस् विभक्ति को औकारादेश हो। वृद्धि एकादेश होकर—अष्टौ, अष्टौ। द्वितीय पक्ष मे—

१३७—ष्णान्ता षट् ॥ अ० १ । १ । २४ ॥

षकारान्त और नकारान्त संख्यावाची शब्द षट्संज्ञक हों। षट्संज्ञा होकर—

१३८—षड्भ्यो लुक् ॥ अ० ७ । १ । २२ ॥

षट्संज्ञक अर्थात् षकारान्त और नकारान्त संख्यावाची शब्दों से परे जस् और शस् विभक्ति का लुक् हो। अष्ट तिष्ठन्ति, अष्ट पश्य, अष्टभि अष्टाभिः, अष्टभ्य अष्टाभ्य, अष्टभ्यः अष्टाभ्यः। अष्टन्—आम्, इस अवस्था में—

१३९—षट्चतुर्भ्यश्च ॥ अ० ७ । १ । ५५ ॥

षट्संज्ञक और चतुर् शब्द से परे आम् विभक्ति को नुट् का आगम हो। नुट् होकर—'अष्टन्—न्—आम्' इस अवस्था में—

१४०—नोपधायाः ॥ अ० ६ । ४ । ७ ॥

नुट्सहित आम् विभक्ति परे हो तो नान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ हो। जैसे—अष्टन्—न्—आम्। नलोप होकर—अष्टानाम्। अष्टसु, अष्टासु। पञ्च, पञ्च, पञ्चभिः, पञ्चभ्यः, पञ्चभ्य, पञ्चनाम्, पञ्चसु। इसी प्रकार—सप्तन्, नवन्, दशन् इत्यादि षट्संज्ञक शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें। तथा नकारान्तों से प्रतिदिघन्

शब्द में कुछ विशेष है। प्रतिदिवा, प्रतिदिवानौ, प्रतिदिवान; प्रति-दिवानम्; प्रतिदिवानौ। प्रतिदिवन्—शस्। यहाँ "अल्लोपोऽनः" [ना० ७२] इससे भसंज्ञा में आकार का लोप होके—

१४१—हृल्ङि च ॥ अ० ८। २। ७७ ॥

हल् परे हो तो रेफान्त वकारान्त धातु की उपधा के इक् को दीर्घ हो। इस भसंज्ञा में सर्वत्र ही दीर्घ होके—प्रतिदीव्नः, प्रति-दीव्ना; प्रतिदीव्ने, प्रतिदीव्नः, प्रतिदीव्नः, प्रतिदीव्नोः; प्रतिदीव्नाम्, प्रतिदीव्नि (१) प्रतिदीवनि, प्रतिदीव्नः। इन्नन्त शब्दों के प्रयोगों में—पथिन्, माथिन् और ऋभुक्षिन्। इन तीन शब्दों के प्रयोग कुछ विशेष होते हैं। पथिन्—सु—

१४२—पथिमथ्यृभुक्षामात् ॥ अ० ७। १। ८५ ॥

सु विभक्ति के परे—पथिन्, मथिन्, ऋभुक्षिन् इन शब्दों को आकारादेश हो। यहां नकार के स्थान में आकारादेश होके—'पथि—आ—सु' इस अवस्था में—

१४३—इतोऽत्सर्वनामस्थाने ॥ अ० ७।१।८६॥

सर्वनामस्थान विभक्तियों के परे पथिन् आदि शब्दों के इकार को आकारादेश हो। पथ्—अ—आ—सु, इस अवस्था में—

१४४—थो न्थः ॥ अ० ७। १। ८७ ॥

पथिन् और मथिन् शब्द के थकार को सर्वनामस्थान विभक्तियों के परे न्थ आदेश हो इससे न्थ आदेश होकर—पन्थ्—अ—आ—सु। यहा अकार और आकार को दीर्घ एकादेश होके—पन्थाः।

---

(१) यहां 'विभाषा ङिश्योः' [ना० ७४] इस सूत्र से विकल्प करके अलोप होकर दो प्रयोग हो जाते हैं।

पथिन्—औ, यहाँ इकार को आकार होकर—पन्थानौ, पन्थान', पन्थानम्। पथिन्—शस्—

१४५—भस्य टेर्लोपः ॥ अ० ७ । १ । ८८ ॥

भसञ्ज्ञक पथिन् आदि शब्द की टि अर्थात् इन्मात्र का लोप हो। जैसे—पथ्—शस्। पथ, पथा, पथिभ्याम्, पथिभि, पथे, पथिभ्याम्, पथिभ्य, पथ, पथिभ्याम्, पथिभ्य, पथ, पथां, पथाम्, पथि, पथो, पथिषु। इसी प्रकार मथिन् और ऋभुक्षिन् शब्द के रूप भी समझने चाहिये।

॥ इति नकारान्ता ॥

अथ पकारान्त अनियतलिङ्ग सुप् शब्द।

सुप्—सु। यहाँ "हल्ङ्याब्०" [ना० ४८] इस सूत्र से सकार का लोप होके—सुप्, सुब्। सुप्—औ = सुपौ, सुप, सुपम्, सुपौ, सुप, सुपा। भ्याम् आदि कलादि विभक्तियों में पकार को (१) बकार हो जाता है—सुब्भ्याम्, सुब्भि, सुपे, सुबभ्याम्, सुबभ्य; सुप, सुपो, सुपाम्, सुपि, सुपा, सुप्सु। इसी प्रकार—तिप्, मिप्, कप्, शप् आदि शब्दों के प्रयोग भी समझने चाहियें। परन्तु अप् शब्द में कुछ विशेष है—

पकारान्त नियतस्त्रीलिङ्ग बहुवचनान्त अप् शब्द।

अप् शब्द से सातों विभक्तियों के बहुवचन ही आते हैं। अप्—जस्। यहाँ (२) दीर्घ होके—आप। अप्—शस्। यहाँ कुछ विशेष नहीं—अप। अप्—भिस्, यहाँ—

---

(१) (प्—ब्) झलां जशोऽन्ते। सन्धि० १८९॥

(२) (श्रीर्) अपृक्तएकाल्प्रत्ययः। [ना० १०१]।

१४६—अपो भिः ॥ अ० ७ । ४ । ४८ ॥

भकारादि प्रत्यय के परे अप् शब्द के अन्त को तकारादेश हो। तकार के स्थान में दकार होकर—अद्भिः, अद्भ्यः, अद्भ्यः; अपाम्, अप्सु।

॥ इति पकारान्ताः ॥

भकारान्त नियतस्त्रीलिङ्ग ककुभ् (१) शब्द।

ककुभ्—सु। यहाँ सु के सकार का लोप होके भकार [को वकार और बस] के स्थान में विकल्प करके सबों को चर् होते हैं। जैसे—ककुप् ककुप्, ककुभौ, ककुभः; ककुभम्, ककुभौ, ककुभः; ककुभा, ककुब्भ्याम्, ककुब्भिः; ककुभे, ककुब्भ्याम्, ककुब्भ्यः; ककुभः, ककुब्भ्याम्, ककुब्भ्यः; ककुभः, ककुभोः, ककुभाम्; ककुभि, ककुभोः, ककुत्सु। इसी प्रकार—त्रिष्टुभ्, अनुष्टुभ् आदि शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें—

॥ इति भकारान्तः ॥

रेफान्त नियतस्त्रीलिङ्ग गिर् शब्द।

गिर्—सु। यहाँ सकार का लोप होकर।

१४७—वोरुपधाया दीर्घ इकः ॥ अ० ८ । २ । ७६ ॥

जो पदान्त में रेफवकारान्त धातु की उपधा इक् उसको दीर्घ हो। गीः, गिरौ, गिरः; गिरम्, गिरौ, गिरः; गिरा, गीर्भ्याम्, गीर्भिः; गिरे, गीर्भ्याम्, गीर्भ्यः; गिरः, गीर्भ्याम्, गीर्भ्यः; गिरः, गिरोः,

(१) (ककुभ्) यह दिशा का नाम है। (स्—लोप) हलङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुतिस्यपृक्तं हल् [पा० ६८]। [भ—ब्, झलां जशोन्ते सन्धि० १९०] (चर्-विकल्प) खरवसानयोः [पा० ८।४।५५]।

गिराम्; गिरि, गिरोः। गिर्—सु। यहाँ खर् प्रत्याहार के परे र् के स्थान में (१) विसर्जनीय पाते हैं इस लिए उत्तर सूत्र नियमार्थ है—

१४८—रोः सुपि ॥ अ० ८। ३। १६ ॥

सुप् अर्थात् सप्तमी बहुवचन के परे रेफ के स्थान में विसर्जनीय हों तो र् के रेफ ही को हों। इससे 'गिर्' इसके रेफ को विसर्जनीय न हुए। सुपधा को दीर्घ और (२) सकार को मूर्द्धन्यादेश होके—गीर्षु। इसी प्रकार—धुर्, पुर्, तुर्, भुर्, जूर्, तूर् इत्यादि शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें। परन्तु रेफान्त शब्दों में चतुर् शब्द के प्रयोग विशेष होते हैं। इस शब्द से बहुवचन विभक्ति ही आती हैं। और तीनों लिङ्गों में इसका प्रयोग किया जाता है। चतुर्—जस्—

१४९—चतुरनडुहोरामुदात्तः ॥ अ० ७।१।९८ ॥

जो सर्वनामस्थान विभक्ति परे हो तो चतुर् और अनडुह् शब्द को आम् का आगम [हो] और वह उदात्त भी हो। आम् आगम 'तु' से परे होकर—चतु—आ—र्—जस्। यणादेश, विसर्जनीय और इत्सञ्ज्ञादि कार्य होकर—चत्वार.। चतुर्—शस् = चतुरः। पुंल्लिङ्ग में ऐसे प्रयोग होते हैं। नपुंसकलिङ्ग में—जस् और शस् विभक्ति के स्थान में शि आदेश हो जाता है चत्वारि, चत्वारि। स्त्रीलिङ्ग में त्रि—चतुर् शब्द को तिसृ और चतसृ आदेश होजाते हैं। यह सब व्यवस्था ऋकारान्त विषय में कह चुके हैं†। चतुर्भिः, चतुर्भ्यः, चतुर्भ्यः। चतुर्—आम्। यहाँ आम् विभक्ति को नुट् (३) का आगम होकर—

---

(१) (विसर्जनीय) खरवसानयोर्विसर्जनीयः [ना० १६]।
(२) (स—ष्) आदेशप्रत्यययो [ना० १४]।
(३) (आम्—नुट्) षट्चतुर्भ्यश्च [ना० ११९]।

† देखो पूर्व पृष्ठ ४५, ४६।

२५०—रषाभ्यां नो णः समानपदे ॥ अ० ८।४।१॥

एकपद मे रेफ और षकार से परे नकार को णकारादेश हो। इससे णकार और उसको [विकल्प करके] द्वित्व (१) होजाता है। [चतुर्णाम्] चतुर्णाम्, चतुर्षु। उक्त त्रि और चतुर् शब्द किसी शब्द के साथ बहुव्रीहि समास मे हों तो [उनके प्रयोग] सब वचनों में होते हैं जैसे—प्रियचत्वाः, प्रियचत्वारौ, प्रियचत्वारः; प्रियचत्वारम्, प्रियचत्वारौ, प्रियचतुरः; प्रियचतुरा, प्रियचतुर्भ्याम्, प्रियचतुर्भिः; प्रियचतुरे, प्रियचतुर्भ्याम्, प्रियचतुर्भ्यः; प्रियचतुरः, प्रियचतुर्भ्याम्, प्रियचतुर्भ्यः; प्रियचतुरः, प्रियचतुरो, प्रियचतुराम्, प्रियचतुरि, प्रियचतुरोः, प्रियचतुर्षु। संबुद्धि के परे 'अम् सबुद्धौ'‡ [अ० ७।१।९९] इस सूत्र से अम् का आगम होकर—हे प्रियचत्वः, हे, प्रियचत्वारौ हे प्रियचत्वारः।

॥ इति रेफान्तः ॥

वकारान्त नियतस्त्रीलिङ्ग (२) दिव् शब्द ॥

दिव—सु। यहाँ—

१५१—दिव औत् ॥ अ० ७।१।८४॥

सु विभक्ति के परे दिव् शब्द को औकारादेश हो। इससे वकार के स्थान मे औ होकर—दि—औ—सु। यणादेश होके—द्यौः दिवौ, दिवः; दिवम, दिवौ, दिवः; दिवा। दिव्—भ्याम्—

---

* (१) (द्वित्व) अचो रहाभ्यां द्वे। सन्धि० २२१।
(२) यह प्रकाशमान पदार्थ का नाम है।

---

‡ संबुद्धि परे रहने पर चतुर् और अनुडुह् शब्द को 'अम्' का आगम होता है।

१५२—दिव उत् ॥ अ० ६। १।१३० ॥

पदान्त में दिव् शब्द के वकार को उत् आदेश हो। वकार को उकार और पूर्व को यणादेश होकर—द्युभ्याम्, द्युभिः, दिवे, द्युभ्याम्, द्युभ्यः; दिवः, द्युभ्याम्, द्युभ्यः; दिव, दिवोः, दिवाम्; दिवि, दिवोः, द्युषु।

शकारान्त स्त्रीलिङ्ग (१) दिश् शब्द।

दिश्—सु। पदान्त मे (२) कुत्व होकर—दिक्, दिग्, दिशौ, दिशः; दिशम्, दिशौ, दिशः; दिशा, दिग्भ्याम्, दिग्भिः; दिशे, दिग्भ्याम्, दिग्भ्यः; दिशः, दिग्भ्याम्; दिग्भ्यः; दिशि, दिशोः, दिशाम्; दिशि, दिशोः। दिक्—सु, यहाँ भी प्रत्यय सकार को मूर्धन्य षकार होकर—दिक्षु। इसी प्रकार—विश्, लिश्, घृतस्पृश्, दृश्, कीदृश्, ईदृश्, सदृश्, तादृश्, यादृश्, एतादृश्, न्यादृश्, इत्यादि शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें। वेद में विशेष यह है कि—

१५३—दृक्स्वरुस्वतवसां छन्दसि ॥ अ० ७।१।८३॥

वेद मे दृगन्त, स्वरुस् और स्वतवस् शब्दों को सु विभक्ति के परे नुम् का आगम हो। जैसे—ईदृङ्, कीदृङ्, यादृङ्, तादृङ्, सदृङ् इत्यादि। स्वरुस् और स्वतवस् इन दोनों के प्रयोग सकारान्तों में देख लेना। परन्तु इन तालव्यान्त शब्दों में यदि कोई शब्द नपुंसलिङ्ग में भी आवे तो उसके प्रयोग इस प्रकार होंगे—

शकारान्त नपुंसकलिङ्ग सदृश् शब्द।

सदृक्, सदृग्, सदृशी, सदृंशि। फिर भी—सदृक्, सदृग्, सदृशी, सदृंशि; सदृशा इत्यादि पूर्ववत्।

---

(१) (दिव्) यह शब्द क्वित्प्रायवान्त है।

(२) (कुत्व) 'क्विन् प्रत्ययस्य कुः [ना० ११४] इस सूत्र से।

षकारान्त स्त्रीलिङ्ग प्रावृष् शब्द ।

प्रावृष्—सु । यहाँ (१) षकार को डकार और विकल्प से चर् होकर—प्रावृट्, प्रावृड्, प्रावृषौ, प्रावृषः; प्रावृषम्, प्रावृषौ, प्रावृषः; प्रावृषा, प्रावृड्भ्याम्, प्रावृड्भिः; प्रावृषे, प्रावृड्भ्याम्, प्रावृड्भ्यः; प्रावृषः, प्रावृड्भ्याम्, प्रावृड्भ्यः, प्रावृषः, प्रावृषोः, प्रावृषाम्; प्रावृषि, प्रावृट्सु, प्रावृत्सु । इसी प्रकार विषुष—त्विष्, रुष् इत्यादि शब्दों के प्रयोग जानने, और ब्रह्मद्विष् आदि पुंल्लिङ्ग शब्दों के प्रयोग भी प्रावृष् शब्द के समान समझने चाहियें । परन्तु आशिष् शब्द में कुछ विशेष है । आशिष् सु, यहाँ धातु की उपधा के इक् को दीर्घ होकर—आशी॰ आशिषौ, आशिषः; आशिषम्, आशिषौ, आशिषः; आशिषा (२) आशीर्भ्याम्, आशीर्भिः, आशिषे, आशीर्भ्याम्, आशीर्भ्यः, आशिषः आशीर्भ्याम् [इत्यादि] ।

संख्यावाची बहुवचनान्त षष् शब्द ।

इससे बहुवचन विभक्ति ही आती है । षष्—जस्, षष्—शस् । यहाँ (३) जस् और शस् का लुक् [तथा पूर्ववत् षकार को डकार और विकल्प से चर्] होकर—षट्, [षड्], षट [षड्], षड्भिः, षड्भ्यः, षड्भ्यः, । षष्—आम्, यहाँ (४) नुट् का आगम होकर—षष्—नाम्, । षकार को ड् हो के—षड्नाम् । यहाँ (५) 'अनाम्' (१) (ष्—ड) झला जशोन्ते [सन्धि॰ १९१] (विकल्प—चर्) चावसाने [ना॰ ११९] ।

(२) यहा 'हलि च' [ना॰ १४१] इससे दीर्घ होता है ।

(३) (जस् शस् का लुक्) षड्भ्यो लुक् [ना॰ १३८] ।

(४) (नुट् आगम) षट्चतुर्भ्यश्च [ना॰ १३९] ।

(५) (अनाम्) यह प्रतिषेध 'न पदान्ताट्टोरनाम्' सन्धि॰ २१५ इस सूत्र के विषय से ।

इस प्रतिषेध से ष्टुत्वनिषेध न हुआ, किन्तु टवर्ग डकार से परे तवर्ग नकार को णकार और डकार को परसवर्ण होकर—षण्णाम्। षट्सु, षट्सु।

॥ इति षान्ताः ॥

सकारान्त नियतपुल्लिङ्ग चन्द्रमस् शब्द।

चन्द्रमस्—सु, यहाँ (१) दीर्घ होकर—चन्द्रमाः, चन्द्रमसौ, चन्द्रमस ; चन्द्रमसम्, चन्द्रमसौ, चन्द्रमस ; चन्द्रमसा। चन्द्रमस्—भ्याम्, यहाँ (२) सकार को रु और रु को उत् आदेश होकर—चन्द्रमाभ्याम्, चन्द्रमोभि ; चन्द्रमसे, चन्द्रमोभ्याम्, चन्द्रमोभ्यः; चन्द्रमस , चन्द्रमोभ्याम्, चन्द्रमोभ्यः, चन्द्रमसः, चन्द्रमसोः, चन्द्रमसाम्; चन्द्रमसि, चन्द्रमसोः, चन्द्रमस्सु, चन्द्रमःसु। इसी प्रकार—जातवेदस्, विश्वयशस्, द्रविणोदस्, विश्वचेदस्, विश्वभोजस्, अङ्गिरस्, नोधस्, पुरोधस्, यशोधस्, वेधस्, नृचक्षस् इत्यादि पुल्लिङ्ग शब्दों के प्रयोग समझने चाहियें। पूर्व जितने शब्द लिये हैं वे सब असुन् प्रत्ययान्त हैं। असुन् प्रत्ययान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों में विशेष यह है कि—

सकारान्त पुँल्लिङ्ग उशनस् शब्द।

उशनस्—सु। यहाँ अन्त्य को (३) अनङ् आदेश, अङ्मात्र की इत्संज्ञा और एकादेश होकर—उशनन्—सु। यहाँ (४) नान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ और विभक्ति का लोप होकर—उशना।

---

(१) (दीर्घं) अत्वसन्तस्य चाधातोः [ना० १२१]।

(२) (स्—द) ससजुषो रु. [ना० १४]। (रु—उत्) हशि च [सन्धि० २५४]।

(३) (अनङ्) क्वसुश्रनश्चुश्च्छ्रोऽनेहसां च [ना० ६१]।

(४) (नान्त दीर्घं) सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ [ना० ४७]।

और सबुद्धि में—हे उशनन् (१), हे उशन, हे उशनः, हे उशनसौ, हे उशनसः। अन्य सब प्रयोग चन्द्रमस् शब्द के समान जानो। इसी के समान—अनेहस्, पुरुदंशस् इन दोनों के भी प्रयोग जानने चाहियें। परन्तु संबुद्धि में जो उशनस् शब्द के तीन प्रयोग लिखे हैं, वैसे इन दोनों के नहीं होंगे। क्योंकि उशनस् शब्द को सबुद्धि में भी विकल्प करके अनङादेश और नलोप कहा है, इन दोनों को नहीं। सकारान्त शब्द बहुत प्रकार के होते हैं। उनमें से असुन् अत्ययान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों को उक्त रीति से जानना चाहिये।

अथ सकारान्त पुँल्लिङ्ग विद्वस् शब्द।

विद्वस्—सु, यहाँ (२) नुम् का आगम होके 'विद्वन्—स्—सु' इस अवस्था में (३) दीर्घ, सुलोप और सयोगान्त लोप होकर—विद्वान्, विद्वांसौ विद्वांसः; विद्वांसम्, विद्वांसौ। विद्वस्—शस् यहाँ—

१५४—वसोः संप्रसारणम् ॥ अ० ८।४।१३१॥

भसंज्ञक वसुप्रत्ययान्त शब्दों को सम्प्रसारण हो। वकार को 'उ' सम्प्रसारण और पूर्वरूप होकर—'विदुस—शस्' इस अवस्था में वसु के सकार को मूर्धन्य आदेश हो जाता है। विदुषः, विदुषा। विद्वस्—श्याम्—

---

(१) 'उशनसः संबुद्धावपि पक्षेऽनङिष्यते [न लोपश्च वा]' इस वार्तिक से विकल्प होकर तीन प्रयोग बन जाते हैं।

(२) (नुम्) उदगिचां सर्वनामस्थानेऽधातोः [ना० ११२]।

(१) (दीर्घ) 'सान्तमहतः संयोगस्य' [ना० १२३] (स्—लोप) 'हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात् सुति०' [ना० ४८] इस सूत्र से (संयोगान्तलोप) संयोगान्तस्य लोपः' [ना० ११३] इससे विद्वस् शब्द के सकार का लोप होता है।

१५५—वसुस्रंसुध्वंस्वनड्वहां दः ॥ अ० ८।२।७२॥

संप्रदान उस को कहते हैं जिस का अभीष्ट सिद्ध किया जाय। जैसे—विद्यार्थिने विद्या ददाति, अध्यापकाय धनं प्रयच्छति, अतिथयेऽन्नादिक ददाति, इत्यादि। यहा विद्यादान कर्म से विद्यार्थी, धनदान क्रिया से आचार्य और अन्नादि पदार्थ के देने से अतिथि का अभीष्ट सिद्ध किया जाता है, इसलिये ये संप्रदान हैं।

अपादान उसको कहते हैं कि जहां प्राप्त का त्याग और अप्राप्त देश की प्राप्ति की जाय। जैसे—गृहादागच्छति गच्छति वा, गुरुकुलादागच्छति गच्छति वा, मामादागच्छति गच्छति वा [8], इत्यादि। यहा पढने के लिये प्राप्त घर को छोड़ कर अप्राप्त पाठशाला और पूर्णविद्या पढ़ के गुरुकुलनिवासरूप देश को छोड़ कर जन्मभूमि को प्राप्त होना प्रयोजन है, किन्तु छोड़ने रूप क्रिया के कर्म की अपादान

---

[8] यहां प्रामादागच्छति, प्रामादागच्छत., प्रामादागच्छन्ति, इत्यादि सब वचन और तीनों पुरुष के प्रयोग होते हैं क्योंकि एक स्थान से एक और अनेक का भी आना सम्भव है। और कई स्थानों से एक पुरुष का आना नहीं बनता इसी कारण अपादानसञ्ज्ञक शब्द में सब वचन नहीं होते और जहां अनेक स्थानों से अनेकों का आना होगा वहां अपादान में भी सब वचन होंगे। प्रामाभ्यामागच्छत, प्रामेभ्य आगच्छन्ति इत्यादि।

संज्ञा है, अर्थात् जिसका वियोग कर दूसरे को प्राप्त होना होता है।

शेष कारक उसको कहते हैं कि जो अर्थ अपादानादि सञ्ज्ञाओं से गृहीत न हो। जैसे—यस्य प्रशस्तभाग्यशालिनो यज्ञदत्तस्य पुत्रः पठति। यहां पठनक्रिया के कर्ता पुत्र का सम्बन्धी यज्ञदत्त पिता है जिस का पुत्र पढ़े वह भाग्यशाली है। वेदस्य मन्त्रस्यार्थं जानाति। वेद के मन्त्र के अर्थ को जानता है। यहां मन्त्र का वेद और अर्थ का शेष मन्त्र है। अयसः कुठारेण वृक्षं छिनत्ति। लोह के कुल्हाड़े से वृक्ष को काटता है यहा लोहा कुल्हाडे का शेषार्थ है। आप्तस्याऽध्यापकस्य विद्यार्थिने ददाति। निष्कपट सत्यवादी पूर्णविद्यावान् पढ़ानेहारे पण्डित के विद्यार्थी को देता है। यहां विद्यार्थी का शेष पढ़ाने हारा है। राज्ञो ग्रामादागच्छति। राजा के ग्राम से आता है। यहां ग्राम का शेष कारक राजा है। राज्ञः पुरुषस्य पुत्रो दर्शनीयोऽस्ति। राजा के पुरुष का पुत्र देखने में सुन्दर है। गुरोः कुले निवसति। विद्यार्थी पढ़ने के लिये गुरु के कुल में निवास करता है। यहां अधिकरण कारक कुल शब्द का शेष गुरु है। राज्ञो मन्त्री देवदत्तं ग्रामं गमयति, इत्यादि। राजा का मन्त्री देवदत्त को ग्राम में भेजता है। यहां हेतु कारक मन्त्री का शेष राजा है। इसी प्रकार शेष कारक को सब से बड़ा जानो, क्योंकि यह सब के साथ व्यापक रहता है। इसके विना कोई कारक नहीं रहता, चाहे शेष का प्रयोग हो वा न हो।

अधिकरण उसको कहते हैं कि जो आधेय का आधार रूप अर्थ हो। सो तीन प्रकार का होता है। तद्यथा—

अधिकरणं नाम त्रिः प्रकारकं भवति। व्यापकमौपश्लेषिकं वैषयिकमिति महा० अ० ६। पा० १ सू० ७२। व्यापक, औपश्लेषिक, वैषयिक। व्यापक अधिकरण उस को कहते हैं कि जिसका योग सब व्यक्ति और अवयवों में रहे, जैसे-दिक्काला-

काशेषु सर्वे पदार्थाः सन्ति, ईश्वरे सर्वं जगद् वर्तते, छ इत्यादि। दिशा, काल और आकाश में सब पदार्थ रहते और सब जगत् ईश्वर में है। औपश्लेषिक उस को कहते हैं जहां आधार और आधेय का संयोग हो, जैसे-खट्वायां शेते, गृहे निवसति, इत्यादि। यहां खाट और सोने वाले और घर तथा घर में रहने वाले का स्पर्शमात्र संयोग है। वैषयिक उसको कहते हैं कि जिस में जो रहे, जैसे—धर्मे प्रतिष्ठते, विद्यायां यतते †, इत्यादि। मनुष्य की धर्म में वर्तने से प्रतिष्ठा और जो विद्या में यत्न करता है वह ज्ञानी होता है।

हेतु कारक उसको कहते हैं कि जो अर्थ क्रिया करने हारे का प्रेरक हो। जैसे—देवदत्तो विद्यामधीते, गुरुरेनं विद्यामध्यापयति, विचक्षणो धर्मं करोति, उपदेष्टैनं धर्मं कारयति, इत्यादि। यहां पढ़ने हारे विद्यार्थी के पढ़ने के लिये प्रेरक गुरु और धर्म के करने हारे चतुर पुरुष को धर्म कराने हारा उपदेशक है। और इसमें इतना विशेष समझना चाहिये कि साक्षात् करने हारे की कर्तृ कारक संज्ञा और प्रेरणा करने हारे की हेतु संज्ञा है।

(प्र०) वाक्य किसको कहते हैं।

(उ०) आख्यातं साव्ययकारकविशेषणं वाक्यम्[1]। सविशेषणमेकतिङ् वा[2]। जो आख्यात अव्यय, कारक और विशेषण-

❀ जैसे—तिलेषु तैलम्, दधनि घृतम्, इत्यादि भी व्यापक अधिकरण में गिने जाते हैं, क्योंकि तिलों के सब अवयवों में तेल और दही के सब अवयवों में घृत व्यापक है। दिशा आदि के उदाहरण सामान्य और ये तिलादि के विशेष हैं।

† प्रतिष्ठा का विषय धर्म और विद्या प्रयत्न का विषय है।

१. महाभाष्य २।१।१॥ २. महा० २।१।१॥ यहां "सक्रियाविशेषणं च, एकतिङ्" ऐसा पाठ है। किन्हीं के मत में "आख्यातं सविशेषणम्" इतना ही लक्षण वाक्य का है। यु० मी०।

युक्त हो सो वाक्य कहाता है। सान्वय जैसे—देवदत्त उच्चैः पठति, इत्यादि। देवदत्त ऊंचे स्वर से पढ़ता है। सकारक-मनुष्यो धर्ममाचरेत्, इत्यादि। मनुष्य धर्माचरण करे। सविशेषण—बुद्धिमान्देवदत्त ऋजु पठति, इत्यादि। बुद्धिमान् देवदत्त कोमलता से पढ़ता है। अथवा जिसमें विशेषण युक्त एक तिङन्त पद हो वह वाक्य कहाता है इसी के पूर्वोक्त उदाहरण-देवदत्त उच्चैः पठति, इत्यादि जानो।

(प्र०) वाक्य के कौन से प्रयोजन हैं।

(उ०) अनेक अर्थ की प्रतीति और व्यवहार में प्रवृत्ति आदि हैं, क्योंकि—अर्थगत्यर्थः शब्दप्रयोगः। अर्थं प्रत्याययिष्यामीति शब्दः प्रयुज्यते ॥ महाभाष्य ॥ अ० १। पा० १। सू० ४४। आ० ७। अर्थ के जानने के लिये शब्द का प्रयोग किया जाता है। वक्तुं योग्यं पदसमुदायं वाक्यम्—जो कहने को योग्य हो, जिसमें अनेक पदों का योग हो वह वाक्य कहाता है। जब तक कोई किसी को वाक्य बोल के अर्थ का बोध नहीं कराता तब तक उसका प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता, व्यवहार में प्रवृत्ति नहीं होती और जब तक व्यवहार ठीक २ नहीं होता तब तक उसका कार्य सिद्ध होकर सुखप्राप्ति रूप प्रयोजन भी सिद्ध नहीं होता। इसलिये वाक्य और वाक्यार्थ का बोध करना सब मनुष्यों को अवश्य उचित है।

(प्र०) वाक्यार्थ बोध में कितने कारण हैं।

(उ०) चार—आकांक्षा, योग्यता, आसत्ति और तात्पर्य। आकांक्षा * उस को कहते हैं कि वाक्य में जिन पदों का प्रयोग है उनके साथ जिन अप्रयुक्त पदों का अवश्य सम्बन्ध करना हो।

---

* इस के विना कोई भी वाक्य नहीं होता और न इसके जाने विना और ग्रन्थ के वाक्यों के साथ २ अभिप्राय का बोध किसी को हो सकता है।

जैसे—अनुतिष्ठत, यहां अनुतिष्ठत इस क्रिया पद के साथ यूयं और धर्मं इन दो पदों, और "यूयमधर्मम्" इस वाक्य में संत्यजत † इस क्रिया पद की आकाङ्क्षा अवश्य है, क्योंकि इनके विना वाक्य की पूर्त्ति कभी नहीं हो सकती। तथा अनाकाङ्क्षा उस को कहते हैं कि जिस वाक्य में सब योग्य पदों का प्रयोग हो जैसे—यूयं धर्ममनुतिष्ठत, यूयमधर्मं संत्यजत, इत्यादि उदाहरण समझ लेना।

योग्यता उस को कहते हैं कि जो पद जिसके साथ प्रयोग करने योग्य हो वा जिस से जो कार्य सिद्ध होता हो उन्हीं का प्रयोग करना। जैसे—चक्षुषा पश्यति, श्रोत्रेण शृणोति, जलेन सिञ्चति, अग्निना दहति, इत्यादि। मनुष्य आंखों से देखता, कान से सुनता, जल से सींचता और अग्नि से जलाता है। यहां वाक्यार्थ की योग्यता है। और "कर्णेन पश्यति, हस्तेन शृणोति, अग्निना सिञ्चति, जलेन दहति" इत्यादि में वाक्यार्थ की योग्यता नहीं है क्योंकि कान से देखने, हाथ से सुनने, आग से सींचने और जल से जलाने का कभी संभव नहीं हो सकता। [इसलिये ये वाक्य नहीं कहाते]

आसत्ति उस को कहते हैं कि जिस पद की जिसके साथ योग्यता हो उस को उसी के साथ बोलना। जैसे—हे देवदत्त त्वमिति कंचित्प्रति प्रातरुक्त्वा सायंकाले ब्रूयाद् ग्रामं गच्छेति। कोई किसी से प्रातःकाल "हे देवदत्त तू" ऐसा कह कर चुपचाप रहे पश्चात् सायंकाल में कहे कि "ग्राम को जा"। यहां चार पहर के विलम्ब होने से इसका वाक्यार्थ बोध किसी को नहीं हो सकता, क्योंकि पदों का अभिसंबन्ध निकट नहीं है। और जैसे—हे देवदत्त

† वाक्य का लक्षण तिङ् के विना नहीं किया, इस कारण इसको शुद्ध वाक्य नहीं कह सकते, किन्तु आकांक्षित वाक्य कहावेगा।

स्वं ग्रामं गच्छ, इत्यादि वाक्य अर्थबोधक हो सकते हैं, क्योंकि यहां कर्ता कर्म और क्रिया का उच्चारण एक समय में समीपस्थ है।

तात्पर्य उस को कहते हैं कि वक्ता जिस अभिप्राय के जनाने के लिये वाक्य बोले, उसी के अनुकूल दूसरे को समझना उचित है। जैसे किसी ने कहा कि "मह्यं देहि, अन्नादातव्यमेव दद्यादिति वेदितव्यम्" जैसे किसी ने किसी से कहा कि आप मुझ को कुछ दीजिये, यहां ग्रहण करने के योग्य पदार्थों का मिलना वक्ता का अयोजन है। ऐसा न समझना कि "अयं दुःखदायिवस्तुयाचक इत्यस्य तात्पर्यार्थः" पूर्व वाक्य में कोई ऐसा समझे यह मुझ से दुःखदायक पदार्थों को चाहता है, ऐसा समझना उसके तात्पर्यार्थ से विरुद्ध है। इसलिये इन सब को वाक्य बोध के कारण अवश्य जानने चाहियें॥

॥ इत्युपक्रमः ॥

१–कारके ॥ अ० १ । ४ । २३ ॥

संज्ञाधिकार के बीच पढ़ने और आगे आगे सूत्रों में इसकी अनुवृत्ति होने से यह [सञ्ज्ञा और] अधिकार सूत्र है। इस से जहां-जहां स्वतन्त्र आदि कर्ता आदि की संज्ञा की जावेगी वहां सर्वत्र कारक शब्द का अधिकार समझा जावेगा। क्रिया और द्रव्य का संयोग होने पर क्रिया की सिद्धि करने वाले को कारक कहते हैं।

१–[कर्तृकारक]

२–स्वतन्त्रः कर्ता ॥ अ० १ । ४ । ५४ ॥

"स्व" आप "तन्त्र" प्रधान। स्वतन्त्र जो आप ही क्रिया के करने में प्रधान हो उस की कर्तृकारक संज्ञा है।

३–तत्प्रयोजको हेतुश्च ॥ अ० १ । ४ । ५५ ॥

जो स्वतंत्र को प्रेरणा करने वाला हो, उस की हेतु और कर्ता दोनों संज्ञा होती हैं।

* ४–प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा ॥ अ० २ । ३ । ४६ ॥

जो जिस अर्थ के साथ समर्थ होता है उस को प्रातिपदिकार्थ कहते हैं। इस के अर्थमात्र, लिङ्ग अर्थात् स्त्री, पुरुष, नपुंसकमात्र, परिमाण अर्थात् तोल मात्र और वचन–एक, दो, बहुत मात्र, इन अर्थों में प्रथमा विभक्ति होती है। इसी सूत्र के भाष्य में लिखा है कि—"तिङ्समानाधिकरणे प्रथमेत्येतल्लक्षणं करिष्यते" अस्ति भवति आदि तिङन्त क्रियाओं के साथ जिस का समानाधिकरण हो (अर्थात् जो उक्त, कथित और अभिहित है) उस में प्रथमा विभक्ति होती है'। इस से भिन्न कारकों में द्वितीयादि होती हैं सो

---

* यहां प्रातिपदिकार्थ उस को कहते हैं कि जो उस शब्द की सत्तामात्र हो और अर्थ के साथ शब्द का विशेष सबन्ध होता है, इसलिये लिङ्ग आदि का ग्रहण है। जैसे—पुमान्। इस शब्द में जो पुरुष व्यक्ति के साथ सामान्य सम्बन्ध है वही प्रातिपदिकार्थ है और पुरुषपन अर्थात् स्त्री से अलग होना है यह प्रातिपदिकार्थ नहीं है किन्तु लिङ्ग है।

१ विभक्ति विधायक प्रकरण में 'अनभिहिते' (का० ६) का अधिकार है। अतः जिस कर्ता का कर्तृत्व 'तिङ्' आदि से अभिहित नहीं होता वहां कारकीय ३०वें सूत्र से तृतीया विभक्ति होती है। जहां कर्तृत्व अर्थ तिङ् आदि से कह दिया जाता है अर्थात् कर्ता अर्थ में तिङ्प्रत्ययों की उत्पत्ति होती है (देखो आख्या० ५) वहां प्रतिपादिकार्थ मात्र के बोध रहने से इस (कार० ४) सूत्र से प्रथमा विभक्ति

आगे कहेंगे। कर्ता और हेतु कारक के उदाहरण प्रातिपदिकार्थमात्र में-देवदत्तो ग्राम गच्छति, यज्ञदत्तो देवदत्त ग्रामं गमयति, देवदत्त ओदनं पचति, यज्ञदत्तो देवदत्तेनौदनं पाचयति, इत्यादि। यहां गच्छति, पचति क्रिया के करने में देवदत्त स्वतन्त्र होने से कर्ता और यज्ञदत्त की प्रेरणा का कर्म है उस का इन्हीं क्रियाओं के साथ समानाधिकरण होने से उस में प्रथमा विभक्ति होती है। तथा [प्रातिपदिक के] अर्थ मात्र के कहने से उच्चैः, नीचैः, इत्यादि में भी प्रथमा विभक्ति हो जावे। लिङ्गमात्र मे-कुमारी-यहा जा प्रातिपदिकार्थ बालक प्रथमा अवस्था है उससे स्त्रीत्व पृथक है इसलिये प्रातिपदिक [अर्थ मात्र में] प्राप्त नहीं थी। पुल्लिङ्ग-वृक्षः। वृक्ष एक शब्द जाति है, यहां जो जातित्वमात्र प्रातिपदिकार्थ है वह पुल्लिङ्ग व्यक्ति से पृथक् है। नपुंसक-कुलम्। यहां भी नपुंसकपन प्रातिपदिकार्थ जो जनसमुदाय है उससे पृथक् है। परिमाणमात्र में-द्रोणः, खारी, आढकम्। इन तोल के वाची शब्दों में प्रथमा होती है †। वचनमात्र

होती है। वस्तुत यहां कर्ता में तृतीया विभक्ति निदर्शक "कर्तृकरणयोस्तृतीया" (का० ४०) सूत्र उद्धृत करना चाहिये था, परन्तु व्यवहार में प्रायः कर्तृवाचक तिङन्त का प्रयोग होता है और वहां तिङ् द्वारा कर्तृत्व के अभिहित होने से प्रथमा विभक्ति होती है अतएव यहां प्रथमा विभक्ति विधायक सूत्र उद्धृत किया है। यु० मी०।

‡ एक शब्द के उच्चारण से सामान्य अर्थात् असंख्य व्यक्तियों का बोध होना जाति कहाती है। सो वृक्ष शब्द के उच्चारण से व्यक्ति, आकृति और जाति तीनों का बोध होता है। लिङ्गार्थ इन तीनों से पृथक् है।

† तोलन साधक द्रोण आदि शब्द, घृत आदि मेय अर्थात् परिमाण विषयों के सम्बन्ध में मात्र अर्थात् इयत्ताकरणार्थ होने से प्रातिपदिकार्थ से पृथक् हैं इसलिये इनका ग्रहण है।

में—एकः, द्वौ, बहवः। यहां जो एक दो और बहुत संख्यात्व है वह प्रातिपदिकार्थ से पृथक् है। यहां मात्र ग्रहण इसलिये है कि इससे भिन्न अन्यत्र कर्मादि के विषय में प्रथमा न हो।

२—[कर्मकारक]

१—कर्तुरीप्सिततमं कर्म ॥ अ० १ । ४ । ४९ ॥

जो बहुत कारकों से युक्त वाक्य के बीच में कर्ता को अत्यन्त इष्ट कारक है, वह कर्म संज्ञक होता है। इस का फल—

६—अनभिहिते ॥ अ० २ । ३ । १ ॥

यह अधिकार विभक्तिविधान प्रकरण में है। अभिहित उसको कहते हैं कि जिस से लकारादिप्रत्ययान्त क्रियाओं का समानाधिकरण होवे। और जिसमें लकरादि प्रत्ययों का समानाधिकरण न हो उस को अनभिहित, अनुक्त और अकथित भी कहते हैं। इस के आगे जो जो विभक्तिविधानप्रकरण के सूत्र लिखे जावेंगे, उन सब में यही अधिकार समझा जावेगा। और संज्ञाप्रकरण का अधिकार लिख चुके हैं।

७—कर्मणि द्वितीया ॥ अ० २ । ३ । २ ॥

अनभिहित कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति हो। ग्रामं गच्छति, वेदं पठति यज्ञं करोति। यहां ग्राम का जाना, वेद का पढ़ना और यज्ञ का करना अत्यन्त इष्ट है * इसलिये ग्राम वेद और यज्ञ की कर्म सज्ञा हो के द्वितीया विभक्ति हो जाती है। इसी प्रकार सर्वत्र

---

* जो पदार्थ अत्यन्त इष्ट नहीं होता उस की सिद्धि के लिये शरीर इन्द्रिय मन बुद्धि आदि की यथार्थ प्रवृत्ति नहीं होती, फिर उस की कर्म सज्ञा भी नहीं हो सकती।

जानना। अनभिहित का प्रयोजन यह है कि "पाठ्यो वेद." यहां वेद शब्द के अभिहित[1] होने से द्वितीया न हुई।

* ८–वा०–समया निकषा हा प्रति योगेषूपसंख्यानम् ॥ २।३।२

समया निकषा हा प्रति इन चार अव्ययों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। समया ग्रामम्, निकषा ग्रामम्, हा देवदत्तम्, देवदत्तं प्रति। यहां सर्वत्र देवदत्त और ग्राम शब्द में द्वितीया विभक्ति हुई है।

९–वा०–अपर आह—

द्वितीयाऽभिधानेऽभितः परितः समया निकषाऽध्यधि धिग्योगेषूपसंख्यानम् ॥ २।३।२॥

समया और निकषा शब्द पूर्ववार्तिक में आ चुके हैं इन के उक्त उदाहरण जानने। अभितः परित. अध्यधि धिक् इन शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति होवे। अभितो ग्रामम्, परितो ग्रामम्, अध्यधि ग्रामम्, धिग्जाल्मम्।

१०–का०–अपर आह—

उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाऽऽम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते ॥ २।३।२॥

---

[1] यहां 'पाठ्य' का ण्यत् प्रत्यय "तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः" (अष्टा० ३।४) से कर्म अर्थ में होता है। अतः वेद का कर्मत्व अर्थ कृत्य प्रत्यय द्वारा अभिहित अर्थात् कथित है। उस के अभिहित होने से द्वितीया नहीं हुई। यु० मी०।

[2] यहां अनभिहित कर्म नहीं है इसलिये यह द्वितीयाविभक्तिविधायक प्रकरण कौन सा है।

उभयतस् सर्वतस् धिक् उपर्युपरि अध्यधि अधोऽधो इन के योग में भी द्वितीया विभक्ति होवे। जैसे—उभयतो ग्रामम्, सर्वतो ग्रामम्। धिग्जालमम्, उपर्युपरि ग्रामम्, अध्यधि ग्रामम्, अधोऽधो ग्रामम्। और इन के योग से अन्यत्र जहां किसी सूत्र वार्तिक से द्वितीया विधान न हो वहां भी इसी कारिका के प्रमाण से होती है। जैसे—बुभुक्षित न प्रति भाति किञ्चित्, इत्यादि। यहां प्रति के योग में द्वितीया हुई है।

११—तृतीया च होश्छन्दसि ॥ अ० २ । ३ । ३ ॥

वेद विषय मे "हु" धातु के अनभिहित कर्मकारक में तृतीया और चकार से द्वितीया भी होती है। यवाग्वाऽग्निहोत्र जुहोति, यवागूमग्निहोत्र जुहोति। छन्द का ग्रहण इसलिये है कि "यवागूमग्निहोत्रं जुहोति" यहा लोक में तृतीया विभक्ति न हो।

१२—अन्तरान्तरेण युक्ते ॥ अ० २ । ३ । ४ ॥

अन्तरा, अन्तरेण इन दो अव्ययों के योग में द्वितीया विभक्ति हो ❀। अग्निमन्तरा कथं पचेत्, अग्निमन्तरेण कथ पचेत्।

१३—कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे ॥ अ० २ । ३ । ५ ॥

अत्यन्त सयोग अर्थ में कालवाची और मार्गवाची शब्दों से द्वितीया विभक्ति होवे। मासमधीतोऽनुवाक, क्रोश कुटिला नदी †। यहा अत्यन्त संयोग ग्रहण इसलिये है कि "दिवसस्य द्विर्भुङ्क्ते" इत्यादि में द्वितीया न हो।

❀ यह द्वितीया विभक्ति का प्रकरण है और पूर्वसूत्र में तृतीया-विधान है, सो द्वितीया का ही अपवाद है। इसलिये यहां तृतीया की अनुवृत्ति नहीं आती, द्वितीया की ही आती है। और यह सूत्र अपूर्व विधायक है अर्थात् अन्तरा अन्तरेण इन अव्ययों के योग में किसी विभक्ति का विधान किसी सूत्र से नहीं है।

१४–अपवर्गे तृतीया ॥ अ० २ । ३ । ६ ॥

जो शुभ कर्म का समाप्ति है उसको अपवर्ग कहते हैं। इस अत्यन्त सयाग अर्थ में कालवाची और मार्गवाची शब्दों से तृतीया विभक्ति हो। मासेनाधीतोऽनुवाक, क्रोशेनाधीताऽनुवाक.। यहां अपवर्ग ग्रहण इसलिये है कि "मासमधीतोऽनुवाको न चानेन गृहीत" इत्यादि स्थल में तृतीया न हो †।

१५–सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये ॥ अ० २ । ३ । ७ ।

जो अत्यन्त सयोग अर्थ मे दो कारकों के बीच काल और मार्गवाची शब्द हों तो उनसे सप्तमी और पञ्चमी विभक्ति हों। अद्य भुक्त्वा द्वयहाद् भोक्ता, द्वयहे भोक्ता, इहस्थोऽयमिध्वासः देवदत्तो क्रोशाल्लक्ष्य विध्यति, क्रोशे लक्ष्य विध्यति इत्यादि।

१६–गत्यर्थकर्मणि द्वितीयाचतुर्थ्यौ चेष्टायामनध्वनि ॥ अ० २ । ३ । १२ ॥

जिन की चेष्टा क्रिया विदित होती हो, ऐसे गत्यर्थक धातुओं के मार्ग रहित अनभिहित कर्म में द्वितीया और चतुर्थी विभक्ति हों। ग्राम गच्छति, ग्रामाय गच्छति, ग्राममेति, ग्रामायैति ‡§। गत्यर्थक

---

† यहां अत्यन्त सयोग यह है कि महीने के बीच पढ़ने में कोई अनध्याय वा विक्षेप न हुआ, यह उस काल और पठनक्रिया का अत्यन्त सयोग है। क्रोश भर टेढ़ी नदी, यहां मार्ग और नदी का अत्यन्त सयोग है क्योंकि क्रोश भर में टेढ़ाई व्याप्त है।

‡ अर्थात् जहां एक महीने में पढ़ के समाप्त कर दिया हो और अच्छी प्रकार जान लिया हो, वहीं हो।

§ यहां अनभिहित कर्म में "कर्मणि द्वितीया" (का० ७) इससे द्वितीया ही पाती है, उसका यह अपवाद है।

धातुओं का ग्रहण इसलिये है कि "कटं करोति" यहां चतुर्थी न हो। कर्म ग्रहण इसलिये है कि 'अश्वेन गच्छति" यहां करण में द्वितीया और चतुर्थी न हों। चेष्टा ग्रहण इसलिये है कि "मनसा गृहं गच्छति" यहा चेष्टा के न होने से चतुर्थी नहीं होती और अनध्वनि ग्रहण इसलिये है कि "अध्वानं गच्छति" यहा चतुर्थी न हो।

१७-वा०-अध्वन्यर्थग्रहणम् ॥ २ । ३ । १२ ॥

अध्व के पर्यायवाची शब्दों का भी निषेध में ग्रहण होना चाहिये। जैसे—अध्वानं गच्छति यहा चतुर्थी नहीं होती, वैसे ही "पन्थान गच्छति" इत्यादि में भी चतुर्थी न हो।

१८-वा०-आस्थितप्रतिषेधश्च ॥ २ । ३ । १२ ॥

मार्गवाची मुख्य शब्दों का निषेध होना चाहिये। क्योंकि "उत्पथेन पन्थानं गच्छति, पथे गच्छति" † यहा चतुर्थी का निषेध न हो जावे।

अब कर्म सज्ञा में जो विशेष सूत्र वार्त्तिक तथा कारिका बाकी हैं, वे लिखते हैं। इन में कर्म संज्ञा होके प्रथम सूत्र से ही द्वितीया विभक्ति होती है।

१९-तथायुक्त चानीप्सितम् ॥ अ० १ । ४ । ५० ॥

जिस प्रकार ईप्सिततम कारक की कर्म सज्ञा होती है वैसे ही जिसका अकस्मात् योग हो जाय तो उस अनीप्सित युक्त की भी कर्म संज्ञा हो। ग्रामं गच्छन् वृकान् पश्यति, तृणानि स्पृशति। ग्राम को जाता हुआ भेड़ियों को देखता और घास का स्पर्श करता जाता है। भेड़ियों का देखना तो अनिष्ट है और घास का स्पर्श होना इष्ट

† यहां मार्गवाची मुख्य शब्द यों नहीं है कि गड्ढ मार्ग से शुद्ध मार्ग के लिये जाता है। शुद्ध मार्ग का चलना नहीं है।

अनिष्ट दोनों ही नहीं। इष्ट केवल ग्राम का जाना है सो उसकी कर्म संज्ञा पूर्वसूत्र से हो गई। यहां भेडिया और घास की कर्म संज्ञा हो जाने से द्वितीया विभक्ति हो जाती है।

२०-अकथितं च ॥ अ० १ । ४ । ५१ ॥

अपादान आदि सब कारकों मे जिस की कोई संज्ञा न की हो उसको अकथित कहते हैं। उस अकथित की भी कर्म संज्ञा हो जावे। जैसे—अजां नयति ग्रामम्, भारं वहति ग्रामम्। यहा अजा और भार शब्द की तो कर्म सज्ञा "कर्तुरीप्सि०" [कार० ५] इस उक्त सूत्र से सिद्ध ही है। ग्राम शब्द में किसी कारक सज्ञा की प्राप्ति नहीं थी, इस से उसकी इस सूत्र से कर्म सज्ञा हो के द्वितीया होती है। जो इस सूत्र का व्याख्यान महाभाष्यकार ने किया है सो लिखते हैं—

२१-का०-दुहियाचिरुधिप्रच्छिभिक्षिचिज्ञामुपयोगनिमित्त-
मपूर्वविधौ । ब्रु चिशासिगुणेन च यत् सचते तद-
कीर्तिमाचरितं कविना ॥ १ । ४ । ५१ ॥

इस कारिका से सूत्र का प्रयोजन दिखलाया है। दुह, याच, रुध, प्रच्छ, भिक्ष, चिञ्, ज्ञा और शासु इन धातुओं के योग में उपयोग क्ष का जो निमित्त हो, उसकी अपूर्वविधि अर्थात् जिसका

क्ष उपयोग उसको कहते हैं कि जिसका क्रिया के साथ मुख्य सम्बन्ध हो और उसका निमित्त वह है कि जिसके विना उसकी सिद्धि न हो। जैसे—पौरव गां याचते। यहो गौ तो उपयोगी कर्म है वह इंप्सिततम होने से पूर्व सूत्र से कर्म सज्ञक हो जाता और इसी कर्म का याचन क्रिया के साथ मुख्य सम्बन्ध है और पौरव जो दाता पुरुष है वही इस गौ का निमित्त है उसके विना गौ नहीं मिल सकती। इसलिये पौरव अकथित कर्म है उसकी कर्म सज्ञा इस सूत्र से होती है।

विधान पूर्व अपादान आदि कारकों में कुछ भी न किया हो तो इस सूत्र से कर्म संज्ञा हो। जैसे–गां दोग्धि पयः, याच–पौरवं गां याचते, ब्रूधि–गामवरुणद्धि व्रजम्, प्रच्छ–माणवकं पन्थानं पृच्छते, भिक्ष–पौरवं गां भिक्षते, चिञ–वृक्षमवचिनोति फलानि, ब्रूञ्–पुत्रं धर्मं ब्रूते, शासु–सन्तानं धर्मं शास्ति।

(प्रश्न) जहां कर्म कारक में लकारादि प्रत्ययों का विधान है, वे जहां दो कर्म हों वहां किस कर्म में होने चाहियें।

(उत्तर)-२२-का०–कथिते लादयश्चेत्स्युः षष्ठीं कुर्यात्तदा गुणे।
अकारकं ह्यकथितं तत्कारकं चेत्तु नाकथा ॥१।४।५१॥

विचार करते हैं कि जो कथित प्रधान कर्म में लकारादि प्रत्यय किये जावें तो गौण अर्थात् अकथित कर्म में षष्ठी विभक्ति होनी चाहिये। जैसे–दुह्यते गोः पयः, याच्यते पौरवस्य कम्बलः। क्योंकि जो अकथित है वह कारक नहीं, किन्तु जो कथित है वही कारक है। जिस जिस में लकारादि प्रत्यय होते हैं उस उस कथित कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है और जो अकथित है कि जिस में किसी विभक्ति की प्राप्ति नहीं, उस के शेष होने से वहां षष्ठी हो जाती है।

२३–का०–कारकं चेद्विजानीयाद्यां यां मन्येत सा भवेत्
॥ १ । ४ । ५१ ॥

और जिसको अकथित जानते हो उसको जो कारक जानो तो जिस जिस कारक संज्ञा में उसकी प्रवृत्ति हो सकती हो, वही विभक्ति उसमें करनी चाहिये। जो उस अकथित की अपादान संज्ञा हो सकती हो तो वहां पञ्चमी विभक्ति करनी चाहिये। जैसे–दुह्यते गोः पयः, याच्यते पौरवात् कम्बलः।

पूर्वकारिका से जो कथित कर्म में लकारादि प्रत्ययों का विधान

किया सो किसी किसी आचार्य का मत है। अब तीसरी कारिका से पाणिनिजी का मत दिखलाते हैं—

२४—का०—कथितेऽभिहिते स्वविधिस्त्वमतिगुणकर्मणि लादिविधिः सपरे। ध्रुवचेष्टितयुक्तिषु चाप्यगुणे तदनल्पमतेर्वचनं स्मरत ॥ २४ ॥

जो कथित कर्म में लकारादि प्रत्यय होते हैं यह तुम्हारी बुद्धि से तुमने विधान किया है ❀। परन्तु पाणिनीजी के मत से तो गौण अर्थात् अकथित कर्म में लकारादि प्रत्यय होने चाहियें। इसी प्रकार—"गतिबुद्धि०" इस आगे के सूत्र में [भी] गौण कर्म में लकारादि प्रत्यय होते हैं। गौर्दुह्यते पयः, गौर्दोग्धव्या पयः, गौर्दुग्धा पयः, गौः सुदोहा पयः, इत्यादि। जहां अप्रधान गौ कर्म में लकारादि प्रत्यय होते हैं वहां अभिहित होने से प्रथमा और पयः के अनभिहित होने से द्वितीया विभक्ति होती है। तथा (ध्रुवयुक्ति) अकर्मक और (चेष्टितयुक्ति) गत्यर्थक धातुओं के (अगुणे) [मुख्य अर्थात्] कथित कर्म में लकारादि प्रत्यय होने चाहिये। जैसे—अकर्मक—आसितव्यो देवदत्तो यज्ञदत्तेन, गत्यर्थक—अजा नेतव्या ग्रामम्। महाभाष्यकार पतञ्जलि मुनि कहते हैं कि हे वैयाकरण लोगो! अगाध बुद्धि वाले पाणिनि आचार्य का यह मत है, तुम लोग जानो। अब जो मत अन्य बहुत आचार्यों का है, सो चौथी कारिका से दिखाते हैं—

२५—का०—प्रधानकर्मण्याख्येये लादीनाहुर्द्विकर्मणाम्।
अप्रधाने दुहादीनां यन्ते कर्तुश्च कर्मणः ॥
१।४।५१॥

❀ यह संकेत इन लोगों की ओर है कि जिनका मत प्रथम कारिका से कथित कर्म में लकारादि प्रत्ययों का होना दिखलाया है।

जो द्विकर्मक धातु हैं उनके प्रधान=कथित कर्म में लकारादि प्रत्यय होने चाहिये। जैसे—अजां नयति ग्रामम्, अजा नीयते ग्रामम्, अजा नीता ग्रामम्। यहां प्रधान कथित अजा कर्म है, उस में लकारादि के होने से प्रथमा विभक्ति और ग्राम में अनभिहित होने से द्वितीया होती है। तथा दुहादि अर्थात् जो धातु प्रथम कारिका में गिनाये हैं उन के अकथित अर्थात् गौण कर्म में लकारादि प्रत्यय होने चाहिये। इस के उदाहरण दे चुके हैं। और णयन्तावस्था में जिन धातुओं के जिस कर्त्ता की कर्म संज्ञा होती है, उन के उसी कर्म में लकारादि प्रत्यय होने चाहिये। जैसे—यज्ञदत्तो गच्छति ग्रामम्। यहां यज्ञदत्त गमधातु का प्रथम स्वतन्त्र कर्ता और ग्राम कर्म है। जब उस का णयन्तवस्था मे प्रयोजक कर्ता देवदत्त होता है तब यज्ञदत्त की कर्म संज्ञा हो जाती है। देवदत्तो यज्ञदत्तं ग्रामं गमयति। यहां अप्रधान यज्ञदत्त है उसी मे लकार होने से—देवदत्तेन यज्ञदत्तो ग्राम गम्यते। यहां गौण कर्म यज्ञदत्त मे प्रथमा विभक्ति होती है और ग्राम में द्वितीया हो जाती है। यह चौथी कारिका से जो लकारादि प्रत्यय विधान में व्यवस्था की है सो बहुत ऋषि लोगो का सिद्धान्त है। इससे यही व्यवस्था सब से बलवान् है।

जो प्रथम कारिका में कहे हैं, उन से भिन्न द्विकर्मक धातु कितने हैं सो पांचवीं कारिका से दिखाते हैं।

२६—का०—नीवह्योर्हरतेश्चाऽपि गत्यर्थानां तथैव च।
द्विकर्मकेषु ग्रहणं द्रष्टव्यमिति निश्चयः॥१।४।५१॥

नी, वहि, हरति और णयन्तावस्था मे जिनका कर्ता कर्म होता है, वे सब द्विकर्मकों में गिने जाते हैं। अकर्मक धातु सकर्मक कैसे होते हैं, यह विषय छठी कारिका से दिखाते हैं—

२७-का०-कालभावाध्वगन्तव्याः कर्मसंज्ञा ह्यकर्मणाम्

॥ १ । ४ । ५१ ॥

[अकर्मक धातुओं के] काल = क्षण आदि, भाव* = होना, अध्वगन्तव्य = चलने योग्य मार्ग, ये तीनों कर्म हो जाते हैं। जैसे काल-मासमास्ते, मासं स्वपिति। अयुक्त एक मास बैठा रहता है और एक मास सोता है, यहां महीना कर्म हो गया। प्रयोजन यह है कि एक महीना बैठ के काटता है और एक महीना सोके काटता है तो बैठने और सोने का कर्म महीना हो गया। भाव-गोदोहमास्ते, गोदोहं स्वपिति। यहां गौ का जो दोहना भाव है वही उसके बैठने और सोने का कर्म है। अध्वगन्तव्य-क्रोशमास्ते, क्रोशं स्वपिति। सवारी में बैठ के मार्ग में चलता हुआ मनुष्य कोश भर बैठा, कोश भर सोया। अर्थात् जो दो कोश बैठने और सोने में मार्ग व्यतीत किया वही बैठने सोने का कर्म हो गया है।

२८-वा०-देशश्चाकर्मणां कर्मसंज्ञो भवतीति वक्तव्यम्॥

१ । ४ । ५१ ॥

इस वार्तिक से अकर्मक धातुओं का देश भी कर्म सञ्ज्ञक होता है। जैसे-पञ्चालान् स्वपिति। कोई विमान आदि यान में बैठा हुआ

---

* यहां भावं = भवनं = भूतिं भवति देवदत्तः। जैसे भाववाची भाव आदि शब्द भवति-क्रिया के कर्म होने से भू धातु सकर्मक हो जाता है वैसे सब अकर्मक धातुओं की व्यवस्था जाननी। देवदत्त पृथग्मेधते, इत्यादि। यहां। कृद्भिहितो भावो द्रव्यवत्प्रकाशते॥ महाभाष्य अ० ३। पा० १। सू० ६९। कहा है कि जो तव्यदादि प्रत्ययों से कथित भाव है वह द्रव्य के समान होता है॥

पंजाय' देश भर सोता ही चला गया। उसके सोने का कर्म पंजाब देश हो गया।

२६–का०–विपरीतं तु यत् कर्म तत्कलम कवयो विदुः ॥ १ । ४ । ५१ ॥

ईप्सिततम कर्म से भिन्न जो कर्म है उस को विद्वान् लोग कलम कहते हैं। जिस के बीच में कर्म संज्ञा के सब काम नहीं किये जाते किन्तु केवल द्वितीया विभक्तिमात्र ही की जाती है तथा जिस किसी में अन्य भी कर्मसंज्ञा के कार्य होते हो उस से जो दूसरा होता है वह विपरीत कर्म कहाता है, उसी को कलम कहते हैं जैसे–भारं वहति ग्रामम्, यहा प्रधान जो भार कर्म है उस में तो कर्म के सब कार्य होते हैं और ग्राम शब्द मे केवल द्वितीया विभक्ति होती है। इस से इस की कलम संज्ञा है। [तथा "गा दोग्धि पय" यहा प्रधान कर्म तो पय है परन्तु लकारादि प्रत्यय विधान कर्म सज्ञा के कार्य हैं। वे गो शब्द में किये जाते हैं। इस से यहा पय शब्द की कलम सज्ञा है][1]। यहा विशेष कलम सज्ञा रखने के लिये कर्म शब्द के रेफ को लकारादेश "सज्ञा छन्दसो"[2][3] इस वार्तिक से संज्ञा मान के किया है।

---

१. वस्तुतः पञ्चाल नाम पजाब का नहीं है। यह देश गगा के पूर्व में उत्तर से दक्षिण तक विस्तृत था। यु० मी०।

२. हमारा विचार है उपर्युक्त कोष्ठान्तर्गत व्याख्या ठीक नहीं है। कलम सज्ञा उसी आचार्य ने की है, जिसके मत में क्रमाङ्क २२ की कारिका से प्रधान कर्म में लकारादि का विधान किया है और अप्रधान कर्म में षष्ठी। अत कलम सज्ञा बनाने वाले आचार्य के मत में गो आदि अकथित की ही कलम संज्ञा होती है। यु० मी०।

३ महा० ८ । २ । १८ ॥ यु० मी०।

३०-गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्ता स णौ ॥ अ० १ । ४ । ५२ ॥

गत्यर्थक, बुद्ध्यर्थक, प्रत्यवसानार्थक अर्थात् भोजनार्थक, शब्दकर्मक और अकर्मक, इन धातुओं का जो णिच् प्रत्यय के पहिले कर्ता है वह णिच् के हुए पश्चात् कर्मसंज्ञक हो। गत्यर्थक-गच्छति ग्रामं देवदत्तो, गमयति ग्रामं देवदत्तम्; याति ग्रामं देवदत्तो, यापयति ग्रामं देवदत्तं यज्ञदत्तः। यहां णिच् के पहिले का जो कर्ता देवदत्त है वह णिच् के पश्चात् कर्म संज्ञक हो के उस से द्वितीया हो जाती है। बुद्ध्यर्थक-जानाति विप्रः शास्त्रम्, ज्ञापयति विप्रं शास्त्रम्; बुद्ध्यते देवदत्तः शास्त्रम्, बोधयति देवदत्तं शास्त्रम्। प्रत्यवसानार्थक-अश्नाति फलानि माणवकः, आशयति फलानि माणवकम्; भुङ्क्ते ओदनं बालकः, भोजयत्योदनं बालकम्। शब्दकर्मक-ब्रूते धर्मं ब्राह्मणो, वाचयति धर्मं ब्राह्मणम्; उपदिशति धर्मं ब्राह्मणः, उपदेशयति धर्मं ब्राह्मणम्। अकर्मक-स्वपिति बालः, स्वापयति धात्री बालम्; पुत्रः शेते, माता पुत्रं शाययति। यहां सर्वत्र जो अण्यन्तावस्था में कर्ता है वही णिच् में कर्म हो गया है। इस सूत्र में गत्यर्थादि धातुओं का ग्रहण इसलिये है कि "पचत्योदनं देवदत्तः, पाचयत्योदनं देवदत्तेन" यहां कर्म संज्ञा के न होने से कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है। और अणिकर्ता ग्रहण इसलिये है कि "देवदत्तो यज्ञदत्तं गमयति, तमन्यो गमयति देवदत्तेन। यहां णिच् के परे गम धातु का कर्ता है सो दूसरे णिच् में कर्म संज्ञक नहीं होता।

अब आगे इस सूत्र के वार्तिक लिखते हैं।

३१-वा०-दृशेः सर्वत्र ॥ १ । ४ । ५२ ॥

सर्वत्र अर्थात् दोनों पक्षों[1] में दृश धातु का जो अण्यन्तावस्था

---

१ उपर्युक्त सूत्र के भाष्य में कर्तृ-कर्म पद के अर्थ में विकल्प उठाया

का कर्ता है वह णयन्तावस्था में कर्म संज्ञक होवे। पश्यति रूपतर्कः कार्षापणम्, दर्शयति रूपतर्कं काषापणम्। यहां रूपतर्क शब्द की कर्म संज्ञा होती है।

३२-वा०-अदिखादिनीवहीनां प्रतिषेधः ॥१।४।५२॥

अदि, खादि इन दो धातुओं के प्रत्यवसानार्थ होने और नी, वहि इन दो के गत्यर्थक होने से कर्म संज्ञा प्राप्त है इसलिये प्रतिषेध किया है। अद-अत्ति देवदत्त, आदयति देवदत्तेन। यहां णयन्त धातु के कर्ता देवदत्त की कर्म संज्ञा न होने से द्वितीया विभक्ति न हुई।

तथा बहुत आचार्यों का ऐसा मत है कि—

३३-अपर आह-सर्वमेव प्रत्यवसानकार्यमदेर्न भवतीति वक्तव्यं, परस्मैपदमपि। इदमेकमिष्यते—क्तोऽधिकरणे च ध्रौव्यगतिप्रत्यवसानार्थेभ्य इति ॥ १ । ४ । ५२ ॥

प्रत्यवसानार्थ धातुओं को जितना कार्य होता है उस में से अद धातु को कुछ भी न हो। तथा निगरणार्थ मान के जो परस्मैपद * प्राप्त है वह भी न हो। अत्ति देवदत्तः, आदयते देवदत्तेन। यहां आत्मनेपद होता है। प्रत्यवसानार्थ का एक कार्य अद धातु को होना चाहिये—इदमेषा जग्धम् †।

है—शब्द जिनकी क्रिया है अथवा शब्द जिनका कर्म है। सर्वत्र शब्द से इन दोनों पक्षों का ग्रहण है। यु० मी०।

* परस्मैपद—'निगरणचलनार्थेभ्यश्च" (अ० १। ३। ८७) इस सूत्र में निगरणार्थ शब्द प्रत्यवसानार्थ का पर्यायवाची है और प्रत्यवसान तथा निगरण इन दोनों का शब्द भेद होने से "परस्मैपदमपि" यह कहा है, नहीं तो प्रत्यवसान के कहने से हो ही जाता।

† (जग्धम्) जहां अद धातु के प्रत्यवसानार्थ होने से अधिकरण

खादति देवदत्तः, खादयति देवदत्तेन। यहां भी अणि के कर्ता देवदत्त शब्द की कर्म संज्ञा न हुई। नी–नयति भारं देवदत्तः, नाययति भारं देवदत्तेन। यहा नी धातु के कर्ता देवदत्त की कर्म संज्ञा न होने से उस में द्वितीया न हुई। वह–वहति भारं देवदत्तः, वाहयति भारं देवदत्तेन। यहां सर्वत्र णिच् में कर्ता की कर्म संज्ञा नहीं होती—परन्तु वह धातु में इतना विशेष है कि—

३४–वा–* वहेरनियन्तृकर्तृकस्य ॥ १ । ४ । ५२ ॥

यहां पूर्व वार्तिक से निषेध की अनुवृत्ति चली आती है। नियन्ता अर्थात् सारथि वह जहां धातु का कर्ता न हो, वहीं कर्म संज्ञा का निषेध हो, अन्यत्र नहीं। जैसे—वहति भारं देवदत्तः, वाहयति भारं देवदत्तेन। जहां कोई नियन्ता कर्ता होता है वहां कर्म संज्ञा का प्रतिषेध नहीं होता। यथा वहन्ति बलीवर्दा यवान्, वाहयति बलीवर्दान् यवान् †। यहां कर्म सज्ञा होके द्वितीया विभक्ति हो जाती है।

कारक में क प्रत्यय [का] विधान है सो प्रत्ययसान के सब कार्यों के निषेध में इसका भी निषेध पाया था। "एषाम्" यह कर्म में षष्ठी और "जघम्" अधिकरण में क प्रत्यय है। "इदमेकमिष्यते" इस से निषेध का निषेध किया है।

* पूर्व वार्तिक के सामान्य अर्थ में वह धातु के अणि कर्ता की कर्म सज्ञा का प्रतिषेध है। इस वार्तिक से उसी का नियम करते हैं कि यह निषेध, नियन्ता जहां कर्ता हो वहां न लगे।

† यहां [अप्रयुक्त अवस्था में] प्रेरक हांकने वाले की विवक्षा नहीं है, इसलिये वाहन क्रिया के स्वतन्त्र कर्ता बैल हो गये। [जब उनको हांकने वाले की विवक्षा होती है, तब प्रयुक्त में बलीवर्द की कर्म सज्ञा हो जाती है]।

३५-वा-‡ भक्षेरहिंसार्थस्य ॥ १ । ४ । ५२ ॥

यहा भी पूर्व वार्तिक से "प्रतिषेधः" इस पद की अनुवृत्ति चली आती है। जो हिंसार्थ से भिन्न अर्थ में वर्तमान भक्ष धातु [है] उस का अणि में जो कर्ता उसकी णिच् में कर्म सज्ञा न हो। जैसे-भक्षयति पिण्डीं देवदत्तः। भक्षयति पिण्डी देवदत्तेन। इस वार्तिक में हिंसार्थ का निषेध इसलिये कि "भक्षयति बलीवर्दान् यवान्" खेत के छोटे छोटे जौ बैलों से चराता है। यहा खेत वाले की हिंसा समझी जाती है क्योंकि खेत ही से उसका जीवन है। इससे कर्म सज्ञा का निषेध नहीं हुआ।

३६-वा०-अकर्मकग्रहणे कालकर्मणामुपसंख्यानम् × ॥ १ । ४ । ५२ ॥

जो अकर्मक धातुओं का सूत्र में ग्रहण है वहां कालकर्म वाले धातुओं का भी ग्रहण समझना चाहिये। जैसे—मासमास्ते देवदत्त', मासमासयति देवदत्तम्। यहा मास प्रथम कर्म है अणि के कर्ता देवदत्त की कर्म संज्ञा होके द्वितीया विभक्ति हो गई है।

३७-हृक्रोरन्यतरस्याम् ॥ ३७ ॥अ० १ । ४ । ५३॥

हृ और कृ धातु का जो अण्यन्तावस्था कर्ता है वह ण्यन्तावस्था में विकल्प करके कर्म सज्ञक हो। जैसे-अभ्यवहारयति सैन्धवान् सैन्धवैर्वा, विकारयति सै-धवान् सैन्धवैर्वा ❀।

---

‡ यह वार्तिक सूत्र से ही सबन्ध रखता है। भक्ष धातु के अनेकार्थ होने से सामान्य अर्थों में भक्ष धातु के अणिकर्ता की कर्म सज्ञा प्राप्त है। सो जहां हिंसा अर्थात् पीडा पहुँचाना अर्थ हो वहीं अणिकर्ता की कर्म सज्ञा हो और अहिंसा में निषेध हो जावे।

× कालकर्म वाले धातु अकर्मकों के समान समझे जाते हैं, इसलिये अकर्मकों के साथ इन का उपसख्यान किया है।

❀ धातुओं के अनेकार्थ होने से कई अर्थों में कर्मसज्ञा प्राप्त है और

३८-वा०-हंक्रोर्वा वचनेऽभिवादिदृशोरात्मनेपद उपसंख्यानम् ॥ १ । ४ । ५३ ॥

जो अभि पूर्वक वद और दृश धातु का अणि में कर्ता है वह णयन्तावस्था मे कर्म संज्ञक विकल्प करके हो, आत्मनेपद में। जैसे-अभिवदति गुरुं देवदत्तः, अभिवादयते गुरुं देवदत्तेन देवदत्तं वा, पश्यन्ति भृत्या राजानं, दर्शयते भृत्यै राजा, दर्शयते भृत्यान् राजा। यहां अभि पूर्वक वद धातु शब्दकर्मक और दृश धातु बुद्ध्यर्थक है वहां तो पूर्व सूत्र से कर्मसंज्ञा प्राप्त थी, अन्य अर्थ मे नहीं। इस वार्तिक से सर्वत्र विकल्प करके हो जाती है। इसी से यह प्राप्ताप्राप्त विभाषा कहाती है।

[३-करण कारक]

३९-साधकतमं करणम् ॥ अ० १ । ४ । ४२ ॥

जो क्रिया की सिद्धि करने में मुख्य साधक हो, वह कारक करण संज्ञक हो। इसका फल—

४०-कर्मकरणयोस्तृतीया ॥ अ० २ । ३ । १८ ॥

अनभिहित कर्ता और करण कारक में तृतीया विभक्ति हो। कर्ता-जैसे-देवदत्तेन कृतम्, देवदत्तेन क्रियते। देवदत्त ने किया, यहां देवदत्त कर्ता [है]। करण-दात्रेण यवान् लुनाति, परशुना काष्ठं भृश्नति क्ष इत्यादि। दरांति से जवों को काटता और फुल्हाड़े से लकड़ी को काटता है, यहां दरांति और फुल्हाड़ा करण हैं।

कहां से कहीं। शैव-अश्यव और आदूरांक ह भाव प्रत्ययसामान्यांक है कहीं प्राप्त है, अन्यत्र नहीं, तथा विकरांक शृधातु अदादिगांक और कहीं अदर्शनांक है कहीं प्राप्त, अन्यत्र अप्राप्त। इस प्रकार यह प्राप्ताप्राप्त विभाषा है।

* यहां (लुनाति) छेदन का लुनना और (भृश्नति) दहन का

४१-वा०-तृतीयाविधाने प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम् ॥ २ । ३ । १८ ॥

प्रकृति आदि शब्दों से भी तृतीया विभक्ति हो। प्रकृत्या दर्शनीयः। यह स्वभाव से देखने योग्य है। प्रायेण वैयाकरणः। यह बहुधा व्याकरण भी पढ़ा है इत्यादि। यहां अनभिहित कर्ता करण कारकों के न होने से तृतीया विभक्ति नहीं प्राप्त थी, सो इस वार्तिक से विधान की है। प्रकृति आदि शब्द बहुत हैं, सो अष्टाध्यायी महाभाष्य के पढ़ने से आवेंगे ❀।

४२-सहयुक्तेऽप्रधाने ॥ अ० २ । ३ । १९ ॥

सह शब्द युक्त अप्रधान कर्ता कारक में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-पुत्रेण सहागतः पिता। पुत्र सहित पिता आया इत्यादि। यहां पुत्र अप्रधान है उस में तृतीया विभक्ति हो गई प्रधान पिता में न हुई।

४३-येनाङ्गविकारः ॥ अ० २ । ३ । २० ॥

जिस अङ्ग अवयव से शरीर का विकार जाना जाय, उस अवयव में तृतीया विभक्ति हो। जैसे-शिरसा खल्वाटः, अक्ष्णा काणः। यह शिर से खल्वाट और आंख से काणा है इत्यादि।

४४-इत्थंभूतलक्षणे ॥ अ० २ । ३ । २१ ॥

काटना इन क्रियाओं के मुख्य साधन शस्त्र और कुल्हाड़ी हैं, इन के बिना दक्ष क्रिया कदाचित् नहीं हो सकती।

† यहां से ले के तृतीया विभक्ति विधायक प्रकरण में जो कुछ सूत्र वार्तिक हैं वे अपूर्व विधायक इसलिये समझे जाते हैं कि उन में तृतीया किसी से प्राप्त नहीं है। ❀ प्रकृति आदि शब्दों का संग्रह गणपाठ के (२१वां गण पृष्ठ १२) में देखो। प्र० भी०।

इत्थंभूत अर्थात् इस प्रकार का वह है, इस अर्थ में वर्तमान प्रातिपदिक से तृतीया विभक्ति होवे। जैसे–अपि भवान् मेखलया ब्रह्मचारिणमद्राक्षीत्, धर्मेण सुखम्, पापेन दुःखम् इत्यादि। यहां मेखला शब्द से ब्रह्मचारी का स्वरूप, धर्म से सुख और पाप से दुःख जाना जाता है। इत्थंभूत से भिन्न में तृतीया विभक्ति न हो। जैसे–वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत् इत्यादि।

४५–संज्ञोऽन्यतरस्यां कर्मणि * ॥४५॥अ०२।३।२२॥

संपूर्वक ज्ञा धातु के अनभिहित कर्म में तृतीया विभक्ति विकल्प कर के होवे, पक्ष में द्वितीया हो। मात्रा संजानीते बालः, मातरं संजानीते बालः।

४६–हेतौ ॥ ४६ ॥ अ० २ । ३ । २३ ॥

हेतुवाची शब्द में तृतीया विभक्ति हो। विद्यया यशः †। विद्या से कीर्ति होती और—धनेन दानम्। धन से दान होता है इत्यादि।

४७–वा०–निमित्तकारणहेतुषु सर्वासां प्रायदर्शनम्॥४७॥

निमित्त कारण और हेतु इन तीन शब्दों और इन के सम्बन्धी शब्दों से सब विभक्ति बहुल करके होती हैं। जैसे–[निमित्त–] किं निमित्तं वसति, पठति, गच्छति, आयाति, करोति, तिष्ठति, इत्यादि। येन निमित्तेन, कस्मै निमित्ताय, कस्मान्निमित्तात्, कस्य

---

* यहां अनभिहित कर्म में द्वितीया ही प्राप्त है तृतीया नहीं, इस कारण यह अप्राप्त विभाषा है। और उसी द्वितीया का अपवाद यह तृतीया समझी जाती है। पक्ष में द्वितीया भी होती है।

† हेतु उसको कहते हैं कि जिस के साथ जिसका प्रयोग हो उसका निमित्त कारण समझा जावे, यहां भी विद्या यश का निमित्त कारण

निमित्तस्य, कस्मिन्निमित्ते च। कारण-किङ्कारणम्, केन कारणेन, कस्मै कारणाय, कस्मात् कारणात्, कस्य कारणस्य, कस्मिन् कारणे च वसति। हेतु-को हेतुः, कं हेतुम्, केन हेतुना, कस्मै हेतवे, कस्माद्धेतो, कस्य हेतोः, कस्मिन् हेतौ च वसतीत्यादि ‡।

४८-अकर्तर्यृणे पञ्चमी ॥ ४८ ॥ अ० २।३।२४ ॥

ऋण अर्थ में कर्ता भिन्न हेतु वाची शब्दों से पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे-शताद् बद्धः इत्यादि। ऋणी को सौ रुपये ऋण होने के कारण ऋण वाले ने बांधा। यहां 'अकर्तरि' ग्रहण इसलिये है कि-"शतेन बन्धितः" यहां सौ रुपयों से बंधवाया। इस प्रयोजक कर्ता की विवक्षा होने से पञ्चमी विभक्ति न हुई।

४९-विभाषा गुणेऽस्त्रियाम् ॥ अ० २ । ३ । २५ ॥

स्त्रीलिङ्ग को छोड़ के पुलिङ्ग वा नपुंसक लिङ्ग में वर्तमान जो गुणवाची हेतु शब्द उससे विकल्प करके पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे—मौढ्याद् बद्धः, मौढ्येन बद्धः इत्यादि। यह मूर्ख जन अपनी मूर्खता से आप ही बंधा है। यहां स्त्रीलिङ्ग का निषेध इसलिये किया है कि "प्रज्ञया पूजितः" इत्यादि यहां पञ्चमी विभक्ति न हो।

५०-षष्ठी हेतुप्रयोगे ॥ अ० २ । ३ । २६ ॥

हेतु शब्द के प्रयोग में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—विद्याया हेतोर्गुरुकुले वसति इत्यादि। विद्या-ग्रहण के हेतु से यह ब्रह्मचारी गुरुकुल में बसता है।

५१-सर्वनाम्नस्तृतीया च ॥ अ० २ । ३ । २७ ॥

‡ निमित्त कारण और हेतु शब्दों से सब वचन, यथायोग्य सब कारक और क्रिया भी होती है। परन्तु इस वचन का मुख्य प्रयोजन आर्ष लोगों के प्रयोग विषय में साधुत्व दर्शाना है।

सर्वनाम वाची विशेषण सहित हेतु शब्द के प्रयोग में तृतीया और षष्ठी विभक्ति हों। जैसे—केन हेतुना कस्य हेतोर्वा वसति इत्यादि। यह जन किस हेतु से बसता है।

अब करण सज्ञा में जो विशेष सूत्र हैं सो लिखते हैं—

५२—दिवः कर्म च ॥ अ० १ । ४ । ४३ ॥

* पूर्व सूत्र से नित्य करण सज्ञा प्राप्त थी, उसका बाधक यह यह सूत्र है। जो दिवु धातु के प्रयोग में साधकतम अर्थात् क्रिया की सिद्धि में मुख्य हेतु कारक है वह कर्म सज्ञक और चकार से करण सज्ञक भी हो। जैसे—अक्षानक्षैर्वा दीव्यति इत्यादि। † पासों से खेलता है।

५३—परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम् ॥अ० १।४।४४॥

यहा भी "साधक०" (कार० ३९) इस पूर्व सूत्र से नित्य करण सज्ञा पाती थी, सो इस सूत्र से करण और पक्ष में सम्प्रदान सज्ञा की है। परिक्रयण अर्थात् जो सब प्रकार खरीदने अर्थ मे साधकतम कारक है, वह सम्प्रदान सज्ञक विकल्प करके हो और पक्ष में करण सज्ञक हो। जैस—शताय शतन वा परिक्रीणाति इत्यादि। सौ रुपया से खरीदता है।

---

* (पूर्वसूत्र) साधकतम करणम् (सूत्र ३९)।

† इत्यादि सूत्रों के उदाहरणों में केवल करण सज्ञा हो के तृतीया विभक्ति प्राप्त थी, उसके ये सूत्र अपवाद हैं। बहुव्यापक उत्सर्ग और अल्प व्यापक अपवाद सज्ञक [होते हैं] उत्सर्ग सूत्रों ही के विषय में अपवाद सूत्र प्रवृत्त होते और अपवाद सूत्रों के विषय में उत्सर्ग सूत्र प्रवृत्त नहीं होते, किन्तु अपवाद विषयों को छोड के उत्सर्ग सूत्रों की प्रवृत्ति होती है। ऐसा सर्वत्र समझना चाहिये [देखो पारिभाषिक, परिभाषा ५५—५७]

[४—सम्प्रदान कारक]

५४—कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् ॥अ० १।४।३२॥

अत्यन्त इष्ट पदार्थ समझ के जिसके लिये देने का अभिप्राय किया जाय वह कारक संप्रदान संज्ञक होवे । इसका फल—

५५—चतुर्थी संप्रदाने ॥ अ० २ । ३ । १३ ॥

संप्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति हो । जैसे—शिष्याय विद्यां ददाति * इत्यादि । आचार्य शिष्य को विद्या देता है ।

५६—वा०—† चतुर्थीविधाने तादर्थ्यं उपसंख्यानम् ॥ २ । २ । १३ ॥

तादर्थ्य अर्थात् जिस कार्य के लिये कारणवाची शब्द का प्रयोग किया हो, उस कार्यवाची शब्द से चतुर्थी विभक्ति होवे । जैसे—यूपाय दारु, कुण्डलाय हिरण्यम् इत्यादि । यह खभा के लिये काष्ठ और कुण्डल के लिये सोना है ।

५७—वा०—कृपि-सपद्यमाने ॥ २ । २ । १३ ॥

जो कृपि धातु का उत्पन्न होने वाला कारक है उसमें चतुर्थी हो । जैसे—मूत्राय कल्पते यवागू, विद्यायै कल्पते बुद्धिमान् इत्यादि । मूत्र के उत्पन्न करने में यवागू और विद्या पढने के लिये बुद्धिमान् समर्थ होता है ।

५८—वा०—उत्पातेन ज्ञाप्यमाने ॥ २ । २ । १३ ॥

---

* यहां अत्यन्त इष्ट पदार्थ विद्या है इसीसे उसकी कर्म संज्ञा हो के द्वितीया हुई है । और विद्या जिस शिष्य के लिये देने का अभिप्राय है उसी की सम्प्रदान संज्ञा होकर चतुर्थी होती है ।

† यहां से आगे चतुर्थी विधान प्रकरण में जितने सूत्र वार्तिक लिखेंगे,

आकाश से बिजली के चमकने और ओले पत्थर आदि गिरने को उत्पात कहते हैं। इस उत्पात से जो बात जानी जावे वहां चतुर्थी विभक्ति होवे। जैसे–वाताय कपिला विद्युदातपायातिलोहिनी। कृष्णा सर्वविनाशाय दुर्भिक्षाय सिता भवेत्॥ पीली बिजली जो चमके तो वायु अधिक चले, इत्यादि।

६८–वा०–हितयोगे च ॥ २। २। १३॥

हित शब्द के योग में चतुर्थी विभक्ति हो। जैसे–हितमरोचकिने पाचनम्, इत्यादि। जिस की रुचि भोजन पर न हो उसके लिये पाचन औषध हितकारी है।

६०–क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः ॥ अ० २। ३। १४॥

अनभिहित कर्म कारक मे द्वितीया विभक्ति पाती थी, उसका अपवाद यह सूत्र है। जहां क्रिया के लिये क्रिया हो, वहां अप्रयुज्यमान धातु के अनभिहित कर्म कारक में चतुर्थी विभक्ति हो। जैसे–वृकेभ्यो व्रजति, वृकान् हन्तुं व्रजति इत्यादि। भेड़ियों को मारने जाता है, यहां जो वृकों को मारना क्रिया है सो हन धातु अप्रयुज्यमान है। यहां कर्म ग्रहण इसलिये है कि–"वृकेभ्यो व्रजत्यश्वेन" अश्व शब्द में चतुर्थी न हो। और स्थानिग्रहण इसलिये है कि–"वृकान् हन्तुं व्रजति" यहां प्रयुज्यमान के होने से चतुर्थी विभक्ति नहीं हुई।

६१–तुमर्थाश्च भाववचनात् ॥ अ० २। ३। १५॥

जहां अप्रयुज्यमान क्रियार्थोपपद धातु के कर्म का वाची तुमर्थ-

डामें संप्रदान संज्ञा के न होने से चतुर्थी प्राप्त नहीं, क्योंकि यहां कर्म से किसी का अभिप्राय सिद्ध नहीं किया जाता। इसलिये यह सूत्र प्रकरण है।

भाववचन प्रातिपदिक हो, वहां उस से चतुर्थी विभक्ति हो। जैसे-इष्टये व्रजति ❀, इष्टि कर्तुं व्रजति इत्यादि। पौर्णमासी आदि में होम करने को जाता है। यहां तुमर्थ ग्रहण इसलिये है कि-'पाकं करोति' यहा चतुर्थी न हो।

६२-नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च ॥

अ० २ । ३ । १६ ॥

नमस्, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् और वषट्, इन शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होवे। नमस्ते रुद्र मन्यवे, स्वस्ति शिष्याय, अग्नये स्वाहा, स्वधा पितृभ्य, अल मल्लो मल्लाय, वषडिन्द्राय इत्यादि †

६३-वा-अलमिति पर्याप्त्यर्थग्रहणं कर्तव्यम् ॥

२ । ३ । १६ ॥

अलं शब्द से सामर्थ्यवाचक का ग्रहण होना चाहिये। क्योंकि ‡

❀ यहां इष्टि शब्द क्रियार्थोपपद करोति धातु का भाववचन कर्म है, और व्रजन क्रिया इष्टि सपादन के लिये है इसी से इसको क्रियार्थी क्रिया कहते हैं।

† प्राण के लिये नमः = अन्न। अग्नि में स्वाहा = संस्कृत हवि। पितरों अर्थात् पिता आदि ज्ञानियों से स्वधा = अर्थात् अपने योग्य सुशिक्षा। मल्ल को जीतने में मल्ल ही समर्थ। इन्द्र बिजली की विद्या ग्रहण करने के लिये उत्तम क्रिया अच्छी होती है।

‡ पूर्व सूत्र में जो अल शब्द पढ़ा है उसी का शेष यह वार्तिक है। अल शब्द के चार अर्थ हैं—भूषण, पर्याप्ति अर्थात् सामर्थ्य, समाप्ति और निषेध। इन सब अर्थों में इसके योग में चतुर्थी प्राप्त थी, सो नियम हो गया कि अल पर्याप्ति अर्थ में हो तो अथवा पर्याप्त्यर्थवाचक अन्य शब्दों के योग में भी हो जावे।

'सम्प्रदान सञ्ज्ञा में कर्म ग्रहण इसलिये है कि "स्नातकाय कन्या ददाति" इत्यादि। ब्रह्मचर्यव्रत से पूर्णविद्या पढ़े हुए सुशील पुरुष को कन्या देता है। यहां कन्या की सम्प्रदान सञ्ज्ञा न हो जावे। "य" और "स" इन दो शब्दों का ग्रहण इसलिय है कि-अप्राप्त की सम्प्रदान सञ्ज्ञा न हो जावे। अर्थात् दिया था, देता है और देगा, अन्यथा अभि प्र न हों तो वर्तमान काल ही में सम्प्रदान सञ्ज्ञा होती, अन्यत्र नहीं।

६६—वा०—कर्मणः करणसंज्ञा वक्तव्या, संप्रदानस्य च कर्मसंज्ञा ॥ १ । ४ । ३२ ॥

इस वार्तिक से कर्म की तो करण और सम्प्रदान की कर्म सञ्ज्ञा होती है। जैसे—पशुना रुद्रं यजते, पशु रुद्राय ददातीत्यर्थ इत्यादि। रुद्र अर्थात् मध्य[1] विद्वान् को पशु देता है। यहां पशु तो कर्म है, उस को करण सञ्ज्ञा हो के तृतीया विभक्ति हो गई। रुद्र नाम किसी मध्यम विद्वान् को पशु देता है।

६७—रुच्यर्थानां प्रीयमाणः ॥ अ० १ । ४ । ३३ ॥

जो रुच्यर्थक धातुओं के प्रयोग में तृप्त होने वाला कारक है वह संप्रदान सञ्ज्ञक हो। जैसे—ब्रह्मचारिणे रोचते विद्या इत्यादि। ब्रह्मचारी अर्थात् नियमपूर्वक विद्या पढने वाला मनुष्य विद्या से प्रसन्न

---

1 यह 'कर्मणा यमभिप्रैति" (का० ५४) सूत्र की व्याख्या-शेष भाग है। यु० मी०।

'अलं कुरुते कन्याम्' यहां भूषण अर्थ में चतुर्थी विभक्ति न हो और "प्रभुर्मल्लो मल्लाय' 'प्रभवति मल्लो मल्लाय' यहा अलं के पर्यायवाची प्रभु और प्रभवति शब्द के योग में भी चतुर्थी विभक्ति हो जावे।

६४—मन्यकर्मण्यनादरे विभाषाऽप्राणिषु ॥ अ० २ । ३ । १७ ॥

इस सूत्र में मन्य निर्देश दिवादि गण के मन धातु का किया है। जहा मन्य धातु के अप्राणि वाची अनभिहित कर्म में तिरस्कार अर्थ विदित होता हो तो वहा विकल्प कर के चतुर्थी विभक्ति हो, पक्ष में द्वितीया। त्वा तृण मन्ये, त्वां तृणाय मन्ये इत्यादि। मैं तुझ को तृण की तुल्य मानता हू, यह तिरस्कार है। यहा दिवादि विकरण के ग्रहण से "त्वा तृण मन्वे" यहा चतुर्थी नहीं होती। यहां मन्य कर्म ग्रहण इसलिये है कि "त्वा तृण जानामि" यहा चतुर्थी न हो। अनादर ग्रहण इसलिये है कि "वाचं मन्ये सरस्वतीम्" यहा चतुर्थी न हो और अप्राणि ग्रहण इसलिये है कि "काक मन्ये त्वाम्" इत्यादि में चतुर्थी विभक्ति न हो।

६५—वा०—अनादावादिष्विति वक्तव्यम् ॥ २ । ३ । १७ ॥

जो इस सूत्र में अप्राणी का ग्रहण किया है उसके स्थान में वार्तिकरूप "अनादावादिषु" ऐसा न्यास करना चाहिये। क्योंकि कहीं २ प्राणी वाची मन्य धातु के कर्म में भी चतुर्थी होती है। जैसे—न त्वा श्वान मन्ये, न त्वा शुने मन्ये इत्यादि। मैं तुझे कुत्ते के समान भी नहीं मानता।

ꣿ यहां मन्य धातु से अनभिहित कर्म में केवल द्वितीया विभक्ति ही होती है, उसी का बाधक यह सूत्र है, और इसीलिये यह अपवाद विधायक कहाती है।

संप्रदान संज्ञा में कर्म ग्रहण इसलिये है कि "स्नातकाय कन्यां ददाति" इत्यादि। ब्रह्मचर्यव्रत से पूर्णविद्या पढ़े हुए सुशील पुरुष को कन्या देता है। यहां कन्या की संप्रदान संज्ञा न हो जावे। "यं" और "स" इन दो शब्दों का ग्रहण इसलिये है कि-अप्राप्त की सम्प्रदान संज्ञा न हो जावे। अर्थात् दिया था, देता है और देगा, अन्यथा अभि प्र न हों तो वर्तमान काल ही में संप्रदान संज्ञा होती, अन्यत्र नहीं।

६६—वा०—कर्मणः करणसंज्ञा वक्तव्या, संप्रदानस्य च कर्मसंज्ञा ॥ १ । ४ । ३२ ॥

इस वार्तिक से कर्म की तो करण और संप्रदान की कर्म संज्ञा होती है। जैसे—पशुना रुद्रं यजते, पशुं रुद्राय ददातीत्यर्थः इत्यादि। रुद्र अर्थात् मध्य[1] विद्वान् को पशु देता है। यहां पशु तो कर्म है, उस को करण संज्ञा हो के तृतीया विभक्ति हो गई। रुद्र नाम किसी मध्यम विद्वान् को पशु देता है।

६७—रुच्यर्थानां प्रीयमाणः ॥ अ० १ । ४ । ३३ ॥

जो रुच्यर्थक धातुओं के प्रयोग में तृप्त होने वाला कारक है वह संप्रदान संज्ञक हो। जैसे—ब्रह्मचारिणे रोचते विद्या इत्यादि। ब्रह्मचारी अर्थात् नियमपूर्वक विद्या पढ़ने वाला मनुष्य विद्या से प्रसन्न

---

१. यह "कर्मणा यमभिप्रैति" (का० ५४) सूत्र की व्याख्या का शेष भाग है। यु० मी०।

२. महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश आदि ग्रन्थों में वसु का अर्थ २४ वर्ष तक अध्ययन करने वाला, रुद्र का अर्थ ४४ वर्ष तक अध्ययन करने वाला और आदित्य का अर्थ ४८ वर्ष तक विद्याध्ययन करने वाला किया है। अतः यहां रुद्र का अर्थ मध्य लिख दिया है। यु० मी०।

और तृप्त होता है। यहां प्रीयमाण ग्रहण इसलिये है कि विद्या शब्द की संप्रदान संज्ञा न हो।

६८–श्लाघह्नुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः ॥अ० १।४।३४॥

श्लाघ, ह्नुङ्, स्था और शप्, इन धातुओं के प्रयोग में जिस को जनावे की इच्छा की जावे वह कारक संप्रदान संज्ञक होवे। जैसे–पुत्राय श्लाघते, जाराय ह्नुते, विद्यायै तिष्ठते, दुष्टाय शपते ❀ इत्यादि। यह स्त्री, पुत्र की प्रशंसा, व्यभिचारी को दूर करती, विद्या के लिये खड़ी और दुष्ट को शाप देती है। यहां ज्ञीप्स्यमान ग्रहण इसलिये है कि जिस को जनावे उसी की संप्रदान सज्ञा होवे, धर्म की न हो जाय। जैसे—पिता पुत्राय धर्मं श्लाघते इत्यादि।

६९–धारेरुत्तमर्णः ॥ अ० १ । ४ । ३५ ॥

जो किसी को ऋण देवे वह उत्तमर्ण कहाता है। जो एयन्त धृ धातु के प्रयोग में उत्तमर्ण कारक है वह संप्रदान संज्ञक हो। जैसे—देवदत्ताय शतं सहस्रं वा धारयति इत्यादि। देवदत्त के सौ वा हजार रुपैये ऋण यज्ञदत्त धरण करता है। यहां देवदत्त ऋण का देने वाला होने से उत्तमर्ण और यज्ञदत्त लेने वाला होने से अधमर्ण कहाता है। यहां शेष कारक के होने से षष्ठी विभक्ति पाती थी, उस का अपवाद संप्रदान संज्ञा हो के चतुर्थी विभक्ति हो जाती है। उत्तमर्ण ग्रहण इसलिये है कि उस सौ वा हजार की संप्रदान संज्ञा न हो जाय।

७०–स्पृहेरीप्सितः ॥ अ० १ । ४ । ३६ ॥

जो स्पृह धातु के प्रयोग में ईप्सित अर्थात् जिस पदार्थ के ग्रहण की इच्छा होती है वह संप्रदान संज्ञक हो। जैसे—धनाय स्पृहयति

❀ यहां दुष्ट को पुकारना है वह उसी को जनाया जाता है, इसलिये वह संप्रदान है।

इत्यादि। भोगी मनुष्य धन मिलने की इच्छा करता है। यहां धन उस को इष्ट है, इस से धन की संप्रदान संज्ञा हो के चतुर्थी विभक्ति हो गई। ईप्सित ग्रहण इसलिये है कि भोग के कर्त्ता की संप्रदान संज्ञा न हो जाय।

७१–† क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः ॥ अ० १ । ४ । ३७ ॥

क्रुध, द्रुह, ईर्ष्य, असूय, इन के तुल्यार्थ धातुओं के प्रयोग में जिस के प्रति कोप किया जाय, वह कारक सम्प्रदान संज्ञक हो। जैसे—क्रुध-दुष्टाय क्रुध्यति, द्रुह-शत्रवे द्रुह्यति, ईर्ष्य-सपत्न्या ईर्ष्यति, असूय-विदुषेऽसूयति; राजा दुष्ट पर क्रोध, शत्रु से द्रोह, सपति की दूसरी स्त्री से अप्रीति और मूर्ख जन विद्वान् की निन्दा करता है। यहां जिस के प्रति कोप हो इस का ग्रहण इसलिये है कि "भिक्षुको भिक्षुकमीर्ष्यति" इत्यादि में सम्प्रदान संज्ञा न हो।

७२–क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म ॥ अ० १ । ४ । ३८ ॥

पूर्व से सम्प्रदान संज्ञा प्राप्त थी, उस का बाधक यह सूत्र है। उपसर्ग युक्त क्रुध और द्रुह धातु के प्रयोग में जिस के प्रति कोप हो वह कारक कर्म संज्ञक हो। जैसे—दुष्टमभिक्रुध्यति, अभिद्रुह्यति वा इत्यादि। यहा उपसर्ग युक्त का ग्रहण इसलिये है कि "दुष्टाय क्रुध्यति, द्रुह्यति वा" इत्यादि में कर्म संज्ञा न हो जाय।

७३–राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः ॥ अ० १ । ४ । ३९ ॥

राध और ईक्ष धातु के प्रयोग में जिस का विविध प्रकार का प्रश्न हो वह कारक सम्प्रदान संज्ञक हो। जैसे—शिष्याय विद्यां राध्नोति, ईक्षते वा गुरुः इत्यादि। आचार्य विद्यार्थी के लिये विद्या

† यह सूत्र कर्मसंज्ञा का अपवाद है।

को सिद्ध और प्रत्यक्ष कराता है। यहां राध और इच्छ धातु का ग्रहण इसलिये है कि इनके योग से अन्यत्र संप्रदान संज्ञा न हो। "यस्य" ग्रहण इसलिये है कि विप्रश्न की संप्रदान संज्ञा न हो जावे।

७४-प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्ता ॥अ० १।४।४०॥

जो प्रति और आङ् पूर्वक श्रु धातु के प्रयोग में पूर्व का कर्ता कारक हो वह संप्रदान संज्ञक होवे। जैसे—पूर्वं देवदत्तो विद्यां याचते, देवदत्ताय विद्यां प्रतिशृणोति, आशृणोति वा विद्वान् इत्यादि। प्रथम देवदत्त विद्या को चाहता है, उस को विद्वान् सुनाता है। "पूर्वस्य" ग्रहण इसलिये है कि विद्वान् की संप्रदान संज्ञा न हो जावे। यहां "प्रति" और "आङ्" का ग्रहण इसलिये है कि अध्यापक की प्रतिज्ञा और आरम्भ से अन्त तक पढ़ना और पढ़ाना चाहिये।

७५-अनुप्रतिगृणश्च ॥ अ० । १ ४ । ४१ ॥

जो अनु और प्रति पूर्वक गृ धातु के प्रयोग में पूर्व का कर्ता कारक हो तो वह संप्रदान संज्ञक हो। जैसे—शान्त्वाय विद्यामनुगृणाति, प्रतिगृणाति वा इत्यादि। शान्तिमान् विद्यार्थी के लिये विद्या का उपदेश करता [है]। इस सूत्र में चकार पूर्व के कर्ता की अनुवृत्ति के लिये है। यह सम्प्रदान कारक पूरा हुआ।

५-[अपादानकारक]

७६-ध्रुवमपायेऽपादानम् ॥ अ० १ । ४ । २४ ॥

ध्रुव उसको कहते हैं कि जो पदार्थों के पृथक् होने में निश्चल रहे, वह कारक अपादान संज्ञक हो। इसका फल—

७७-अपादाने पञ्चमी ॥ अ० २ । ३ । २८ ॥

अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे-ग्रामादागच्छति, वृक्षात् पर्णं पतति इत्यादि। ग्राम से मनुष्य आता है, वृक्ष से पत्ते

गिरते हैं। यहां ग्राम और वृक्ष निश्चल हैं, उन में पञ्चमी हो जाती है।

(प्रश्न) जहां वियोग के बीच में दोनों चलायमान हों वहां किस को अपादान संज्ञा समझनी चाहिये। जैसे—रथात् प्रपतितः, धावतोऽश्वात् पतितः। भागते हुए रथ से गिरा, भागते वा डरते हुए घोडे से गिरा। यहां रथ और घोडे की अपादान संज्ञा नहीं होनी चाहिये, क्योंकि वे तो चलायमान हैं और गिरा हुआ मनुष्य निश्चल होता है।

(उत्तर) जिस रथ वा घोडे के स्थल पीठ से गिरता है वह निश्चल है उसको अपादान संज्ञा होती है।

७८—वा०—पञ्चमीविधाने ल्यब्लोपे कर्मण्युपसंख्यानम् ॥ २ । ३ । २८ ॥

जहां ल्यबन्त क्रिया का लोप हो वहां उसके कर्म में पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे—*प्रासादात् प्रेक्षते = प्रासादमारुह्य प्रेक्षते। यहां ल्यबन्त आरुह्य क्रिया का लोप हुआ है उस के प्रासाद कर्म में पञ्चमी विभक्ति होती है।

७९—वा०—अधिकरणे च ॥ २ । ३ । २८ ॥

जो ल्यबन्त क्रिया का लोप हो तो उस के अधिकरण में पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे—आसनात् प्रेक्षते, आसनमुपविश्य प्रेक्षते, शयनात् प्रेक्षते इत्यादि, आसन और शय्या पर बैठके देखता है। यहां शयन और आसन उपविश्य क्रिया के अधिकरण हैं। उन में सप्तमी की प्राप्ति होने से उसी का यह अपवाद है।

८०—वा०—† प्रश्नाख्यानयोश्च ॥ २ । ३ । २८ ॥

---

* यहां अपादान संज्ञा के न होने से पञ्चमी किसी सूत्र से प्राप्त नहीं थी, किन्तु कर्म में द्वितीया प्राप्त थी, उस का यह अपवाद है।

† यहां से ले के आगे इस पञ्चमी विधान प्रकरण में जितने सूत्र

प्रश्न और आख्यान वाची शब्द से पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे-कुतो भवान् ? पाटलिपुत्राद् । यहां 'कुत' शब्द में प्रश्न वाची होने पाटलिपुत्र शब्द में आख्यान के होने से पञ्चमी विभक्ति हुई है।

८१-वा०-यतश्चाध्वकालनिर्माणम् ॥ २ । ३ । २८॥

जहां से मार्ग और काल का परिमाण किया जाय वहां पञ्चमी विभक्ति हो । मार्गनिर्माण-जैसे—गवीधुमतः सांकाश्यं चत्वारि योजनानि, गवीधुमान् नगर से साकाश्य नगर चार योजन = सोलह कोश दूर है। यहां गवीधुमान् से मार्ग का परिमाण होने से वहां पञ्चमी विभक्ति हो गई। कालनिर्माण-कार्त्तिक्या आग्रहायणी मासे। [कार्तिकी पूर्णिमा से आग्रायणी पूर्णिमा एक मास पर आती है] यहां कार्त्तिकी शब्द में पञ्चमी विभक्ति हो गई है।

८२-वा०-तद्युक्तात् काले सप्तमी ॥ २ । ३ । २८ ॥

जो काल के निर्माण मे पञ्चमी विभक्ति की है उससे उत्तर कालवाची शब्द से सप्तमी विभक्ति हो । जैसे—कार्त्तिक्या आग्रहायणी मासे। यहां मास शब्द मे सप्तमी हुई है।

८३-वा०-अध्वनः प्रथमा च ॥ २ । ३ ॥

मार्ग के निर्माण में जो पञ्चमी विभक्ति की है उस से उत्तर मार्ग वाची शब्द से प्रथमा और सप्तमी दोनों विभक्ति हों जैसे—गवीधुमतः सांकाश्यं चत्वारि योजनानि, गवीधुमतः सांकाश्य चतुर्षु योजनेषु। यहां मार्ग वाची योजना शब्द से प्रथमा और सप्तमी विभक्ति हुई हैं।

८४-अन्यारादितरर्तेदिक्छब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते ॥

अ० २ । ३ । २९ ॥

वार्तिक लिखे हैं, ये सब अपूर्व विधायक समझने चाहियें, क्योंकि यहां किसीसे कोई विभक्ति का विधान नहीं किया है।

अन्य, आरात्, इतर, ऋते, दिशावाची शब्द, अञ्चूत्तरपद, आच् और आहि प्रत्ययान्त अव्यय, इन शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होवे। जैसे, अन्य-अन्यो देवदत्तायज्ञदत्त', आरात्-आराच्छूद्राद् रजकः, इतर-स्वमादितरं न गृह्णीयात्, ऋते-ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः, दिग्वाचीशब्द-पूर्वो ग्रामात् कूपः, अञ्चूत्तरपद-प्राग्ग्रामात् वडागम्, आच्-दक्षिणा कूपाद् वृक्षः, आहि-दक्षिणाहि ग्रामान्दी इत्यादि। यहां दिक् शब्द के ग्रहण अञ्चूत्तरपद के उदाहरण भी सिद्ध हो जाते, फिर अञ्चूत्तरपद ग्रहण से इसलिये है कि आगे के सूत्र से षष्ठी विभक्ति प्राप्त है उस को बाध कर पञ्चमी ही हो जावे।

८५-षष्ठ्यतसर्थप्रत्येन ॥ अ० २ । ३ । ३० ॥

अतसुच् प्रत्ययान्त शब्दों के अर्थों में वर्तमान जो अव्यय शब्द है, उस के योग में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे-दक्षिणतो ग्रामस्य वाटिका, उपरि ग्रामस्य गोशाला इत्यादि। यहां ग्राम शब्द से षष्ठी विभक्ति हुई है।

८६-एनपा द्वितीया ॥ अ० २ । ३ । ३१ ॥

अतसर्थ प्रत्ययों में एनप् प्रत्यय के योग में पूर्व सूत्र से षष्ठी विभक्ति प्राप्त थी, उस का अपवाद यह सूत्र है कि एनप् प्रत्ययान्त अव्यय के योग में द्वितीया हो। जैसे-दक्षिणेन ग्रामं मुञ्जाः इत्यादि। ग्राम से दाहिनी ओर मूज का वन है।

८७-पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम् ॥ अ० २ । ३ । ३२ ॥

पृथक्, विना, नाना, इन तीन अव्यय शब्दों के योग में विकल्प कर के तृतीया विभक्ति हो, पक्ष में पञ्चमी। जैसे—पृथक् स्थानेन, पृथक् स्थानात्; विना घृतेन, विना घृतात्; नाना पदार्थेन, नाना पदार्थात्। यहां जो सिद्धान्तकौमुदी में द्वितीया विभक्ति की अनु-

वृत्ति कर के उदाहरण दिये हैं, वे इसी सूत्र के महाभाष्य से विरुद्ध होने से अशुद्ध हैं।

८८—करणे च स्तोकाल्पकृच्छ्रकतिपयस्यासत्ववचनस्य

॥ अ० २ । ३ । ३३ ॥

करण कारक में वर्तमान जो अद्रव्य वाची स्तोक, अल्प, कृच्छ्र कतिपय शब्द उन से तृतीया और पञ्चमी विभक्ति हों। जैसे—स्तोकेन स्तोकाद् वा मुक्तः, अल्पेनाल्पाद्वा मुक्तः, कृच्छ्रेण कृच्छ्राद्वा मुक्तः, कतिपयेन कतिपयाद्वा मुक्तः इत्यादि, थोड़े, किंचित्, कष्ट और कुछ दिनों में छूट गया। यहां असत्व वचन का ग्रहण इसलिये है कि "अल्पेन जलेन तृप्त" थोड़े जल से तृप्त हुआ, इत्यादि में पञ्चमी विभक्ति न हो। यहां करण ग्रहण इसलिये है कि "अल्पं त्यजति" थोड़े को छोड़ता है इत्यादि में तृतीया पञ्चमी विभक्ति न हों।

८९—दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्यतरस्याम् ॥अ० २।३।३४॥

दूर और समीपवाची और इन के पर्यायवाची शब्दों के योग में विकल्प कर के षष्ठी और पक्ष मे पञ्चमी हों। जैसे दूरं विप्रकृष्टं वा ग्रामस्य, दूरं विप्रकृष्ट वा ग्रामाद् वनम्; अन्तिकं समीपं वा ग्रामस्य ग्रामाद्वाऽऽरामाः इत्यादि। ग्राम के दूर जंगल और समीप बाग हैं। यहां विकल्प की अनुवृत्ति इसलिये है कि पक्ष में पञ्चमी विभक्ति हो जावे।

९०—दूरान्तिकार्थैर्योगे द्वितीया च ॥ अ० २।३।३५ ॥

दूर और समीप वाची तथा इन के पर्याय शब्दों द्वितीया विभक्ति हो। चकार से विकल्प करके षष्ठी और पञ्चमी भी हो। दूरं दूरस्य दूराद्वा, विप्रकृष्टं विप्रकृष्टस्य विप्रकृष्टाद्वा ग्रामस्य पर्वता, अन्तिकमन्तिकस्यान्तिकाद्वा ग्रामस्य शिरीषाः, समीपं समीपस्य समीपाद्वा ग्रामस्य वाटिकाः इत्यादि।

अब अपादान संज्ञा में जो विशेष सूत्र हैं उन्हें लिखते हैं।

६१—भीत्रार्थानां भयहेतुः ॥ अ० १ । ४ । २५ ॥

जो भयार्थ और रक्षार्थ धातुओं के प्रयोग में भय का हेतु कारक है, उस की अपादान संज्ञा हो। जैसे—वृकेभ्यो बिभेति, वृकेभ्य उद्विजते; चोरेभ्यस्त्रायते, चोरेभ्यो रक्षति * इत्यादि। भेड़ियों से डरता और चोरों से रक्षा करता है। यहां भय हेतु का ग्रहण इस लिये है कि "गृहे बिभेति, गृहे त्रायते" इत्यादि में पञ्चमी विभक्ति न हो।

६२—पराजेरसोढः ॥ अ० १ । ४ । २६ ॥

परापूर्वक जि धातु के प्रयोग में असोढ अर्थात् जिसको न सह सके वह कारक अपादान संज्ञक हो। जैसे—अध्ययनात् पराजयते, चलवतो धर्मात्मनो निर्बलोऽधर्मी पराजयते इत्यादि। यहां असोढ ग्रहण इसलिये है कि "शत्रून् पराजयते" इत्यादि में अपादान संज्ञा हो कर पञ्चमी न हो।

६३—वारणार्थानामीप्सितः ॥ अ० १ । ४ । २७ ॥

वारण उसको कहते कि कुछ काम करते हुए को वहां से हटा देना। वारणार्थक धातुओं के प्रयोग में जो अत्यन्त इष्ट कारण है उसकी अपादान सज्ञा हो। जैसे—सस्येभ्यो गां वारयति, निवर्त्तयति, निषेधति वा इत्यादि। धान्य के खेतों से गौओं को हटाता है, इस कारण खेत अत्यन्त इष्ट हुए। यहां ईप्सित ग्रहण इसलिये है कि "गोष्ठे गां वारयति" इत्यादि में अपादान संज्ञा न हो।

---

* यहां वृक और चोर भय के हेतु हैं। इस कारण इनकी अपादान संज्ञा हो कर पञ्चमी विभक्ति होती है।

९४-अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति ॥ अ० १।४।२८ ॥

अन्तर्धि अर्थात् छिप जाने अर्थ मे, जिस से ऐसी इच्छा करे कि मुझको वह न देखे वह कारक अपादान संज्ञक हो। जैसे—उपाध्यायाद् बालोऽन्तर्धत्ते इत्यादि। पढ़ाने हारे से लड़का छिपता है यहां अन्तर्धि ग्रहण इसलिये है कि "दुष्टान् दिदृक्षते" इत्यादि में अपादान संज्ञा न हो। इच्छति ग्रहण इसलिये है कि देखने की इच्छा न हो और सामने से दिखाता हो तो भी अपादान संज्ञा न हो।

९५-आख्यातोपयोगे ॥ अ० १ । ४ । २९ ॥

जो उपयोग अर्थात् नियमपूर्वक पढ़ने में पढ़ाने वाला कारक है उस की अपादान संज्ञा हो। उपाध्यायादधीते इत्यादि। वेतन लेने वाले से पढता है। यहां उपयोग ग्रहण इसलिये है कि "नटस्य वचः शृणोति" इत्यादि में नियमपूर्वक विधान के न होने से अपादान कारक संज्ञा न हो।

९६-जनिकर्तुः प्रकृतिः ॥ अ० १ । ४ । ३० ॥

जन धातु का जो कर्ता उसकी प्रकृति अर्थात् जो कारण है वह अपादान सज्ञक हो। जैसे—अग्नेर्धूमो जायते, * अव्यक्तात् कारणाद् व्यक्त कार्यं जायते। अग्नि से धुंआ और सूक्ष्म अदृश्य नित्य-स्वरूप कारण से स्थूल, दृश्य, अनित्य रूप कार्य उत्पन्न होता है। यहां प्रकृतिग्रहण इसलिये है कि "पुत्रो मे गौरो जायते" इत्यादि में कारण की अपेक्षा न होने से अपादान संज्ञा नहीं होती ॥

९७-भुवः प्रभवः ॥ अ० १ । ४ । ३१ ॥

प्रभव उस को कहते हैं कि जहां से कोई पदार्थ उत्पन्न हुआ हो। जो भू धातु के कर्ता का प्रभव कारक है वह अपादान संज्ञक

---

* यहां जन धातु का कर्ता धूम है, उसकी प्रकृति कारण अग्नि है। इससे उस की अपादान संज्ञा होकर पञ्चमी होती है।

हो] हिमवतो गङ्गा प्रभवति । हिमवान् पर्वत से गङ्गा उत्पन्न होती है। इसलिये हिमवान् शब्द की अपादान संज्ञा हो के पञ्चमी विभक्ति हुई है। अपादानकारक प्रकरण पूरा हुआ ।

अब इस के आगे षष्ठी कारक[1] लिखेंगे, इस में संज्ञाप्रकरण नहीं है।

६-[शेषकारक]

९८-षष्ठी शेषे ॥ अ० २ । ३ । ५० ॥

भा०—कर्मादीनामविवक्षा शेषः । जहां कर्म आदि कारक संज्ञा की विवक्षा न हो वह शेष कहलाता है उस में षष्ठी विभक्ति हो । जैसे—राज्ञः पुरुषः, वृक्षस्य शाखाः, मृत्तिकाया घटः इत्यादि ।

९९-गोऽविदर्थस्य करणे ॥ अ० २ । ३ । ५१ ॥

जो अविदर्थ अर्थात् अज्ञानार्थ ज्ञा धातु उस के करण कारक में षष्ठी विभक्ति होवे । जैसे—अग्निः सर्पिषो जानीते, क्ष मधुनो जानीते । अग्नि घी और शहद से प्रज्वलित होता है । यहां अविदर्थ ग्रहण इसलिये है कि "गौः स्वरेण वत्सं जानाति" इत्यादि में षष्ठी न हो ।

१००-अधीगर्थदयेशां कर्मणि ॥ अ० २।३।५२ ॥

अधि पूर्वक स्मरण अर्थ वाला इक् इस के अर्थ के जो अन्य धातु तथा दय और ईश इन के अनभिहित कर्म में षष्ठी विभक्ति हो ।

---

१. देखो भूमिका की हमारी टिप्पणी । यु० मी० ।

* यहां सर्पिः घी और मधु शहद ज्ञा धातु के प्रयोग में साधकतम होने से करण है वहां तृतीया विभक्ति प्राप्त थी, उस का अपवाद यह षष्ठी का विधान किया है । परन्तु अर्थ तृतीया का ही बना रहता है । जैसे—घी और मधु से अग्नि बढ़ता है ।

जैसे—अधीगर्थ-मातुरध्येति बालः, पितुः स्मरति बालः। दय-दुःखि-तस्य दयते। ईश-ग्रामस्येष्टे। यहा सर्वत्र द्वितीया प्राप्त थी उस की बाधक षष्ठी है। और कर्म ग्रहण इसलिये है कि "मातृगुणैः स्मरति बालः" यहां करणवाची गुण शब्द के होने से षष्ठी विभक्ति नहीं हुई।

१०१-कृञः प्रतियत्ने ॥ अ० २ । ३ । ५३ ॥

जो प्रतियत्न अर्थ में वर्तमान कृञ् धातु हो तो उस के शेष कर्म में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—एधोदकस्योपस्कुरुते †। पाककर्ता इन्धन जल तथा अन्य सब भोजन की सामग्री समीप धर के पाक बनावे।

१०२-रुजार्थानां भाववचनानामज्वरेः ॥अ० २।३।५४॥

यहां भाववचन शब्द से कर्तृस्थभावक रुजार्थ धातु समझे जाते हैं। जिन धातुओं के कर्त्ता में धातु का अर्थ रहता है, ऐसे रुजार्थक धातुओं में से ज्वर धातु को छोड के उन के शेष कर्म ‡ में षष्ठी हो। जैसे—चोरस्य रुजति, चोरस्यामयति इत्यादि। यहा रुजार्थक ग्रहण इसलिये है कि "ग्राम गच्छति" इत्यादि मे षष्ठी न हो और भाववचन ग्रहण इसलिये है कि "नदी कूलानि रुजति" यहां कर्मस्थ भावक रुज धातु के कर्म में षष्ठी न हो, और ज्वर धातु का निषेध इसलिये है कि "बाल ज्वरयति ज्वर." यहां कर्म में षष्ठी न हो।

१०३-वा०-अज्वरिसंतापीनिति वक्तव्यम् ॥ अ० २ । ३ । ५४ ॥

जहा ज्वर धातु के कर्म मे षष्ठी का निषेध किया है, वहा सपूर्वक

---

† यहां प्रतियत्न अर्थ में ही कृञ धातु को सुट् का आगम कहा है। एधोदक शब्द कृञ धातु का कर्म है उस में द्वितीया प्राप्त है सो न हो।

‡ शेष कर्म के कहने से प्रयोजन यह है कि जिस कर्म में द्वितीया की विवक्षा न हो।

तापि धातु का भी समझना चाहिये। जैसे—चोरं सन्तापयति दुष्कर्म। यहां इस वार्तिक से षष्ठी का निषेध हो के द्वितीया हुई।

१०४—आशिषि नाथः ॥ अ० २ । ३ । ५५ ॥

जो आशीर्वचन अर्थ में वर्तमान नाथ धातु हो तो उस के शेष कर्मकारक में षष्ठी विभक्ति होवे। जैसे—सर्पिषो नाथते, मधुनो नाथते ❀ यहां आशिष् शब्द से इच्छा ली जाती है। इसलिये कर्मवाची सर्पिस् शब्द में षष्ठी विभक्ति हुई। आशिषि ग्रहण इसलिये है कि "शत्रं नाथते" यहां षष्ठी न हो।

१०५—जासिनिप्रहणनाटक्राथपिषां हिंसायाम् ॥ अ० २ । ३ । ५६ ॥

जासि धातु चुरादि गण का नि और प्र ये उपसर्ग साथ वा पृथक् २ पूर्व हो ऐसा हन, नाट, क्राथ, और पिष इन हिंसार्थक धातुओं के शेष कर्म में षष्ठी विभक्ति होवे। चोरस्योज्जासयति। यहां जासि धातु के चोर कर्म में षष्ठी। निप्रहण—चोरस्य निप्रहन्ति, चोरस्य निहन्ति, चोरस्य प्रहन्ति। नाट—असुरस्योन्नाटयति। क्राथ—दुष्टस्य क्राथयति। पिष—दस्योः पिनष्टि इत्यादि। यहां जासि आदि धातुओं का परिगणन इसलिये है कि "दुष्ट हिनस्ति" इत्यादि में षष्ठी न हो। और हिंसा ग्रहण इसलिये है कि "औषधं पिनष्टि" यहां हिंसा के न होने से षष्ठी न हुई।

१०६—व्यवहपणोः समर्थयोः ॥ अ० २ । ३ । ५७ ॥

समानार्थक जो वि अव पूर्वक हृ और पण धातु इन के शेष कर्म में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—शतस्य व्यवहरति, शतस्य पणा-

---

❀ घी चाहता है, मीठा चाहता है, यहां घी और मीठा नाथ धातु के कर्म हैं यहां षष्ठी द्वितीया की बोध है।

यति इत्यादि। यहां समर्थं ग्रहण इसलिये है कि "विद्वांसं पणायति" यहा पण धातु स्तुति अर्थ में है।-इस कारण से इस के कर्म में षष्ठी नहीं होती।

१०७-दिवस्तदर्थस्य ॥ अ० २ । ३ । ५८ ॥

व्यवहारार्थक दिवु धातु के शेष कर्म में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे-शतस्य दीव्यति इत्यादि। सौ रुपये का व्यवहार करता है।

१०८-विभाषोपसर्गे ॥ अ० २ । ३ । ५९ ॥

उपसर्गपूर्वक व्यवहारार्थक दिवु धातु के शेष कर्म में विकल्प करके षष्ठी विभक्ति हो। शतस्य प्रदीव्यति, शत प्रदीव्यति। यहां षष्ठी के विकल्प से पक्ष में द्वितीया विभक्ति भी होती है।

१०९-द्वितीया ब्राह्मणे ॥ अ० २ । ३ । ६० ॥

ब्राह्मण ग्रन्थों में व्यवहारार्थ दिवु धातु के कर्म कारक मे द्वितीया विभक्ति हो। गामस्य तदह सभाया दीव्यंयु। यहा गौ शब्द कर्म-वाची है उसमें द्वितीया होती है। अनुपसर्ग दिवु धातु के कर्म कारक में नित्य षष्ठी विभक्ति प्राप्त है, सो द्वितीया ही हो इसलिये यह सूत्र है।

११०-प्रेष्यब्रुवोर्हविषो देवतासंप्रदाने ॥अ०२।३।६१॥

जो वह हविष् कर्म, देवता अर्थात् दिव्यगुण होने के लिये दिया जाता हो तो प्र पूर्वक दिवादिगण वाला इष धातु और ब्रू धातु इन के हविष् कर्म में ब्राह्मणग्रन्थ विषय में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—इन्द्राग्निभ्या छागस्य हविषो वपाया मेदसोऽनुब्रूहि ¤। यहा हविष् कर्म है अन्य षष्ठ्यन्त पद उस के विशेषण हैं। यहां "छागं हविर्वपां मेद. प्रेष्य" ऐसा प्राप्त है सो इस सूत्र से षष्ठी विभक्ति हो गई।

¤ अन्न के अर्थ खाने पीने की वस्तु के योग से बिजुली और अग्नि को उपयुक्त कर और सुनकर उपदेश भी कर।

यहां प्र पूर्वक इष और भृ धातु का ग्रहण इसलिये है कि "अग्नये छागं हविषेषा मा जुहोधि" इत्यादि क कम में षष्ठी न हो। हविष-ग्रहण इसलिये है कि 'अग्नये समिध प्रेष्य' यहां समिध् कम में षष्ठी न हो। और देवतासम्प्रदान ग्रहण इसलिये है कि "बालाय पुराडाशं प्रेष्य" यहां देवता क न होने से षष्ठी न हुइ।

१११—वा०—हविषोऽप्रस्थितस्येति वक्तव्यम् ॥

अ० २ । ३ । ६१ ॥

सूत्र से जो हविष् कर्म में षष्ठी कही है सो प्रास्थत विशेषण हो तो न हो, किन्तु द्वितीया ही हो इन्द्राग्निभ्या छागं हविषां मेदः प्रस्थित प्रेष्य। यहा प्रस्थित विशषण के होन से षष्ठी न हुइ।

११२—चतुर्थ्यर्थे बहुल छन्दसि ॥ अ० २।३।६२॥

पूर्वसूत्रों मे ब्राह्मण शब्द से ऐतरेय आदि वेद व्याख्यानों का ग्रहण होता है और यहां छन्दः शब्द स वेदो का ग्रहण होता है, इसलिये इस सूत्र मे छन्द ग्रहण किया है। वेद विषय में चतुर्थी के अर्थ में षष्ठी विभक्ति बहुल करके हो। जैसे—दावाघाटस्ते वनस्पतीनाम्। यहा "वनस्पतिभ्य." एसा प्राप्त था।

११३—वा०—षष्ठ्यर्थे चतुर्थी वक्तव्या ॥अ०२।३।६१॥

षष्ठी के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति कहनी चाहिये। या खर्वेण पिन्वति 'तस्मै' खर्वो जायत, तस्या खर्वो जायत इति प्राप्ते इत्यादि। यहा 'तस्मै' शब्द में षष्ठा के स्थान में चतुर्थी हुई है।

११४—यजेश्च करणे ॥ अ० २ । ३ । ६३ ॥

वेद विषयक यज धातु के करण कारक में बहुल करके षष्ठी विभक्ति हो। घृतस्य घृतेन वा यजत। यहा करण कारक में तृतीया विभक्ति प्राप्त था, सो उस का अपवाद होने से घृत शब्द में तृतीया और षष्ठी दोनो होती हैं।

११५—कृत्वोऽर्थप्रयोगे कालेऽधिकरणे ॥अ० २।३।६४॥

कृत्वसुच् और इस के समानार्थ प्रत्ययान्त प्रातिपदिकों के प्रयोग में जो कालवाची अधिकरण वाचक शब्द हो तो उस से अधिकरण कारक में षष्ठी विभक्ति हो। यहां सप्तमी विभक्ति प्राप्त है उस का अपवाद यह सूत्र है। जैसे—दिवसस्य पञ्चकृत्वो भुङ्क्ते बालः। एक दिन में यह बालक पांच बार खाता है। दिवसस्य द्विरधीते इत्यादि। एक दिन भर में दो बार पढ़ता है। यहां कृत्वोऽर्थप्रयोग ग्रहण इसलिये है कि "दिनमधीते, अयसः पात्रे भुङ्क्ते" इत्यादि में षष्ठी न हो। काल अधिकरण ग्रहण इसलिये है कि "काष्ठं द्विः करोति" इत्यादि में षष्ठी न हो।

११६—कर्तृकर्मणोः कृति ॥ अ० २ । ३ । ६५ ॥

कृदन्त संबन्धी कर्ता और कर्म कारक में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—देवदत्तस्य प्रज्ञा, देवदत्तस्येज्या, पुरां भेत्ता, कूपस्य खनिता। कर्तृ कर्म ग्रहण इसलिये है कि "दात्रेण छेत्ता" इत्यादि में षष्ठी विभक्ति न हो। और कृत् ग्रहण इसलिये है "कृतपूर्वी कटम्" इत्यादि तद्धित के प्रयोग में षष्ठी न हो।

११७—उभयप्राप्तौ कर्मणि ॥ अ० २ । ३ । ६६ ॥

पूर्वसूत्र से कृत् युक्त कर्ता तथा कर्म में सर्वत्र षष्ठी प्राप्त है, उस का नियम करने के लिये यह सूत्र है। जिस कृदन्त के योग में कर्ता और कर्म दोनों में एक साथ षष्ठी प्राप्त हो वहाँ कर्म में षष्ठी और कर्ता में तृतीया हो। जैसे-ओदनस्य पाको देवदत्तेन। यहाँ ओदन कर्म में षष्ठी और अनभिहित के होने से देवदत्त कर्ता में तृतीया हो गई।

११८—वा०—अकाकारयोः स्त्रीप्रत्यययोः प्रयोगे प्रतिषेधो न * ॥ २ । ३ । ६६ ॥

* यह वार्तिक "उभयप्रा०" इसी सूत्र का अपवाद है, क्योंकि कृत्योग

जो 'एलुल्' और 'अ' ये स्त्री प्रत्यय जिन के अन्त में हों उन शब्दों के प्रयोग में कर्ता मे भी षष्ठी विभक्ति 'हो' अर्थात् दोनों में एक साथ हो जावे। जैसे—भेदिका देवदत्तस्य काष्ठानाम्, चिर्कार्षा विष्णुमित्रस्य कटस्य।

११९—वा०—शेषे विभाषा + ॥ २। ३। ६६ ॥

शेष कृदन्त स्त्री प्रत्यय के योग में कर्त्ता मे विकल्प कर के षष्ठी विभक्ति हो। और कर्म मे तो सूत्र ही से नित्य विधान है। जैसे—शोभना खलु पाणिनेः सूत्रस्य कृति, शोभना खलु पाणिनिना सूत्रस्य कृतिः इत्यादि।

१२०—क्तस्य च वर्तमाने ‡ ॥ अ० २। ३। ६७ ॥

जो वर्तमान काल में क्त प्रत्ययान्त शब्द है उस के संबन्ध में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—राज्ञा मतः, राज्ञां बुद्धः, राज्ञां पूजितः। यह विद्वान् राजाओं का मान्य, जाना और सत्कृत है। यहां क्त ग्रहण इसलिये है कि "गुरु भजमानः" यहां कर्म में षष्ठी न हो और वर्तमान ग्रहण इसलिये है कि "ग्रामं गतः" यहां भूतकाल के होने से षष्ठी न हो।

में सामान्य कर के जो षष्ठी का विधान है उस को नियत विषय में रद्द करता है।

+ यह अप्राप्त विभाषा यों समझनी चाहिये कि शेष स्त्री प्रत्यय के योग में कर्तृवाची शब्द से किसी सूत्र कर के षष्ठी प्राप्त नहीं, प्रत्युत "उभयप्रा०" (का० ११७) इस से कर्म का नियम होने से कर्ता का निषेध तो है।

‡ क्त प्रत्यय की निष्ठा संज्ञा होने से आगे "न लोका०" (का०१२३) इस सूत्र कर के षष्ठी का निषेध प्राप्त है। इसलिये यह सूत्र उस का पुरस्तात् अपवाद है।

१२१–वा०–क्तस्य च वर्तमाने नपुंसके भाव उपसंख्यानम् * २ । ३ । ६७ ॥

जो नपुंसक भाव में क्तप्रत्ययान्त है उस के कर्ता में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—छात्रस्य हसितम्, नटस्य भुक्तम्, मयूरस्य नृत्तम्, इत्यादि। विद्यार्थी का हसना, नट का भोजन, मोर का नाचना देखो।

१२२–अधिकरणवाचिनश्च ॥ अ० २ । ३ । ६८ ॥

अधिकरणवाची क्त प्रत्ययान्त के योग में कर्ता में षष्ठी विभक्ति हो। जैसे—इदमेषामासितम्, इदमेषा यातम् †।

१२३–न लोकाव्ययनिष्ठाखलर्थतृनाम् ॥अ०२।३।६९॥

जो कृदन्त के योग मे कर्म मे षष्ठी प्राप्त है, उसी विषय का यह सूत्र निषेध करता है, इसलिये उसी का अपवाद है। (न) (उ) (वक्र) (अव्यय) (निष्ठा) (खलर्थे) और (तृन्)। इन कृत् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में कर्म में षष्ठी विभक्ति न हो (न) अर्थात् जो लकार के स्थान में तिङ्, शतृ, शानच्, कानच्, क्वसु, कि, किन् आदि आदेश होते हैं। जैसे—तिङ्–देवदत्त ओदनं पचति, देवदत्तेनौदनः पच्यते, ग्रामं गच्छति, ग्रामो गम्यते। इत्यादि। 'शतृ–ओदनं पचन्। शानच्–ओदनं पचमानः। कानच्–सूर्य्यमुभयतो दृश्यानः। क्वसु–ग्रामं पेवान। कि किन्–दधिर्गौः। इत्यादि।

---

* यह सूत्र में वर्तमान के पहले से नपुंसक भाव में प्राप्ति नहीं, इसलिये यह भी वार्तिक "न लोका०" (का० १२३) इसी पदयमाण सूत्र का अपवाद समझना ठीक है।

† 'आसितम्' बैठने का स्थान और 'यातम्' चलने का मार्ग है। 'एषा' यह कर्म में षष्ठी है और यह सूत्र भी "न लोका०" (का० १२३) इसी अगले सूत्र का अपवाद है।

ष-कटं चिकीर्षुः, ग्रामं जिगमिषुः, विद्यां पिपठिषुः इत्यादि। उकञ्-सत्यं प्रतिपादुकः। अव्यय-ग्रामं गत्वा। ओदनं भुक्त्वा। निष्ठा-क्त और क्तवतु प्रत्ययान्त के योग में षष्ठी न हो। देवदत्तेन कृतं पयः। कटं कृतवान्। खलर्थ-ईषद्भोज ओदनो भवता, ईषत्पानं पयो भवता। तृन् प्रत्याहार से शानन्, चानश्, शतृ, तृन् इन चार प्रत्ययान्तों का ग्रहण होता है। शानन्—सोम पवमानः। चानश्-पतङ्गानिघ्नान.। शतृ-विद्यां धारयन्। तृन्-लविता यवान्, पठिता वेदान्। इत्यादि।

१२४-वा०-उकप्रतिषेधे कर्मेर्भिषायामप्रतिषेधः ॥ ❀
२। ३। ६६ ॥

वेद से अन्य आर्ष वेदानुकूल ग्रन्थों को भाषा कहते हैं जो उक प्रत्ययान्त के योग में षष्ठी का निषेध किया है वहा उक प्रत्ययान्त भाषा विषयक कर्म धातु के प्रयोग में निषेध न हो, किन्तु षष्ठी विभक्ति हो जावे। जैसे—दास्या कामुकः। वृषल्याः कामुकः। दासी और वृषली वेश्या से भोग की इच्छा वाला इत्यादि।

१२५-वा०-अव्ययप्रतिषेधे तोसुन्कसुनोरप्रतिषेधः ❀ ॥
२। ३। ६९ ॥

जो अव्यय के योग में षष्ठी का निषेध किया है, वहां तोसुन् और कसुन् प्रत्ययान्त के याग में षष्ठी का निषेध न हो। जैसे—तोसुन्-पुरा सूर्यस्योदेतोराधेयः। कसुन्-पुरा क्रूरस्य विसृपो विरप्शिन् इत्यादि।

❀ ये दोनों वार्तिक इसी सूत्र के विषय में निषेध का निषेध करके षष्ठी के विधायक हैं। इसलिये "न लोका०" इस के अपवाद हैं।

१२६–वा०–द्विषः शतुर्वचनम् * ॥२।३।६९॥

द्विष धातु से शतृ प्रत्ययान्त के योग में षष्ठी विभक्ति विकल्प करके हो। जैसे—चौरस्य द्विषन्, चोरं द्विषन्। तृन् प्रत्याहार में शतृ प्रत्यय के होने से निषेध प्राप्त था। इसका विकल्प करने के लिये यह तीसरा वार्त्तिक है।

१२७–अकेनोर्भविष्यदाधमर्ण्ययोः ॥ अ० २।३।७० ॥

अक और इन् प्रत्ययान्त शब्द के कर्म में षष्ठी विभक्ति न हो।

१२८–वा०–अकस्य भविष्यतीन आधमर्ण्ये च † ॥

२ । ३ । ७० ॥

अकान्त के योग में भविष्यत् काल और इन के योग में आधमर्ण्य तथा भविष्यत् काल अर्थ लगते हैं। जैसे–यवान् लावको व्रजति। यहा अक के योग में केवल भविष्यत् ही है और "ग्राम गमी" यहां इन्नन्त के योग में भविष्यत्काल में और "शतं दायी" "सहस्रं दायी" यहा आधमर्ण्य है। इत्यादि। यहां भविष्यत् और आधमर्ण्ये में निषेध इसलिये है कि "यवाना लावक" यहा षष्ठी का निषेध न हो, किन्तु षष्ठी हो जावे।

१२९–कृत्यानां कर्तरि वा ॥ अ० २ । ३ । ७१ ॥

कृत्य प्रत्ययान्त के कर्ता में विकल्प करके षष्ठी और पक्ष में एषीया होवे। जैसे–ब्राह्मणेन ब्राह्मणस्य वा पठितव्यम्, देवदत्तेन

---

* इस वार्तिक में अभास त्रिमाया इसलिये है कि "न लोका०" (का० १२३) इससे सर्वथा षष्ठी का निषेध हो चुका है, उस का यह विकल्प से विधान करता है।

† यह भी वार्तिक "कर्तृकर्म०" [का० ११६] इसी का अपवाद है। क्योंकि कर्म में षष्ठी इसी से प्राप्त है।

देवदत्तस्य वा आसितव्यम् इत्यादि। यहां कर्तरि ग्रहण इसलिये है कि "वक्तव्यः श्लोकः" यहां कर्म में षष्ठी न हो। इस सूत्र में महाभाष्यकार ने योग विभाग करके दो अर्थ किये हैं। एक उभयप्राप्त कृत्य प्रत्ययान्त के योग में षष्ठी न हो। जैसे—ग्राममाकृष्ट्या शाला देवदत्तेन इत्यादि। दूसरा कृत्य प्रत्यय के योग में कर्ता में षष्ठी विकल्प करके हो। इसके उदाहरण सूत्र की व्याख्या में लिख चुके हैं।

१३०—तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयाऽन्यतरस्याम् ॥

अ० २। ३। ७२॥

पूर्वसूत्र में विकल्प ग्रहण था फिर दूसरी बार करने का प्रयोजन यह है कि यहां कर्ता की अनुवृत्ति न आवे। तुल्य और इस के पर्यायवाची शब्दों के योग में कर्म में विकल्प करके तृतीया और पक्ष में षष्ठी विभक्ति हो, तुला और उपमा शब्द को छोड के। जैसे—तुल्यः सदृशो वा देवदत्तेन देवदत्तस्य वा विष्णुमित्रः, इत्यादि। यहां तुला और उपमा शब्द का निषेध इसलिये है कि "तुलोपमा वा परमात्मनो नास्ति' यहां परमात्मा शब्द से तृतीया न हुई, शेष के होने से षष्ठी हो गई।

१३१—चतुर्थी चाशिष्यायुष्यमद्रभद्रकुशलसुखार्थहितैः ॥

अ० २। ३। ७३॥

जो आशीर्वचन अर्थ में वर्तमान आयुष्य, मद्र, भद्र, कुशल, सुख, अर्थ और हित हैं इन शब्दों के योग में विकल्प करके चतुर्थी और पक्ष में षष्ठी विभक्ति होवे। जैसे—[आयुष्य-] आयुष्यं शिष्याय शिष्यस्य वा, मद्र-मद्रं बालाय बालस्य वा, भद्र-भद्रं पुत्राय पुत्रस्य वा, कुशल-कुशलं दत्तदत्ताय देवदत्तस्य वा, सुख-सुखं पण्डिताय पण्डितस्य वा। अर्थ-अर्थो देवदत्ताय देवदत्तस्य वा, हित-हितं माणवकाय माणवकस्य वा इत्यादि। यहां आशीर्वचन ग्रहण इसलिये

है कि "आयुष्यमस्य अल्पचर्यम्"[1] इत्यादि में चतुर्थी विभक्ति न हो।

यह शष कारक पूरा हुआ।

[७—अधिकरणकारक]

१३२—आधारोऽधिकरणम् ॥ अ० १ । ४ । ४५ ॥

जिस में पदार्थ धरे जाते हैं वह आधार कहाता है। सो एक की अपेक्षा में दूसरा आधार बन जाता है। परिपूर्ण परमेश्वर में पहुँच के समाप्ति हो जाती है। जो आधार कारक है वह अधिकरण संज्ञक हो। इसका फल—

१३३—सप्तम्यधिकरणे च ॥ अ० ३ । ३ । ३६ ॥

अधिकरण तीन प्रकार का होता है। इसको प्रमाण सहित पूर्व लिख चुके हैं। अधिकरण में और चकार से दूरवाची तथा समीपवाची शब्दों से भी सप्तमी विभक्ति होवे। जैसे—व्यापक—दधि घृतम्, तिलेषु तैलम् * इत्यादि। औपश्लेषिक—कटे शेते, खट्वायां शेते। पीठ आस्ते † इत्यादि। वैषयिक—ते शकुनयः, श्रोत्रे शब्दो विधीयते ‡ इत्यादि। आकाश के विषय [होने से] यहां ख शब्द में सप्तमी विभक्ति हुई है। अब आगे वार्त्तिक लिखेंगे।

---

१. ग्रन्थ के प्रारम्भ में उपक्रम प्रकरण में पृष्ठ ४। सु० मी०

* दही और तिलों के सब अवयवों में घी और तेल व्याप्त रहता है इस कारण इस को व्यापक कहते हैं।

† खटाई, खटिया और आसन पर बैठने वाले का उससे अति निकट सम्बन्ध होता है, इसलिये इस अधिकरण को औपश्लेषिक कहते हैं।

‡ पक्षियों के उड़ने का विषय आकाश और कान का विषय शब्द है, इस कारण यह वैषयिक अधिकरण कहाता है।

१३४–वा०–सप्तमीविधाने क्तस्येन्विषयस्य कर्मण्युप-संख्यानम् ॥ अ० २ । ३ । ३६ ॥

क्त प्रत्ययान्त शब्द से जहां इन् प्रत्यय होता है वहां कर्म कारक में सप्तमी विभक्ति हो । जैसे–असावधीती व्याकरणे छः, परिगणिती याज्ञिकः इत्यादि ।

१३५–वा०–साध्वसाधुप्रयोगे च * ॥२ । ३ । ३६॥

साधु और असाधु शब्द के प्रयोग में भी सप्तमी विभक्ति हो। जैसे—साधुर्देवदत्तो मातरि, असाधव आर्येषु दस्यवः इत्यादि ।

१३६–वा०–कारकाद्दीर्णां च कारकत्वे ॥२।३।३६॥

जहा कारक अपने कृत्य को ठीक ठीक प्राप्त हों वहां उनसे सप्तमी विभक्ति हो । जैसे—ऋद्धेषु भुञ्जानेषु दरिद्रा आसत इत्यादि । संपन्न पुरुष अच्छे अच्छे पदार्थ भोगते और दरिद्र बैठे देखते हैं ।

१३७–वा०–अकारकाद्दीर्णां चाकारकत्वे ॥२।३।३६॥

जहां अयोग्य कारक अपनी अयोग्यता को ठीक २ प्राप्त हों वहां सप्तमी विभक्ति हो । मूर्खेष्वासीनेषु ऋद्धा भुञ्जते, धृपलेष्वासीनेषु ब्राह्मणास्तरन्ति इत्यादि । यहां मूर्ख और धृपल अपनी अयोग्यता को प्राप्त होते हैं, इन्हीं में सप्तमी हुई ।

१३८–वा०–तद्विपर्यासे च ॥ २ । ३ । ३६ ॥

और जहां इन कर्मों के बदलने में अर्थात् अच्छों को बुरों की योग्यता और बुरों को अच्छों की योग्यता हो वहां पूर्व प्रयुक्त शब्दों

---

* यहां अधीत शब्द क्त प्रत्ययान्त इन् विषयक है उस के कर्म व्याकरण शब्द में सप्तमी होती है ।

* यहां से जो वार्तिक हैं, वे किसी के अपवाद नहीं, किन्तु अपूर्व विधायक हैं) क्योंकि वहां किसी सूत्र वा वार्तिक से सप्तमी प्राप्त नहीं है।

में सप्तमी हो जैसे—ऋद्धेष्वासीनेषु मूखा भुञ्जते, ब्राह्मणेष्वासीनेषु घृतलास्तरन्ति इत्यादि ।

१३९—वा०—निमित्तात् कर्मसयोगे ॥ २ । ३ । ३६ ॥

कर्म सयोग में जिस निमित्त के लिये वह कर्म किया जाता है उस निमित्तवाची शब्दों से सप्तमी विभक्ति हो । जैसे—

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम् ।
केशेषु चमरीं हन्ति सीम्नि पुष्कलको हत ॥

(चर्मणि०) चर्म के लिये गैंडे को मारता है (दन्त०) दांतों के लिये हाथी को मारता है (केशेषु०) केशों के लिये चमरी अर्थात् जङ्गली सुरा गौ को मारता है और (सीम्नि पुष्कलको०) कस्तूरी को चाहने वाले कस्तूरिया मृग को मारता है, इस कारण चर्म आदि शब्दों से सप्तमी विभक्ति हो जाती है ‡ ।

१४०—यस्य च भावेन भावलक्षणम् ॥अ० २।३।३७॥

जिस क्रिया से क्रिया का लक्षण किया जाय उस में सप्तमी विभक्ति हो † । जैसे—गोषु दुह्यमानासु गतो दुग्धास्वागतः † । यहां भावेन ग्रहण इसलिये है कि "या जटिल' स मुञ्चते" इत्यादि में सप्तमी न हो ।

१४१—षष्ठी चानादरे ॥ अ० २ । ३ । ३८ ॥

अनादर अर्थ में जिस क्रिया से क्रिया का लक्षण किया जाय वहां षष्ठी विभक्ति और पदार्थ में सप्तमी भी हो । जैसे—आरूढ-

---

‡ गैंडे आदि को मारे बिना चाम आदि की प्राप्ति नहीं हो सकती, फिर चाम आदि वस्तु कैसे मिले, इस कारण चाम आदि इन के मारने में निमित्त है ।

† यहां दोहनकर्म से गमन क्रिया का लक्षण किया जाता है, इस से दोहन क्रिया में सप्तमी हुई ।

मानस्याहूयमाने वा गतः। आहूयमान अर्थात् बुलाते हुए का तिरस्कार करके चला गया। यहां आहूयमान शब्द में षष्ठी और सप्तमी विभक्ति हुई हैं।

१४२–स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैश्च † ॥ अ० २।३।३९॥

स्वामिन्, ईश्वर, अधिपति, दायाद, साक्षिन्, प्रतिभू और प्रसूत इन शब्दों के योग में षष्ठी और सप्तमी विभक्ति हों। जैसे—स्वामिन्-गवां स्वामी, गोषु स्वामी। ईश्वर–पृथव्या ईश्वरः, पृथिव्यामीश्वरः। अधिपति–ग्रामस्याधिपतिः, ग्रामेऽधिपतिः। दायाद–क्षेत्रस्य क्षेत्रे वा दायदः। साक्षिन्–देवदत्तस्य देवदत्ते वा साक्षी। प्रतिभू–धनस्य धने वा प्रतिभूः। प्रसूत–गवां प्रसूतः, गोषु प्रसूतः। इस सूत्र में स्वामिन्-आदि शब्दों के योग में शेष कारक के होने से सर्वत्र षष्ठी प्राप्त थी, सो सप्तमी भी हो जावे इसलिये यह सूत्र है।

१४३–आयुक्तकुशलाभ्यां चासेवायाम् ॥अ० २।३।४०॥

जो आसेवा अर्थ में वर्तमान आयुक्त और कुशल शब्द हैं, उनके योग में षष्ठी और सप्तमी विभक्ति हो। जैसे—आयुक्तः पठनस्य पठने वा, कुशलो लेखनस्य लेखने वा। यहां आसेवा ग्रहण इसलिये है कि "आयुक्तो वृषभः शकटे" इत्यादि में षष्ठी न हो। अधिकरण में सप्तमी तो प्राप्त ही थी, षष्ठी होने के लिये यह सूत्र है।

१४४–यतश्च निर्धारणम् ॥ अ० २।३।४१ ॥

जो समुदायवाची जाति आदि शब्दों से एक का पृथक् करना है उसको निर्धारण कहते हैं जिससे निर्धारण अर्थात् किसी को

† यह चकार षष्ठी और सप्तमी दोनों विभक्तियों का आकर्षण होने के लिये है

पृथक् किया जावे उस से षष्ठी, सप्तमी विभक्ति हों। जैसे—ब्राह्मणानां ब्राह्मणेषु वा देवदत्तः। श्रेष्ठतम, इससे यहां ब्राह्मण शब्द में षष्ठी, सप्तमी हो गई।

१४५—पञ्चमी विभक्ते ॥ अ० २। ३। ४२ ॥

पूर्व सूत्र से निर्धारण अर्थ में षष्ठी, सप्तमी विभक्ति प्राप्त है। उसका अपवाद यह सूत्र है। निर्द्धारण में जिसका विभाग किया जाय उसमें पञ्चमी विभक्ति हो। जैसे—पाटलिपुत्रेभ्यः सांकाश्या आढ्यतराः। इत्यादि जो पूर्वसूत्र से निर्द्धारण होता है वह समुदाय से एक हो का पृथक् भाव समझना और इस सूत्र से एक से दूसरे का विभाग होता है[1]।

१४६—साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः ॥ अ० २। ३। ४३ ॥

जो पूजा अर्थात् सत्कारपूर्वक सेवा करने अर्थ में वर्तमान साधु और निपुण शब्द हों तो इन के प्रयोग में सप्तमी विभक्ति होवे, परन्तु प्रति के योग में इस अर्थ में भी न हो। जैसे—मातरि साधुः, पितरि साधु., मातरि निपुणः, पितरि निपुणः इत्यादि। यहां अर्चा ग्रहण इसलिये है कि "साधुर्देवदत्तस्य पुत्रः" इत्यादि में न हो जाय। प्रति का निषेध इसलिये है कि "साधुर्देवदत्तो मातरं प्रति" यहां प्रति के योग में सप्तमी न हो।

---

१. इसका अभिप्राय यह है कि सजातीयों में किसी को पृथक् करने में पूर्व (१४४) सूत्र की प्रवृत्ति होती है, और जहां सर्वदा भार्थक्य रहता है वहां भेद दिखाने के लिये इस सूत्र की प्रवृत्ति होती है। यद्यपि पाटलिपुत्र और सांकाश्य के रहने वाले प्राग्रूप से एक जाति के हैं, तथापि पाटलिपुत्र और सांकाश्य के भेद से उनका सदा ही भेद रहता है। जहां भेद अभेद दोनों होता है, वहां पूर्वसूत्र (१४४) की प्रवृत्ति होती है। उ०मी०

१४७-वा०-अप्रत्यादिभिरिति वक्तव्यम् ॥
अ० २ । ३ । ४३ ॥

जो प्रति के योग में सप्तमी का निषेध किया है सो प्रति आदि अन्य शब्दो के योग में भी समझा जावे। जैसे—साधुर्देवदत्तो मातर परि, मातरमनु, इत्यादि के योग में भी सप्तमी विभक्ति न हो।

१४८-प्रसितोत्सुकाभ्या तृतीया च ॥अ०२।३।४४॥

जो अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति प्राप्त है उसका अपवाद यह सूत्र है। प्रसित और उत्सुक शब्दों के योग में तृतीया और सप्तमी विभक्ति हों। जैसे—दशै केशेषु वा प्रसित, मात्रा मातरि वा प्रसित, सत्येन सत्ये वा प्रसित। प्रसित कहत हैं जो उस में अतिप्रसक्त हो। गानेन गाने वात्सुक.। उत्सुक कहत हैं जो किसी को प्राप्त करने की इच्छा कर रहा हो।

१४९-नक्षत्रे च लुपि ॥ अ० २ । ३ । ४५ ॥

यहा उस नक्षत्रवाची शब्द का ग्रहण है कि जहा काल अर्थ में प्रत्यय का लुप हो जाता है। लुबन्त नक्षत्र से तृतीया और सप्तमी विभक्ति हों। जैसे—पुष्यण पुष्ये वा कार्यमारभेत इत्यादि। पुष्य नक्षत्र जिस दिन हो उस दिन कार्य का आरम्भ करे।

अब जो अधिकरण संज्ञा के विशेष सूत्र हैं, सो लिखते हैं—

१५०-अधिशीङ्स्थासा कर्म ॥ अ० १ । ४ । ४६ ॥

अधिकरण संज्ञा का अपवाद यह सूत्र है जो अधिपूर्वक शीङ्, स्था और आस धातु का आधार कारक है वह कर्म संज्ञक हो। कर्मकारक में द्वितीया कह चुके हैं। जैसे—खट्वामधिशेते, भूमिमधिशेत। खाट और भूमि में सोते हैं। जैसे—सभामधितिष्ठति, सभामध्यास्त। सभा में बैठा है। यहा अधि उपसर्ग का ग्रहण इसलिये है कि "खट्वाया शेते, सभायामास्ते" इत्यादि में न हो।

१५१–अभिनिविशश्च ॥ अ० १ । ४ । ४७ ॥

यहां मण्डूकप्लुतगति मान के "पञ्चम्यपाङ्०" (का० ५३) इस सूत्र से विकल्प की अनुवृत्ति आती है। जो अभि और नि पूर्वक विश धातु का आधार कारक है वह विकल्प करके कर्म सञ्ज्ञक हो, पक्ष मे अधिकरण सञ्ज्ञा हो जावे। यह कर्मप्रवचनीय गति और उपसर्ग सञ्ज्ञा का अपवाद है। नह्यपवादविषयमुत्सर्गोऽभिनिविशते, नह्यपवादविषय उत्सर्गोऽभिनिविशते । यहा अपवाद विषय शब्द से कर्म सञ्ज्ञा पक्ष मे द्वितीया और अधिकरण-संज्ञा पक्ष में सप्तमी विभक्ति हो जाती है। तथा–सन्मार्गमभिनिविशते, सन्मार्गेऽभिनिविशते इत्यादि।

१५२–उपान्वध्याङ्वसः ॥ अ० १ । ४ । ४८ ॥

यह सूत्र भी अधिकरण सञ्ज्ञा का अपवाद है। जो उप, अनु, अधि और आङ्, उपसर्ग पूर्वक वस धातु का आधार कारक है वह कर्म सञ्ज्ञक हो। पर्वतमुपवसति, अनुवसति, अधिवसति, आवसति वा, ग्राममुपवसति, अनुवसति, अधिवसति, आवसति वा इत्यादि। पर्वत और ग्राम के समीप वा उन के बीच में वास करता है।

यह अधिकरण कारक का प्रकरण और ये सातों कारक पूरे हुए। अब इस के आगे कर्मप्रवचनीय का प्रकरण लिखेंगे, क्योंकि यह भी कारक से ही सम्बन्ध रखता है।

१५३–कर्मप्रवचनीयाः ॥ अ० १ । ४ । ८३ ॥

यहा से आगे कर्मप्रवचनीय का अधिकार है।

सञ्ज्ञा करने का प्रयोजन यही है कि थोड़े अक्षरों के कहने से बहुत अर्थ समझा जावे। जैसे—हाथी, पर्वत, सूर्य, चन्द्र, पृथिवी आदि के कहने से बड़े बड़े अर्थ समझे जाते हैं।

(प्रश्न) कर्मप्रवचनीय इतनी बड़ी संज्ञा क्यों की ?

(उत्तर) भा०—अन्यर्था संज्ञा यथा विज्ञायते, कर्म प्रोक्तवन्तः कर्मप्रवचनीया । जिस से यौगिक संज्ञा समझी जावे । जो शब्द क्रिया को कह चुका हो उस को कर्मप्रवचनीय कहते हैं ।

१५४—कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया ॥ अ० २।३।८ ॥

जहां जहां कर्मप्रवचनीय शब्दों के योग में द्वितीया विभक्तिक हैं वहां वहां इसी सूत्र से होवे । जैसे—शाकल्यस्य संहितामनु प्रावर्षत् इत्यादि । यहां संहिता शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई है ।

१५५—अनुर्लक्षणे ॥ अ० १ । ४ । ८४ ॥

इस सूत्र में लक्षण शब्द हेतु का वाची है । उस हेतु अर्थ में तृतीया विभक्ति थी, उसका अपवाद होने के लिये इस सूत्र का आरम्भ है । नहीं तो (लक्षणेत्थ०) इस आगे के सूत्र से कर्मप्रवचनीय संज्ञा सिद्ध ही थी । जो लक्षण अर्थ में वर्तमान अनु शब्द हो तो वह कर्मप्रवचनीय संज्ञक हो । जैसे—शाकल्यस्य संहितामनु प्रावर्षत इत्यादि । यहां संहिता शब्द में द्वितीया हुई है ।

१५६—तृतीयार्थे ॥ अ० १ । ४ । ८५ ॥

जो तृतीया विभक्ति के अर्थ में वर्त्तमान अनु शब्द है उस की कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो जैसे—नदीमनुगच्छन्ति तृणानि । नदी के जल के साथ तृण चलते हैं, इत्यादि यहां भी नदी शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई ।

१५७—हीने ॥ अ० १ । ४ । ८६ ॥

इस सूत्र में हीन शब्द छोटे का वाची है । सो एक की अपेक्षा में एक छोटा और बड़ा होता ही है, जो हीन अर्थ में वर्तमान अनु हो तो उसकी कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो । जैसे—अनु यास्कं नैरुक्ताः, अनु गोतमं नैयायिकाः, अनु शाकटायनं वैयाकरणाः । यहां यास्क

आदि शब्दों की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होने से उन शब्दों से द्वितीया विभक्ति होती है।

१५८-उपोऽधिके च ॥ अ० १ । ४ । ८७ ॥

जो अधिक और चकार से हीन अर्थ में भी वर्तमान उप शब्द हो तो उस की कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो। इस का फल—

१५९-यस्मादधिकं यस्य चेश्वरवचनं तत्र सप्तमी ॥

अ० २ । ३ । ९ ॥

द्वितीया विभक्ति का अपवाद यह सूत्र है। जिससे अधिक और जिस का ईश्वर वचन अर्थात् वक्ताओं के बीच में अधिक सामर्थ्य कहना हो वहा कर्मप्रवचनीय शब्दों के योग में सप्तमी विभक्ति हो जैसे-प्रजायामुप राजा ❀। अधिक ग्रहण इसलिये है कि-उप शाकटायनं वैयाकरणाः †। यहां न हो इत्यादि।

१६०-अपपरी वर्जने ॥ अ० १ । ४ । ८८ ॥

वर्जन कहते हैं निषेध को। जो वर्जन अर्थ में वर्तमान अप और परि शब्द हैं वे कर्मप्रवचनीय सञ्ज्ञक हों।

१६१-आङ् मर्यादावचने ॥ अ० १ । ४ । ८९ ॥

मर्यादा उस को कहते हैं कि यहा तक यह वस्तु है। उस का कहना, मर्यादा वचन कहाता है, जो मर्यादा वचन अर्थ में वर्तमान आङ् शब्द है, उस की कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो। इन दोनों का फल—

❀ यहां प्रजा के पीछे राजा का अधिक सामर्थ्य है इसलिये उप की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होकर उस के योग में प्रजा शब्द से सप्तमी विभक्ति हुई है।

† शाकटायन में अप वैयाकरण न्यून है। यहां अधिक अर्थ के न होने से द्वितीया ही होती है।

और स्मरण आप ने किया। यहां कर्मप्रवचनीय संज्ञा होने से उपसर्गकाये षत्व नहीं हुवा। पूजा ग्रहण इसलिये है कि "सुपिष्टं किं त्वया" क्या तूने अच्छा सींचा, इत्यादि में कर्मप्रवचनीय संज्ञा नहीं होती।

१६६–अतिरतिक्रमणे च ॥ अ० १ । ४ ९५ ॥

जो अतिक्रमण अर्थात् उल्लङ्घन और पूजा अर्थ में वर्तमान अति शब्द हो तो वह कर्मप्रवचनीय संज्ञक होवे। जैसे—अतिक्रमण–अतिसक्तिमेव भवता। ठीक २ नहीं सींचा किन्तु कीच कर दी। पूजा–अतिसेवितो गुरुत्वया। तू ने गुरु की अति सेवा की। यह पूजा कहाती है। इसका[1] फल यह है कि षत्व का निषेध हो जाता है'। यहां इन दो अर्थों का ग्रहण इसलिये है कि 'सुष्टुतं मया'। कोई अभिमान करता है कि मैंने बड़ी अच्छी स्तुति की, इत्यादि में कर्मप्रवचनीय संज्ञा के न होने से षत्व का निषेध न हुआ।

१७०–अपिः पदार्थसंभावनान्ववसर्गगर्हासमुच्चयेषु ॥ अ० १ । ४ । ९६ ॥

जो पदार्थ, संभावना, अन्ववसर्ग, गर्हा और समुच्चय इन पांच अर्थों में वर्तमान पद इसके योग में अपि शब्द की कर्मप्रवचनीय संज्ञा हो। जैसे—सर्पिषाऽपि स्यात्। थोड़ा घृत भी होना चाहिये। सम्भावना = सम्भव होना–अपिसिञ्चेद् वृक्षशतम्। सम्भव है कि यह मनुष्य सौ वृक्ष तक सींच सके। अन्ववसर्ग = आज्ञा करना–अपिसिञ्च। तू सींच। गर्हा = निन्दाकरना–धिक् ते जन्म यत्पाषाणमपि स्तौषि। तेरे मनुष्यजन्म को धिक्कार है, जो तू पत्थरों की भी

---

1. कर्मप्रवचनीय संज्ञा उपसर्ग संज्ञा की बाधक है, उपसर्ग संज्ञा न होने से षत्व नहीं होता। यु० मी०।

स्तुति करता है । समुच्चय क्रियाओं का इकट्ठा होना अपि-सेवस्व, अपिस्तुहि । सेवन भी कर स्तुति भी कर । इन सब अर्थों में अपि शब्द की उपसर्ग संज्ञा न होने के लिये कर्मप्रवचनीय संज्ञा की है जिससे उक्त प्रयोगों में मूर्द्धन्य षकार न हो जावे । यहां पदार्थादि अर्थों का ग्रहण इसलिये है कि "अपिकृत्य" इत्यादि में कर्मप्रवचनीय संज्ञा होके ल्यप् का निषेध न हो ।

१७१–अधिरीश्वरे ॥ अ० । १ । ४ । ९७ ॥

इस सूत्र में ईश्वर शब्द से समर्थ मनुष्य का ग्रहण समझना चाहिये । जो ईश्वर अर्थ में वर्तमान अधि शब्द है उसको कर्मप्रवचीय संज्ञा हो । अधिग्रामे क्षत्रियः, यह क्षत्रिय ग्राम में समर्थ अर्थात् उसका अधिष्ठाता है । यहां कर्मप्रवचनीय संज्ञा के होने से ङि सप्तमी विभक्ति हो जाती है । यहां ईश्वर ग्रहण इसलिये है कि "खट्वाम-धिशेते" यहां कर्मप्रवचनीय संज्ञा के नहीं होने से द्वितीया विभक्ति हुई है ।

१७२–विभाषा कृञि ॥ अ० १ । ४ । ९८ ॥

जो कृञ् धातु के प्रयोग में युक्त अधि शब्द हो तो वह विकल्प करके कर्मप्रवचनीय संज्ञक हो । अधिकृत्वा अधिकृत्य, यहां जिस पक्ष में कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है वहां † समास के न होने से

---

‡ (सप्तमी विभक्ति) यस्मादधिकं यस्य चेश्वरवचनं तत्र सप्तमी । यह सूत्र पूर्व पृष्ठ (संख्या १५९) लिख आये हैं ।

† जहां कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है, वहां गति संज्ञा नहीं होने पाती, उसके न होने से "गतिश्च" [अष्टा० १ । ४ । ५९] इससे समास भी नहीं होता, समास के न होने से "समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्" [अ० १५३२] इससे ल्यप भी नहीं होता ।

क्त्वा के स्थान में ल्यप् नहीं होता। और जिस पक्ष में कर्मप्रवचनीय संज्ञा नहीं होती, उसमें समास हो के क्त्वा के स्थान में ल्यप् आदेश हो जाता है, इसके अन्य भी बहुत प्रयोजन हैं।

इति श्रीमत्स्वामिदयानन्दसरस्वतीव्याख्याकृतोऽष्टाध्याय्यां कारकीयोऽयं ग्रन्थः समाप्तः॥

वसुरामाङ्कचन्द्रेऽब्दे नभस्यस्यासिते दले।
अष्टम्यां बुधवारेऽयं ग्रन्थः पूर्तिं गतः शुभः॥

संवत् १९३८ भाद्र.वदी बुधवार के दिन यह कारकीय ग्रन्थ श्रीयुत स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने पूरा किया।

॥ ओ३म् ॥

आर्यसमाज के नियम

१—सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं उन सब का आदि मूल परमेश्वर है।

२—ईश्वर सच्चिदानन्दस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्त्ता है, उसी की उपासना करनी योग्य है।

३—वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है। वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परमधर्म है।

४—सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये।

५—सब काम धर्मानुसार, अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहियें।

६—संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।

७—सब से प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्त्तना चाहिये।

८—अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये।

९—प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से संतुष्ट न रहना चाहिये, किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।

१०—सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिये और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें॥

॥ ओ३म् ॥

अथ वेदांगप्रकाशः

सामाश्रिकः

प्रकाशक—
आर्य साहित्य मण्डल लि०, अजमेर.

॥ ओ३म् ॥

अथ वेदाङ्गप्रकाशः

★ तत्रत्यः पञ्चमो भागः ★

सामासिकः

❀ पाणिनीयाष्टाध्यायां चतुर्थो भागः ❀

श्रीमत्स्वामिदयानन्दसरस्वतीकृतव्याख्यासहित ।

श्रीपण्डितयुधिष्ठिरमीमांसकेन संशोध्य
टिप्पणीभिरलङ्कृत

पठनपाठनव्यवस्थायां सप्तमं पुस्तकम्

प्रकाशक—
आर्य साहित्य मण्डल लिमिटेड, अजमेर

प्रथमावृत्ति	सवत् २०१३	मूल्य
१०००	दयानन्दाब्द १३१	॥=) आने

विषय सूची

विषय		पृष्ठ
१. समास की उपक्रमणिका	...	१
२. अव्ययीभाव समास	.	४
३. तत्पुरुष समास	....	११
४. बहुव्रीहि समास	..	४३
५. द्वन्द्व समास	..	५९
६. एकवद्भाव प्रकरण	..	६३
७. एकशेष प्रकरण	..	६८
८. उत्तरपदादेश प्रकरण	....	७५

मुद्रक—
शिरीषचन्द शिवहरे एम० ए०
श्री फ़ाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, अजमेर.

अथ सामासिक भूमिका

समास उसे कहते हैं कि जिसमें अनेक पदों को एक पद में जोड़ देना होता है। जब अनेक पद मिल के एक पद हो जाता है तब पद और एक स्वर होता है। पर [यह] समासविग्रह के जाने बिना कुछ विदित नहीं हो सकता। इसलिये समासविद्या अवश्य जाननी चाहिये।

समास चार प्रकार का होता है

एक अव्ययीभाव, दूसरा तत्पुरुष, तीसरा बहुव्रीहि और चौथा द्वन्द्व। अव्ययीभाव में पूर्वपदार्थ, तत्पुरुष में उत्तरपदार्थ, बहुव्रीहि में अन्य पदार्थ और द्वन्द्व में उभय अर्थात् सब पदों के अर्थ प्रधान रहते हैं। जिसका अर्थ मुख्य हो वही प्रधान कहाता है।

अव्ययीभाव के दो भेद होते हैं। एक पूर्वपदाव्ययीभाव दूसरा उत्तरपदाव्ययीभाव। तत्पुरुष नव प्रकार का होता है। द्वितीया तत्पुरुष, तृतीया तत्पुरुष, चतुर्थी तत्पुरुष, पञ्चमी तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष, सप्तमी तत्पुरुष, द्विगु, नञ् और कर्मधारय। बहुव्रीहि दो प्रकार का है। एक तद्गुणसंविज्ञान, दूसरा अतद्गुणसंविज्ञान। द्वन्द्व भी तीन प्रकार का होता है। एक इतरेतरयोग, दूसरा समाहार और तीसरा एकशेष[1]।

---

१. वस्तुतः एकशेष द्वन्द्व समास का भेद नहीं है, क्योंकि द्वन्द्व समास का विधान अष्टाध्यायी के द्वितीयाध्याय के द्वितीय पाद में किया है और एकशेष का समास प्रकरण से बाहर प्रथमाध्याय के द्वितीय पाद

इस प्रकार से ४ समासों के १६ सोलह भेद समझने योग्य हैं।। और इनमें से अव्ययीभाव, तत्पुरुष और बहुव्रीहि लुक् और अलुक् भेद से दो दो प्रकार के होते हैं। इनके उदाहरण आगे आवेंगे। इन समासों को यथार्थ जानने से सर्वत्र मिले हुए पद, पदार्थ और वाक्यार्थ जानने में अति सुगमता होती है और समस्त पदयुक्त संस्कृत बोलना तथा दूसरे का कहा समझ भी सकता है। यह भी व्याकरण विद्या की अवयव विद्या है जैसी कि सन्धि, विषय और नामिक विद्या लिख आये। यहां जो पठनपाठन के लिये एक उदाहरण वा प्रत्युदाहरण लिखा है इसे देख इसके समान अन्य उदाहरण और प्रत्युदाहरण भी ऊपर से पढ़ने पढ़ाने चाहियें।

इसके आगे प्रकृत जो कुछ लिखा जाता है वह सब "समर्थः पदविधिः" इस सूत्र के भाष्यस्थ वचन हैं जिसको [विशेष] जानने की इच्छा हो वह उक्त सूत्र के महाभाष्य में देख लेवे। "सापेक्षमसमर्थं भवतीति" जो एक पद के साथ अपेक्षा करके युक्त हो वह समर्थ होता है और जो अनेक पदों के साथ आकांक्षित होता है वह प्रायः समास के योग्य नहीं होता। जो सापेक्ष असमर्थ होता है ऐसा कहा जावे तो "राजपुरुषो दर्शनीयः" यहां वृत्ति प्राप्त न होगी। यह दोष नहीं, क्योंकि यहां प्रधान सापेक्ष है, प्रधान सापेक्ष का भी समास होता है अतः जहां प्रधान सापेक्ष है वहां वृत्ति अर्थात् समास होगा। [यदि प्रधान सापेक्ष का समास होता है तो जहां अप्रधान (गौण) सापेक्ष होगा वहां समास नहीं होगा। यथा—] देवदत्तस्य गुरुकुलम्। यह दोष नहीं, यहां षष्ठी गुरुकुल समुदाय की अपेक्षा करती है। [यदि] जहां षष्ठी समुदाय की अपेक्षा

में। परन्तु द्वन्द्व और एकशेष दोनों के विग्रह में चकार की समानता होने से एकशेष को द्वन्द्व के साथ पढ़ा है। यु० मी०।

नहीं करती वहां समास भी नहीं होता तो "किमोदनः शालीनाम्" (यह कौन से शाली अर्थात् चावलों का ओदन है ऐसे अर्थ में) किम् का ओदन के साथ समास प्राप्त नहीं होगा इसलिये—

वा०--स विशेषणानां वृत्तिर्न वृत्तस्य वा विशेषणं न प्रयुज्यत इति वक्तव्यम् ॥

अनेक विशेषण युक्त विशेष्य का समास और समस्त का विशे-- षण के साथ योग होता नहीं। सविशेषण जैसे 'ऋद्धस्य राज्ञः पुरुषः' यहां राजा का विशेषण ऋद्ध होने से पुरुष के साथ राजन् शब्द का समास नहीं होता। वृत्त = राजपुरुषः' इस समस्त राजन् शब्द के साथ ऋद्ध विशेषण का योग भी नहीं हो सकता *।

समास समर्थों का होता है। समर्थ किसको कहते हैं ? पृथक् पृथक् अर्थ वाले पदों के एकार्थीभाव को। यहां अगले वाक्यों में पृथक् पृथक् अर्थ वाले पद हैं। जैसे—राज्ञः पुरुषः। इस वाक्य में "राज्ञः" और "पुरुषः" ये दोनों पद अपने अपने अर्थ के प्रतिपादन करने में समर्थ हैं, और समास होने से इनका एकार्थीभाव हो जाता है। यथा-राजपुरुष इत्यादि प्रयोगों मे समास कृत क्या विशेष

* अर्थात् वही असमर्थ होता है कि जिसका सम्बन्ध अनेक पदों के साथ हो। जैसे राजन् शब्द का सम्बन्ध ऋद्ध और पुरुष के साथ होने से समास न हुआ, वैसे सर्वत्र समझना चाहिये। और जहां अर्थ की प्रतीति होती है वहां तो सविशेषण और वृत्त का भी विशेषण के साथ योग होता है। जैसे 'देवदत्तस्य गुरुकुलम्' यहां कुल के साथ समास और देवदत्त का सम्बन्ध भी हो गया।

है। विभक्ति का लोप[1] अव्यवधान[2] यथेष्ट परस्पर असम्बन्ध[3] एक स्वर[4] एक पद[5] और एक विभक्ति[6] रहती है।

एकार्थीभाव पक्ष में समर्थ पद का अर्थ-संगतार्थः समर्थः, संसृष्टार्थः समर्थः इति। जैसे 'संगतं घृतम्' ऐसा कहने से मिला हुआ अर्थ विदित होता है। वैसे 'संसृष्टोऽग्निरिति' ऐसा कहने से भी उक्त ही अर्थ विदित होता है। और जहां व्यपेक्षा सामर्थ्य होता है वहां "संप्रेक्षितार्थः समर्थः" और "संबद्धार्थः समर्थ" इति यहां अनेक पदों का सम्बन्धमात्र प्रयोजन है इस व्यपेक्षा में अनेक पद अनेक स्वर अनेक विभक्ति वर्तमान रहती हैं। इसलिये समास विद्या को समझ लेना सब मनुष्यों को अत्यन्त उचित है।

इति भूमिका

---

१. जैसे वाक्य में 'राज्ञः पुरुषः' में पृथक् पृथक् विभक्ति होती है वैसे समास में नहीं होती। मध्य की विभक्ति का लोप होता है।
२. जैसे वाक्य में 'राज्ञः अदूरस्य पुरुषः' में बीच में 'अदूरस्य' का व्यवधान है वैसे समास में नहीं होता। ३. वाक्य में परस्पर यथेष्ट सम्बन्ध होता है—'राज्ञः पुरुषः, पुरुषो राज्ञः' वैसा समास में नहीं होता। समास में विषम से राज का पूर्व प्रयोग होता है। ४. वाक्य में 'राज्ञः पुरुषः' दोनों पदों का पृथक् पृथक् स्वर होता है, समास में दोनों का एक स्वर हो जाता है। ५ वाक्य में 'राज्ञः पुरुषः' दो पद होते हैं, समास में 'राजपुरुषः' एक पद बन जाता है। ६. वाक्य में पृथक् पृथक् पद होने से विभक्ति भी पृथक पृथक् होती है, समास में एक विभक्ति होती है।

ओ३म्

अथ सामासिकः

अथ सामासिकः§ प्रारभ्यते। तत्र समासाश्चत्वारः—प्रथमोऽव्ययीभावः, द्वितीयस्तत्पुरुषः, तृतीयो बहुव्रीहिः, चतुर्थश्च द्वन्द्वः।

१—समर्थः पदविधिः † ॥ २ । ३ । १ ॥

‡ समर्थपदयोरयं विधिशब्देन सर्वविभक्त्यन्तः समासः। समर्थस्य विधिः समर्थविधिः, समर्थयोर्विधिः समर्थविधिः, समर्थानां विधिः समर्थविधिः, समर्थाद् विधिः समर्थविधिः, समर्थे विधिः समर्थविधिः। पदस्य विधिः पदविधिः, पदयोर्विधिः पदविधिः, पदानां विधिः पदविधिः, पदाद् विधिः पदविधिः, पदे विधिः पदविधिः। समर्थविधिश्च समर्थविधिश्च [समर्थविधिश्च] समर्थविधिश्च समर्थविधिश्च समर्थविधयः। पदविधिश्च पदविधिश्च [पदविधिश्च] पदविधिश्च पदविधिश्च

§ समासानां व्याख्यानो ग्रन्थः सामासिकः। जिस ग्रन्थ समासों की व्याख्या हो उसका नाम सामासिक है।

† यह सूत्र एक पद और अनेक पदों के सम्बन्ध में साधुत्व विधायक है।

‡ जो यह आगे व्याख्या लिखी जाती है यह सब महाभाष्य की है।

पदविधय. । समर्थविधयश्च पदविधयश्च समर्थ. पदविधिः । पूर्वः समास उत्तरपदलोपी याद्दच्छिकी च विभक्ति. । सामर्थ्यं द्विविधम्—एकार्थीभाव व्यपेक्षा च ।

यह महाभाष्य का वचन है। जिसमें भिन्न २ पदों का एकपद, अनेक स्वरों का एकस्वर, अनेक विभक्तियों को एक विभक्ति हो जाती है, उसको एकार्थीभाव और एकपद का अनेक पदों के साथ सम्बन्ध होने को व्यपेक्षा कहते हैं। सो [एकार्थीभाव सामर्थ्य समास में और व्यपेक्षा सामर्थ्य] प्रत्ययविधान और पराङ्गवद्भाव में जाननी चाहिये। समास का प्रयोजन यह है कि अनेक पदों का एकपद, अनेक विभक्तियों की एक विभक्ति और अनेक स्वरों का एक स्वर होना। "वृत्तिस्तर्हि कस्मान्न भवति—महत्कष्ट श्रित इति। सविशेषणानां वृत्तिर्न वृत्तस्य वा विशेषण न प्रयुज्यत इति"। यहा महत् शब्द विशेषण और कष्ट विशेष्य है। फिर विशेषण सहित जो कष्ट है सा श्रित के साथ समास को प्राप्त नहीं होता और जो समास कर भी लें ता भी कष्ट का श्रित के साथ विशेषण का योग नहीं हो सकता। यहा वृत्ति नाम समास का है॥। इस सूत्र के उदाहरण तथा प्रत्युदाहरण आगे कहेंगे।

२—सुनामन्त्रिते पराङ्गवत् स्वरे ॥ २ । १ । २ ॥

जो आमन्त्रित पद परे हो तो पूर्व सुबन्त को पराङ्गवद्भाव स्वर विधि करने में होवे, अर्थात् आमन्त्रित पद का जो स्वर है वही पूर्व सुबन्त का स्वर हो जावे। सम्बोधन पद के परे सुबन्त पूर्व पद के स्थान में पराङ्गवत् अर्थात् सम्बोधन पद का जो स्वर है वही स्वर हो जाता है। कुण्डेनाटन्, परशुना वृश्चन्, मद्राणा राजन्, करमीराणा राजन्, मगधाना राजन्। सुधिति किम्—पीड्ये पीड्यमान। आमन्त्रित इति किम्-गेहे गार्ग्य। परमहण किम्-पूर्वस्य मामूत्,

देवदत्तस्य कुण्डेनाटन्। स्वर इति किम्-कूपे सिञ्चन्, चर्मे[1] नमन्। पत्वणत्व प्रति पराङ्गवन्न भवति।

३-सुबन्तस्य पराङ्गवद्भावे समानाधिकरणस्योपसंख्यानमनन्तरत्वात् ॥ २। १। २॥

जैसे—तीक्ष्णया सूच्या सीव्यन्, तीक्ष्णेन परशुना वृश्चन्।

४-वा०-अव्ययानां प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

उच्चैरधीयान। नीचैरधीयान॥

५-प्राक् कडारात् समासः ॥ २। १। ३॥

जो इस सूत्र से आगे "कडाराः कर्मधारये"[2] यह सूत्र है वहां तक समास का अधिकार जानना योग्य है।

६-सह सुपा ॥ २। १। ४॥

सहग्रहणं योगविभागार्थम्। सह सुप् समस्यते। केन सह? समर्थेन। अनुव्यचलत्, अनुविशत्। ततः सुपा-[सुपा] च सह सुप् समस्यते। अधिकारश्च लक्षणं च। यस्य समासस्यान्यल्लक्षणं नास्ति, इदं तस्य लक्षणं भविष्यति। उदाहरणम्—अजाकृपाणीयम्। पुनरुत्सूतं वासो दयम्, पुनर्निष्कृतो रथः। ऐसा जानना कि जिस [समास] का विधायक कोई सूत्र न होवे उस समास की सिद्धि करने वाला यह सूत्र है। यहां से आगे तीन पद का अधिकार है। सो ये हैं—सुप्, सह और सुपा।

७-वा०-इवेन सह समासो विभक्त्यलोपः पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वञ्च वक्तव्यम्।

जैसे—वाससीव, कन्येव।

८-अव्ययीभावः ॥ २। १। ५॥

---

१. अकारान्त चर्म शब्द जानना। २. पा० २।१।७०। दु० मी०।

यहां से आगे जो समास कहेंगे, उसको अव्ययीभाव संज्ञा जानना चाहिये । पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः । अव्ययीभाव समास में पूर्वपद का अर्थ प्रधान होता है।

९–अव्ययं विभक्तिसमीपसमृद्धिव्यृद्ध्यर्थाभावात्ययासम्प्रतिशब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथाऽऽनुपूर्व्ययौगपद्यसादृश्यसंपत्तिसाकल्याऽन्तवचनेषु ॥ २ । १ । ६ ॥

विभक्ति से लेके अन्त शब्द पर्यन्त १६ (सोलह) अर्थ हैं इनमें वर्तमान जो अव्यय हैं सो सुबन्त के साथ समास पावें, वह अव्ययीभाव संज्ञक हो । वचन शब्द का विभक्ति आदि सबके साथ योग जानना । विभक्ति–स्त्रीप्रधिकृत्य कथा प्रवर्त्तते [अधि स्त्री, अधि-कुमारी यहां] 'अव्ययीभावश्च' (अष्टा० २।४।१८ ॥ सामा० ३२४) इस सूत्र से नपुंसक लिङ्ग होता है ।

१०–हस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य ॥ १ । २ । ४७ ॥

जो नपुंसक लिङ्ग अर्थ में वर्तमान प्रातिपदिक हो तो उसके अच् को ह्रस्व हो । अधिस्त्रि, अधिकुमारि इत्यादि । नपुंसक इति किम्–सामर्णीः, सेनानीः । प्रातिपदिकस्येति किमर्थम्–काण्डे तिष्ठतः, कुड्ये तिष्ठतः ।

["कृत्तद्धितसमासाश्च" (ना० ४) से प्रातिपदिक संज्ञा और स्यादि की उत्पत्ति होकर—अधिस्त्रि–सु–

११–अव्ययीभावश्च ॥ १ । १ । ५५ ॥

अव्ययीभावसमास की अव्यय संज्ञा होती है । अव्यय संज्ञा होकर—

१२–अव्ययादाप्सुपः ॥ २ । ४ ॥

अव्यय संज्ञक से परे आप् सुप् का लोप होता है । सुप् लोप

होकर—अधिस्त्रि ।] समीपवचने—कुम्भस्य समीपम् उपकुम्भम्, उपमणिकम्, उपशालम् । [सुप् का लुक् प्राप्त होने पर—]

१३—नाव्ययीभावादतोऽम् त्वपञ्चम्याः ॥२।४।८३॥

अदन्त अव्ययीभाव समास से सुप् का लुप् न हो, किन्तु उसको अम् आदेश हो जाय पंचमी को वर्ज के । जैसे—उपराजम्, अधिराजम्, "अनश्च" [सा० ३५] इति टच् । उपमणिकं तिष्ठति, उपमणिकं पश्य, उपकुम्भं पश्यति । अपञ्चम्या इति किम्—उप कुम्भादानय ।

१४—तृतीयासप्तम्योर्बहुलम् ॥ २ । ४ । ८४ ॥

अदन्त अव्ययीभाव समास से तृतीया और सप्तमी को अम् आदेश बहुल करके हो, अर्थात् पक्ष में लुक् हो । जैसे उपकुम्भं कृतम्, उपकुम्भेन कृतम्, उपकुम्भं निधेहि, उपकुम्भे निधेहि ।

